7.	33845	पवार पंकज अरुण	साहित्याचार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, राजीव गांधी परिसर, शृंगेरी
8.	34498	विभा मिश्रा	सिद्धान्तज्यौतिषार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर, लखनऊ
9.	33603	साहिल शर्मा	फलितज्यौतिषार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर, बलाहार
10.	34386	दिव्या शर्मा	सर्वदर्शनाचार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, जयपुर
11.	33210	प्रणव दास	धर्मशास्त्राचार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, अगरतला
12.	34338	तपन कुमार साहु	पुराणेतिहासाचार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर, पुरी
13.	34475	कौशलेश कुमार मिश्र	वेदाचार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर, लखनऊ
14.	34474	अभिषेक कुमार चौबे	वेदाचार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर, लखनऊ
15.	33421	रोशन कुमार	पौरोहित्याचार्य	श्री राम ज्योतिष कर्मकाण्ड संस्कृत महाविद्यालय, मण्डावली, दिल्ली

क्र.सं.	अनुक्रमांक	छात्र का नाम	शास्त्र	परिसर/संस्थान
16.	32036	आरती पांडेय	रामानन्दवेदान्ताचार्य	श्री रघुवर रा.वे. महाविद्यालय, श्री कौशलेन्द्रमठ, पालडी, गुजरात
17.	33623	कोमल देवी कौल	काश्मीर–शैवदर्शनाचार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री रणवीर परिसर, जम्मू
18.	33943	प्रांजल जैन	जैनदर्शनाचार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल
19.	34616	सुतपा दास	बौद्धदर्शनाचार्य	श्री सीताराम वैदिक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, कोलकाता, पश्चिम बंगाल
20.	34123	मीनु पाणिग्राही	सांख्ययोगाचार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर, पुरी
21.	33844	शेखरचन्द्र भट्ट	नव्यन्यायाचार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, राजीव गांधी परिसर, शृंगेरी
22.	33851	शशांक हेगड़े	मीमांसाचार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, राजीव गांधी परिसर, शृंगेरी
23.	33784	वैष्णव् के.वि.	अद्वैतवेदान्ताचार्य	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गुरुवायूर परिसर, गुरुवायूर
24.	21865	सोनम उपाध्याय	....	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर
25.	1173	रामायण मिश्रा	....	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर

4.1.6 पुस्तकालय

लगभग 355159 पुस्तकें ई–ग्रंथालय सॉफ्टवेयर के माध्यम से दर्ज की गई हैं और परिसर की सभी लाइब्रेरी पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत चल रही हैं।

डिजिटलीकरण की प्रक्रिया के तहत लाइब्रेरी की 377 दुर्लभ पुस्तकें सी.एस.यू. आर्काइव के नाम से विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड की गई हैं। पाठकों के लिए ई.बी.एस.सी.ओ. ई–संसाधन भी खरीदे गए हैं।

4.1.7 विक्रय इकाई

विश्वविद्यालय के मुख्यालय में विद्यमान विक्रय इकाई केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के प्रकाशनों को सर्वजन साधारण तक पहुँचाने के लिए निर्गमद्वार के रूप में कार्य करती है। यह इकाई अधोलिखित क्रियाकलापों को सञ्चालित करती है –

- विश्वविद्यालय के प्रकाशनों के विक्रयण हेतु मुख्यालय के विक्रय-केन्द्र का सञ्चालन।
- विभिन्न परिसरों के मान्यता प्राप्त विक्रय-केन्द्रों को विक्रय हेतु पुस्तकों / प्रकाशनों को वितरित करना।
- सम्पूर्ण राष्ट्र में विविध संगठनों द्वारा आयोजित पुस्तक मेलों के दौरान संस्कृत ग्रन्थों के प्रचार एवं विक्रय को बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करना।
- विक्रय अनुभाग द्वारा पुस्तकों के ऑन-लाइन विक्रय हेतु **https://sales.csu- publications.co.in/** पोर्टल के माध्यम से विक्रय सुविधा उपलब्ध कराई गई है; जिसमें भुगतान की प्रक्रिया भी ऑन-लाइन माध्यम से ही किए जाने की सुविधा है। क्रयादेश एवं अधिक जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु ईमेल **sales@csu.co.in** द्रष्टव्य है।

मुख्यालय में विक्रय इकाई द्वारा प्रकाशनों के विक्रय से प्राप्त राशि का विवरण अधोलिखित है –

1.	विश्वविद्यालय द्वारा पुनर्मुद्रित पुस्तकें	रुपये	3,99,312/-
2.	विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित पुस्तकें	रुपये	1,24,03,066/-
3.	ज्ञानदर्शन डी.वी.डी. / सान्द्रमुद्रिकाएँ	रुपये	2,351/-
	कुल योग	**रुपये**	**1,28,04,729/-**

4.1.8 योजना अनुभाग

यह अनुभाग संस्कृत संवर्धन योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार द्वारा अन्तरित निम्नलिखित केन्द्रीय योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु उत्तरदायी है:-

केन्द्रीय योजनाएँ

1. **संस्कृत शिक्षण हेतु वित्तीय सहायता**

   इस योजना के चार भाग क्रमशः (अ), (आ), (इ), (ई) है, जिनका उल्लेख निम्नलिखित है:

   (अ) पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों में संस्कृत अध्यापकों को वित्तीय सहायता।

   (आ) पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों में आधुनिक विषयों के अध्यापकों को वित्तीय सहायता।

   (इ) राज्य सरकार से सम्बधित माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में संस्कृत के अध्यापकों को वित्तीय सहायता।

   (ई) चतुष्पाठी संस्थाओं में संस्कृत अध्यापकों को वित्तीय सहायता।

2. अभागवग्रस्त परिस्थितियों में रहने वाले प्रख्यात संस्कृत पण्डितों को सम्मान राशि के लिए वित्तीय सहायता।

3. संस्कृत संवर्धन के कार्यक्रम/गतिविधियों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता।

4. संस्कृत शास्त्र शिक्षण हेतु शास्त्र विद्वानों अथवा सेवानिवृत संस्कृत विद्वानों की सेवाओं की उपयोगिता के लिए वित्तीय सहायता। (शास्त्र चूड़ामणि)

5. पंजीकृत पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/संस्थाओं के छात्रों के लिए "व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम", संचालित करने के लिए वित्तीय सहायता।

6. संस्कृत पुस्तकों के प्रकाशन, थोक खरीद और दुर्लभ संस्कृत ग्रन्थों के पुनर्मुद्रण।

7. पारम्परिक एवं आधुनिक धारा में नियमित रूप से 9वीं कक्षा से पी.एच.डी. तक संस्कृत/पालि/प्राकृत भाषा को अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए छात्रवृति।

8. अष्टादशी - संस्कृत संवर्धन हेतु अठारह परियोजनाएं।

9. अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा

I. संस्कृत शिक्षण के लिए वित्तीय सहायता

(क) पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों में संस्कृत अध्यापकों को वित्तीय सहायता

इस योजना के अन्तर्गत चयनित संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों में संस्कृत अध्यापकों को रु. 8,000/- प्रतिमाह की दर से तथा दिनांक 01.10.2022 से रु. 20,000/- की दर से एवं अंशकालिक अध्यापकों को रु. 4,500/- की दर से तथा दिनांक 01.10.2022 से रु. 10,000/- की दर से मानदेय इस वर्ष के लिए दिया गया है, तथा छात्रों को आवासीय छात्रवृत्ति रु. 300/- प्रतिमाह की दर से तथा दिनांक 01.10.2022 से रु. 600/- प्रतिमाह की दर से 10 महीनों के लिए वित्तीय सहायता की स्वीकृति दी गयी है।

इस योजना के अन्तर्गत वर्ष 2022-23 में विश्वविद्यालय द्वारा रु. 1258.37 लाख की राशि निर्गत की गई। इस वित्तीय सहायता से 301 संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों में कार्यरत 677 संस्कृत अध्यापकों एवं 2543 आवासीय छात्र/छात्राएँ लाभान्वित हुए हैं। **(संलग्नक-झ)**

(ख) पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों में आधुनिक विषयों के अध्यापकों को वित्तीय सहायता

इस योजना के अन्तर्गत चयनित पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों में आधुनिक विषय के अध्यापकों के लिए मानदेय राशि रु. 8,000/- प्रतिमाह की दर से तथा दिनांक 01.10.2022 से रु. 20,000/- प्रतिमाह की दर से एवं अंशकालिक अध्यापक के लिए मानदेय राशि रु. 4,500/- प्रतिमाह की दर से तथा दिनांक 01.10.2022 से रु. 10,000/- की दर से इस वर्ष के लिए वित्तीय सहायता की स्वीकृति दी गयी है।

इस योजना के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के द्वारा वित्तीय वर्ष 2022-23 में रु. 464.00 लाख की राशि निर्गत की गई। इस वित्तीय सहायता से 197 संस्कृत पाठशालाओं/ महाविद्यालयों में कार्यरत 282 आधुनिक विषय के अध्यापक/अंशकालिक अध्यापक/कंप्यूटर शिक्षक लाभान्वित हुए हैं।

(संलग्नक-ञ)

(ग) राज्य सरकार से सम्बन्धित माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में संस्कृत के अध्यापकों को वित्तीय सहायता

इस योजना के अन्तर्गत जिन राज्यों में राज्य सरकार के द्वारा माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में संस्कृत अध्यापक उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं, उन राज्यों में सरकारी या सरकारी सहायता प्राप्त माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को एक संस्कृत अध्यापक के लिए मानदेय राशि रु. 8,000/- प्रतिमाह की दर से तथा दिनांक 01.10.2022 से रु. 20,000/- की दर से इस वर्ष के लिए वित्तीय सहायता की स्वीकृति दी गयी है।

इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में 35 सरकारी विद्यालयों में 35 संस्कृत अध्यापक लाभान्वित हुए हैं। इस वित्तीय वर्ष में रु. 50.40 लाख की राशि निर्गत की गई। **(संलग्नक-ट)**

(घ) चतुष्पाठी संस्थाओं में संस्कृत के अध्यापकों को वित्तीय सहायता

इस योजना के अंतर्गत चयनित चतुष्पाठी संस्कृत अध्यापकों को रु. 2,000/- प्रतिमाह की दर से तथा दिनांक 01.10.2022 से रु. 5,000/- की दर से मानदेय इस वर्ष के लिए दिया गया है। इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में विश्वविद्यालय द्वारा रु. 57.96 लाख की राशि निर्गत की गई है। इस वित्तीय सहायता से 135 चतुष्पाठी संस्थाओं में कार्यरत 138 संस्कृत अध्यापक लाभान्वित है। **(संलग्नक-ठ)**

II. अभावग्रस्त परिस्थितियों में रहने वाले प्रख्यात संस्कृत पण्डितों को सम्मान राशि के लिए वित्तीय सहायता

इस योजना के अन्तर्गत 65 वर्ष की आयु-सीमा से अधिक आयु वाले प्रसिद्ध योग्य विद्वानों को सम्मानराशि दी जाती है, जिन्होंने संस्कृत के लिये अपना जीवन समर्पित कर दिया है, लेकिन कोई स्थायी आय-स्रोत नहीं है। इस योजना के अन्तर्गत अनुदान समिति के द्वारा चयनित प्रत्येक विद्वान् को रु. 3,000/- प्रति माह की दर से तथा दिनांक 01.10.2022 से रु. 5,000/- की दर से सम्मान राशि इस वर्ष के लिए अन्य आय की कटौती के बिना दी गई हैं। इस योजना के अन्तर्गत कुल 184 संस्कृत पण्डित लाभान्वित है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में रु. 88.32 लाख की राशि निर्गत की गई है।

III. संस्कृत संवर्धन के कार्यक्रम/गतिविधियों के आयोजन के लिए वित्तीय सहायता।

गैर सरकारी संगठन/संस्कृत विश्वविद्यालयों/विश्वविद्यालयों/संस्थाओं द्वारा संस्कृत के विकास एवं प्रचार के लिए विभिन्न कार्यक्रम जैसे संस्कृत विद्वानों का सम्मान, विद्वत सभाओं का आयोजन, संस्कृत की सायंकाल कक्षाएँ, संस्कृत समारोह, सम्मेलन प्रशिक्षण कक्षाएं, अनुसंधान परियोजनाओं, संस्कृत शिक्षण पद्धति का विकास आदि कार्यक्रमों के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 में विश्वविद्यालय द्वारा इस योजना के अन्तर्गत रु. 22.88 लाख की राशि निर्गत की गई। इस योजना के अन्तर्गत कुल 26 संस्थाएँ/विश्वविद्यालय/एन.जी.ओ. लाभान्वित है।

IV. संस्कृत शास्त्र शिक्षण हेतु शास्त्र विद्वानों अथवा सेवानिवृत्त संस्कृत विद्वानों की सेवाओं की उपयोगिता के लिए वित्तीय सहायता। (शास्त्र चूडामणि)

इस योजना के अन्तर्गत पारम्परिक संस्कृत महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों एवं स्वैच्छिक संगठनों में सेवानिवृत्त/प्रख्यात संस्कृत विद्वानों की सेवाओं का उपयोग किया जाता है।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य यह है कि सेवानिवृत्त/ख्याति प्राप्त संस्कृत विद्वानों की सेवा अनुभवों का उपयोग संस्कृत छात्रों और अध्यापकों की शंकाओं को दूर कर परम्परागत पद्धति से शास्त्रीय गहन अध्ययन करके छात्र अपने विषय के महारथी बन सके।

योजना के अनुसार परम्परागत-संस्कृत विद्वानों को रु. 10,000/- प्रतिमाह की दर से तथा दिनांक 01.10.2022 से रु. 20,000/- की दर से दो वर्ष हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गयी है। अनुदान समिति की संस्तुति पर एक वर्ष हेतु इनकी नियुक्ति का कार्यकाल बढ़ाया जा सकता है। वर्तमान में 13 नियुक्त विद्वानों के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2022-23 में 40 शास्त्र चूड़ामणि विद्वानों का चयन किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत रु. 18.98 लाख की राशि निर्गत की गई।

V. पंजीकृत पारंपरिक संस्कृत पाठशालाओं/संस्थाओं के छात्रों के लिए "व्यावसायिक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम" संचालित करने के लिए वित्तीय सहायता।

इस योजना के अन्तर्गत चयनित संस्थाओं को पाण्डुलिपि विज्ञान, रत्नपरीक्षा, फैशन डिजाइन, प्रबंधन, मंदिर संस्कृति, प्राकृतिक भाषा प्रक्रिया, होटल प्रबंधन, पाकशास्त्र, कृषि संवर्धन, अनुप्रयोग, पर्यटन, अतिथि सत्कार/सम्मान, व्यापक ऑनलाईन पाठ्यक्रम, सूचीपत्र, पुरालेख, कर्मकाण्ड, संस्कृत टंकण एवं आशुलिपि, संस्कृत रचना, संशोधन एवं पुरालेख, विकास आदि कार्यशालाओं के आयोजन तथा प्रायोगिक प्रशिक्षण के सञ्चालन हेतु रु. 1,00,000/- प्रत्येक कार्यक्रम के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में रु. 10.90 लाख की राशि निर्गत की गई। इस वित्तीय सहायता से 12 संस्कृत पाठशाला/महाविद्यालय/संस्थाएँ लाभान्वित हुए हैं।

VI. प्रकाशन, पुनर्मुद्रण और थोक खरीद के लिए वित्तीय सहायता।

वर्ष 2022-23 के दौरान विश्वविद्यालय की अनुदान सहायता समिति की बैठक दिनांक 09.02.2023 को आहूत की गई जिसमें प्रकाशन योजनाओं के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई।

वर्ष 2022-23 के लिए थोक-खरीद, प्रकाशन, पुनर्मुद्रण और संस्कृत जर्नल/पत्रिका की योजना के लिए वित्तीय सहायता के तहत विवरण नीचे दिया गया है।

क्र.सं.	योजना का नाम	कुल प्राप्त प्रस्ताव	कुल स्वीकृत प्रस्ताव	कुल स्वीकृत पुस्तकों की संख्या
1.	थोक पुस्तक खरीद	105	103	443
2.	प्रकाशन एवं पुनर्मुद्रण	41	19	19
3.	संस्कृत शोध पत्रिका/पत्रिका/समाचार पत्र	22	20	20

VIII. अष्टादशी परियोजना

मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, उच्च शिक्षा विभाग पत्र संख्या F.No. 1-27/2015. Skt.II dated 18.11.2015 के माध्यम से संस्कृत के विकास के लिए अगले दस वर्षों के लिए दीर्घकालिक विजन और रोडमैप का सुझाव देने हेतु श्री एन्. गोपालस्वामी, कुलाधिपति, राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरुपति की अध्यक्षता में तेरह(13) सदस्यों की समिति गठित की थी। उक्त सन्दर्भ में संस्कृत के विकास को बनाए रखने के लिए समिति की प्रमुख सिफारिशों में से एक प्रमुख सिफारिश अष्टादशी (18 परियोजनाएं) है। रिपोर्ट के अनुसार संस्कृत के विकास इंजन को अत्यधिक आवश्यक बढ़ावा देने के लिए अष्टादशी योजना को एक विशेष मामले के रूप में लिया गया। अष्टादशी परियोजना के प्रमुख क्षेत्र हैं-

1. ज्ञानात्मक साहित्य अनुवाद परियोजना
2. पांडुलिपियों का संपादन एवं प्रकाशन परियोजना
3. डिजिटल एवं ऑन-लाईन परियोजना
4. ग्रीष्मकालीन पाठ्यक्रम परियोजना
5. समकालीन साहित्य परियोजना
6. सांध्यकालीन विद्यालय परियोजना
7. प्रौद्योगिकी अनुकूलन परियोजना
8. कम्प्यूटर शिक्षा परियोजना
9. द्विवार्षिक संस्कृत पुस्तक मेला परियोजना
10. जनता तक संस्कृत पहुँचाना परियोजना
11. शब्दशाला परियोजना
12. दुर्लभ पुस्तकों का पुनः प्रकाशन परियोजना
13. आवासीय प्रशिक्षण परियोजना
14. संस्कृत-आधुनिक विषयों की समेकन परियोजना
15. इंटर्नशिप परियोजना के लिए सहायता
16. बाल साहित्य परियोजना
17. संस्कृत परियोजना के माध्यम से योग
18. संस्कृत माध्यम से आयुर्वेद

रोड मैप कमेटी और पूर्व में मानव संसाधन विकास मंत्रालय (अब शिक्षा मंत्रालय) की सिफारिशों के अनुसार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने अष्टादशी परियोजनाओं के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2022-23 के लिए विश्वविद्यालयों/शैक्षणिक संस्थानों/संगठनों को वित्तीय सहायता के प्रस्तावों को आमंत्रित करने के लिए अधिसूचना जारी की थी। पूर्व-जांच समिति की अधिसूचना और सिफारिशों के अनुसार परियोजनाओं की प्रस्तुति के लिए कुल 80 प्रस्तावों की इंटरफेस मीटिंग बुलाई गई थी। अष्टादशी परियोजनाओं के दिशानिर्देशों और प्रस्तुति की गुणवत्ता के आधार पर उच्चस्तरीय समिति ने 49 परियोजनाओं के लिए लागत रू. 4,99,94,000/- (चार करोड़ निन्यानवे लाख चौरानवे हजार मात्र) सिफारिश की है। फलस्वरूप वित्तीय अनुदान समिति और प्रबंध समिति की मंजूरी के बाद संबंधित संस्थानों को नियमानुसार अनुदान वितरित किया जा रहा है।

4.1.9 छात्रवृत्ति अनुभाग

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तीन प्रकार की छात्रवृत्तियाँ आवंटित करता है -

1. आंतरिक छात्रवृत्ति, जो कि विश्वविद्यालय के अपने परिसरों में पारम्परिक रूप से संस्कृत का अध्ययन करने वाले नियमित छात्रों को प्रदान की जाती है।

2. अखिल भारतीय स्तर पर आधुनिक और पारंपरिक धाराओं के संस्कृत पाठशालाओं/महाविद्यालयों/उच्च/उच्च-माध्यमिक विद्यालयों/कॉलजों में अध्ययनरत छात्रों के लिए छात्रवृत्ति हेतु वित्तीय सहायता।

पूर्वोक्त 1, 2 प्रकार की छात्रवृत्तियों में प्रकार '1' की छात्रवृत्ति (परिसरीय छात्रों को दी जाने वाली आन्तरिक छात्रवृत्ति) अर्हों को विश्वविद्यालय के परिसरों के द्वारा साक्षात् दी जाती है। द्वितीय प्रकार की छात्रवृत्तियाँ भारत सरकार के 'संस्कृत शिक्षा का विकास' योजना के अन्तर्गत प्रदान की जाती है। योजना के अन्तर्गत छात्रवृत्तियों का आवंटन विश्वविद्यालय मुख्यालय के छात्रवृत्ति विभाग द्वारा क्रियान्वित होता है।

आन्तरिक (प्रकार-1) छात्रवृत्तियाँ

प्राक्शास्त्री, शास्त्री, शिक्षा-शास्त्री तथा आचार्य पाठ्यक्रमों के विद्यार्थियों हेतु परिवर्धित छात्रवृत्ति की दर क्रम से 600/- रुपये, 800/- रुपये, 800/- रुपये तथा 1000/- रुपये प्रतिमास है। विद्यावारिधि उपाधि के प्राप्ति हेतु प्रयत्नशील शोध में जुटे शोध-छात्रों को 8000/- रुपये की छात्रवृत्ति प्रतिमाह दी जाती है, साथ ही दो वर्षों के लिए 8000/- रुपये वार्षिक सांयोगिक धनराशि भी दी जाती है। यह सांयोगिक धनराशि की दर दिनांक 18.02.2016 से लागू है।

निम्नलिखित तालिका वर्ष 2022-23 में विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों को दी गई छात्रवृत्तियों का विवरण दर्शाती है :-

		कक्षा											
		प्राक् शास्त्री		शास्त्री			शिक्षा शास्त्री		आचार्य		शिक्षा आचार्य		विद्या-वारिधि
क्र..	परिसर	I	II	I	II	III	I	II	I	II	I	II	
1.	श्री गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	07
2.	श्री सदाशिव परिसर, पुरी	98	36	88	36	36	110	66	190	162	13	-	-
3.	श्री रणवीर परिसर, जम्मू	74	60	96	84	85	110	104	34	68	-	-	05
4.	गुरुवायूर परिसर, त्रिचूर	18	16	25	36	36	47	33	48	44	-	-	-
5.	जयपुर परिसर, जयपुर	29	36	143	72	72	109	104	63	57	03	04	29
6.	लखनऊ परिसर, लखनऊ	51	16	47	40	32	55	23	38	18	-	-	-
7.	श्री राजीव गांधी परिसर, शृंगेरी	17	24	34	34	38	55	33	40	27	-	-	05
8.	वेदव्यास परिसर, बलाहर	85	65	189	79	79	55	33	54	52	-	-	-
9.	भोपाल परिसर, भोपाल	44	18	64	36	36	98	66	35	36	34	11	10
10.	के.जे. सोमैया परिसर, मुम्बई	05	02	13	08	09	51	33	19	09	-	-	-
11.	मुख्यालय, नई दिल्ली	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	-	09
12.	एकलव्य परिसर, त्रिपुरा	22	14	26	02	14	55	33	26	39	-	-	-
13.	श्रीरघुनाथकीर्तिपरिसर, देवप्रयाग	23	04	35	34	22	-	-	09	09	-	-	-
	योग	**466**	**291**	**760**	**461**	**461**	**745**	**528**	**556**	**521**	**50**	**15**	**65**
										कुल योग -			**4919**

छात्रवृत्ति प्रदान किये गए छात्रों, छात्राओं तथा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ावर्ग के छात्रों की कक्षावार संख्या निम्नलिखित है–

कक्षा	अनु. जाति	अनु. जनजाति	पिछड़ा वर्ग	ई.डब्ल्यू.एस.	सामान्य	अन्य	पुरुष	स्त्री	योग
प्राक् शास्त्री-I	28	19	77	06	336	00	316	150	**466**
प्राक् शास्त्री-II	22	14	51	03	199	02	205	86	**291**
शास्त्री-I	62	36	138	24	500	00	486	274	**760**
शास्त्री-II	39	17	90	22	293	00	278	183	**461**
शास्त्री-III	49	21	89	09	293	00	280	181	**461**
आचार्य-I	42	19	132	37	326	00	263	293	**556**
आचार्य-II	35	16	120	15	334	01	249	274	**521**
शिक्षा शास्त्री-I	101	52	207	100	232	00	335	410	**745**
शिक्षा शास्त्री-II	51	30	164	19	263	01	257	271	**528**
शिक्षा आचार्य-I	02	02	10	11	25	00	38	12	**50**
शिक्षा आचार्य-II	00	00	00	05	10	00	11	04	**15**
विद्यावारिधि	00	00	07	15	43	00	40	25	**65**
कुल योग	**431**	**226**	**1138**	**266**	**2854**	**04**	**2758**	**2161**	**4919**

संस्कृत संवर्धन योजना के अन्तर्गत वित्तीय सत्र 2022-23 के पारंपरिक एवं आधुनिक धारा में 9वीं कक्षा से पी.एच.डी. तक संस्कृत/पालि/प्राकृत भाषा में नियमित रूप से अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु।

संस्कृत/पालि/प्राकृत भाषाओं के अध्ययनरत छात्रों प्रोत्साहित करने हेत केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली द्वारा संस्कृत संवर्धन योजना के अन्तर्गत परम्परागत धारा में मान्यता प्राप्त संस्कृत पाठशाला/संस्कृत महाविद्यालय/संस्कृत विश्वविद्यालय तथा आधुनिक धारा में मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय/महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में पूर्वमध्यमा (प्रथमवर्ष)/9वीं, पूर्वमध्यमा(द्वितीयवर्ष)/10वीं, उत्तरमध्यमा/प्राक्शास्त्री (प्रथमवर्ष)/11वीं, उत्तरमध्यमा/प्राक्शास्त्री (द्वितीयवर्ष)/12वीं, शास्त्री/बी.ए. (प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष), आचार्य/एम.ए. (प्रथम/द्वितीय वर्ष) तथा विद्यावरिधि/पी.एच.डी. पाठ्यक्रमों में अथवा समकक्ष पाठ्यक्रमों में संस्कृत/पालि/प्राकृत भाषा को मुख्य विषय या ऐच्छिक विषय के रूप में नियमित रूप से अध्ययनरत/प्रवेशित छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। छात्रवृत्ति की दर निम्न प्रकार से है :-

कक्षा	छात्रवृत्ति दर
* 9वीं से 10वी तथा समकक्ष पाठ्यक्रम	रु.500/-प्रति माह x 10 माह = रु. 5000/- प्रतिवर्ष प्रत्येक कक्षा
* 11वीं से 12वी तथा समकक्ष पाठ्यक्रम	रु. 600/- प्रतिमाह x 10 माह = रु. 6000/- प्रतिवर्ष प्रत्येक कक्षा
* बी.ए./बी.ए. (आनर्स) प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा समकक्ष	रु. 800/- प्रतिमाह x 10 माह = रु. 8000/- प्रतिवर्ष प्रत्येक कक्षा
* संस्कृत, पालि/प्राकृत में एम.ए.-प्रथम एवं द्वितीय वर्ष या समकक्ष	रु. 1000/- प्रतिमाह x 10 माह= रु. 10000/- प्रतिवर्ष प्रत्येक कक्षा
* संस्कृत/पालि/प्राकृत में पी.एच.डी. या समकक्ष	रु. 2500/- प्रतिमाह x 12 माह+रु. 5000/-प्रतिवर्ष आकस्मिक अनुदान रु. 35,000/- प्रतिवर्ष (केवल तीन वर्षों के लिए)

योजना के अन्तर्गत प्रतिवर्ष प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्तियों की संख्या भारत सरकार द्वारा उपलब्ध धनराशि के आधार पर निर्धारित की जाती है। भारत सरकार द्वारा समय-समय पर लागू आरक्षण नीति का पालन भी किया जाता है।

संस्कृत संवर्धन की योजना के अन्तर्गत परम्परागत तथा आधुनिक धारा में वर्ष-2022-23 में छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए 6022 पंजीकृत संस्थाओं से 35292 ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुए हैं। राज्यों को निर्धारित स्वीकृत बजट के अनुसार अधिकतम से अधिकतम प्रतिशतता के आधार पर छात्रों की योग्यता सूची तैयार की जाती है। पूर्वतन कक्षाओं में प्राप्तांकों के आधार पर रैंकवार छात्रवृत्ति की सूची तैयार के पश्चात् 17895 आवेदनकर्ता को परम्परागत तथा आधुनिक धारा में नीचे दी गई तालिका के अनुसार वर्ष-2022-2023 की कक्षा 9वीं से पी-एच.डी. तक भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयों/कॉलेजों/स्कूलों में छात्रवृत्ति प्रदान करने के लिए चयनित किया गया है:-

(क) परम्परागत धारा

कुल छात्र संख्या									
कक्षा	सामान्य	अनु. जाति	अनु. जन. जाति	दिव्यांग श्रेणी	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक कमजोर वर्ग	कुल छात्रवृत्तियाँ	छात्रवृत्ति दर प्रति छात्र	कुल राशि
पूर्व मध्यमा-प्रथम/9वीं	228	48	09	00	225	04	514	5000	25,70,000.00
पूर्व मध्यमा-द्वितीय 10वीं	172	50	36	00	216	01	475	5000	23,75,000.00
उत्तरमध्यमा प्रथम/प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष/11वीं	705	95	36	00	269	16	1121	6000	67,26,000.00
उत्तरमध्यमा द्वितीय/प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष/12वीं	275	74	26	00	256	25	656	6000	39,36,000.00
शास्त्री/बी.ए. प्रथम वर्ष	522	137	18	00	201	29	907	8000	72,56,000.00
शास्त्री/बी.ए. द्वितीय वर्ष	399	126	08	00	176	18	727	8000	58,16,000.00
शास्त्री/बी.ए. तृतीय वर्ष	299	79	14	00	179	22	593	8000	47,44,000.00
आचार्य/एम.ए. प्रथम वर्ष	451	119	16	01	231	53	871	10000	87,10,000.00
आचार्य/एम.ए. द्वितीय वर्ष	240	80	09	00	156	37	522	10000	52,20,000.00
विद्यावारिधि/पी.एच.डी.	21	08	02	00	11	08	50	35000	17,50,000.00
कुल	**3312**	**816**	**174**	**01**	**1920**	**213**	**6436**	**--**	**4,91,03,000.00**

(ख) परम्परागत धारा (पूर्वोत्तर)

कक्षा	कुल छात्र संख्या								
	सामान्य	अनु. जाति	अनु. जन. जाति	दिव्यांग श्रेणी	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक कमजोर वर्ग	कुल छात्रवृत्तियाँ	छात्रवृत्ति दर प्रति छात्र	कुल राशि
पूर्व मध्यमा-प्रथम/9वीं	00	01	00	00	00	00	01	5000	5,000.00
पूर्व मध्यमा-द्वितीय 10वीं	00	00	00	00	00	00	00	5000	----------
उ.म./प्राक्.शा. प्रथम/11वीं	23	07	03	00	10	00	43	6000	2,58,000.00
उ.म./प्राक्.शा. द्वितीय/12वीं	07	00	00	00	02	00	09	6000	54,000.00
शास्त्री/बी.ए. प्रथम वर्ष	06	01	08	00	04	00	19	8000	1,52,000.00
शास्त्री/बी.ए. द्वितीय वर्ष	00	00	00	00	02	00	02	8000	16,000.00
शास्त्री/बी.ए. तृतीय वर्ष	00	00	00	00	01	00	01	8000	8,000.00
आचार्य/एम.ए. प्रथम वर्ष	04	03	03	00	05	00	15	10000	1,50,000.00
आचार्य/एम.ए. द्वितीय वर्ष	00	00	00	00	00	00	00	10000	----------
विद्यावारिधि/पी.एच.डी.	01	00	00	00	00	00	01	35000	35,000.00
कुल	**41**	**12**	**14**	**00**	**24**	**00**	**91**	**--**	**6,78,000.00**

(ग) आधुनिक धारा

कक्षा	कुल छात्र संख्या								
	सामान्य	अनु. जाति	अनु. जन. जाति	दिव्यांग श्रेणी	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक कमजोर वर्ग	कुल छात्रवृत्तियाँ	छात्रवृत्ति दर प्रति छात्र	कुल राशि
पूर्व मध्यमा-प्रथम/9वीं	750	223	111	02	401	32	1519	5000	75,95,000.00
पूर्व मध्यमा-द्वितीय 10वीं	723	223	111	03	401	24	1485	5000	74,25,000.00
उ.म./प्राक्.शा. प्रथम/11वीं	602	186	93	01	335	35	1252	6000	75,12,000.00
उ.म./प्राक्.शा. द्वितीय/12वीं	553	195	98	05	351	99	1301	6000	78,06,000.00
शास्त्री/बी.ए. प्रथम वर्ष	437	133	66	03	239	23	901	8000	72,08,000.00
शास्त्री/बी.ए. द्वितीय वर्ष	310	97	48	01	174	14	644	8000	51,52,000.00
शास्त्री/बी.ए. तृतीय वर्ष	165	54	27	01	98	18	363	8000	29,04,000.00
आचार्य/एम.ए. प्रथम वर्ष	311	113	57	08	204	68	761	10000	76,10,000.00
आचार्य/एम.ए. द्वितीय वर्ष	202	71	35	02	127	35	472	10000	47,20,000.00
विद्यावारिधि/पी.एच.डी.	56	20	10	01	36	11	134	35000	46,90,000.00
कुल	**4109**	**1315**	**656**	**27**	**2366**	**359**	**8832**	**--**	**6,26,22,000.00**

(घ) आधुनिक धारा (पूर्वोत्तर)

कुल छात्र संख्या									
कक्षा	सामान्य	अनु. जाति	अनु. जन. जाति	दिव्यांग श्रेणी	पिछड़ा वर्ग	आर्थिक कमजोर वर्ग	कुल छात्रवृत्तियाँ	छात्रवृत्ति दर प्रति छात्र	कुल राशि
पूर्व मध्यमा-प्रथम/9वीं	09	01	01	00	03	00	14	5000	70,000.00
पूर्व मध्यमा-द्वितीय 10वीं	26	06	08	00	07	00	47	5000	2,35,000.00
उ.म./प्राक्.शा. प्रथम/11वीं	98	07	00	00	25	01	131	6000	7,86,000.00
उ.म./प्राक्.शा. द्वितीय/12वीं	06	00	00	00	04	00	10	6000	60,000.00
शास्त्री/बी.ए. प्रथम वर्ष	01	00	00	00	02	00	03	8000	24,000.00
शास्त्री/बी.ए. द्वितीय वर्ष	00	00	00	00	00	00	00	8000	---------
शास्त्री/बी.ए. तृतीय वर्ष	02	00	00	00	01	00	03	8000	24,000.00
आचार्य/एम.ए. प्रथम वर्ष	21	02	01	00	17	06	47	10000	4,70,000.00
आचार्य/एम.ए. द्वितीय वर्ष	15	02	02	00	05	00	24	10000	2,40,000.00
विद्यावारिधि/पी.एच.डी.	01	00	00	00	01	00	02	35000	70,000.00
कुल	**179**	**18**	**12**	**00**	**65**	**07**	**281**	**--**	**19,79,000.00**

(च) आधुनिक धारा (संस्कृत प्रतिष्ठा)

कुल छात्र संख्या									
कक्षा	सामान्य	अनु. जाति	अनु. जन. जाति	दिव्यांग श्रेणी	पिछड़ा वर्ग	आर्थिक कमजोर वर्ग	कुल छात्रवृत्तियाँ	छात्रवृत्ति दर प्रति छात्र	कुल राशि
बी.ए. प्रथम वर्ष	377	178	38	00	278	20	891	8000	71,28,000.00
बी.ए. द्वितीय वर्ष	311	162	06	00	318	32	829	8000	66,32,000.00
बी.ए. तृतीय वर्ष	175	106	31	00	185	08	505	8000	40,40,000.00
कुल	**863**	**446**	**75**	**00**	**781**	**60**	**2225**	**--**	**1,78,00,000.00**

(छ) आधुनिक (आनर्स) धारा (पूर्वोत्तर)

कुल छात्र संख्या									
कक्षा	सामान्य	अनु. जाति	अनु. जन. जाति	दिव्यांग श्रेणी	पिछड़ा वर्ग	आर्थिक कमजोर वर्ग	कुल छात्रवृत्तियाँ	छात्रवृत्ति दर प्रति छात्र	कुल राशि
बी.ए. प्रथम वर्ष	03	00	00	00	02	00	05	8000	40,000.00
बी.ए. द्वितीय वर्ष	11	00	00	00	01	00	12	8000	96,000.00
बी.ए. तृतीय वर्ष	11	01	00	00	01	00	13	8000	1,04,000.00
कुल	**25**	**01**	**00**	**00**	**04**	**00**	**30**	**--**	**2,40,000.00**

कुल योग - (क), (ख), (ग), (घ) एवं (च)

कुल छात्र संख्या								
कक्षा	सामान्य	अनु. जाति	अनु.जन. जाति	दिव्यांग श्रेणी	पिछड़ा वर्ग	आर्थिक कमजोर वर्ग	कुल छात्रवृत्ति	कुल राशि
परम्परागत	3312	816	174	01	1920	213	6436	4,91,03,000.00
परम्परागत (पूर्वोत्तर)	41	12	14	00	24	00	91	6,78,000.00
आधुनिक	4109	1315	656	27	2366	359	8832	6,26,22,000.00
आधुनिक (पूर्वोत्तर)	179	18	12	00	65	07	281	19,79,000.00
आधुनिक (प्रतिष्ठा)	863	446	75	00	781	60	2225	1,78,00,000.00
आधुनिक (प्रतिष्ठा) (पूर्वोत्तर)	25	01	00	00	04	00	30	2,40,000.00
कुल योग	**8529**	**2608**	**931**	**28**	**5160**	**639**	**17895**	**13,24,22,000.00**

4.1.10 अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा

पारम्परिक संस्कृत पाठशालाओं एवं गुरुकुलों में अध्ययनरत प्रतिभान्वित छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वारा प्रतिवर्ष अखिल भारतीय संस्कृत शास्त्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। राष्ट्रिय स्तर पर भागग्रहण के लिए अर्ह स्पर्धियों के चयन हेतु राज्य स्तर पर भी शास्त्रीय प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं।

वर्ष 2022-23 में राज्यस्तरीय शास्त्रीय प्रतियोगिताएँ निम्न राज्यों एवं स्थानों में आयोजित की गईं।

1. जम्मू और कश्मीर : रणवीर परिसर, जम्मू
2. हिमाचल प्रदेश : वेद व्यास परिसर, बलाहर
3. दिल्ली : श्री ला.ब.शा.रा.सं. विश्वविद्यालय, नई दिल्ली
4. उत्तराखण्ड : श्री रघुनाथकीर्तिपरिसर, देवप्रयाग
5. ओडिशा : सदाशिव परिसर, पुरी
6. बिहार और झारखण्ड : दरभङ्गा सं.वि.वि. बिहार
7. पश्चिम बंगाल : कालियाचक आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, कोलकाता
8. राजस्थान : जयपुर परिसर, जयपुर
9. उत्तर-प्रदेश : लखनऊ परिसर, जयपुर
10. मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ : भोपाल परिसर, भोपाल
11. गुजरात : दर्शनम् संस्कृत महाविद्यालय, अहमदाबाद
12. महाराष्ट्र, गोवा : के.जे. सोमैया संस्कृत विद्यापीठ परिसर, मुम्बई
13. आन्ध्र प्रदेश : राष्ट्रिय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरुपति
14. तमिलनाडु एवं पाण्डिचेरी : मद्रास आदर्श सं महाविद्यालय, चेन्नई
15. केरल : गुरुवायूर परिसर, केरल
16. कर्णाटक : कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय, बंगलूरु
17. पूर्वोत्तर राज्य : एकलव्य परिसर, अगरतला

60वाँ अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा दिनांक 22-25 मार्च विद्यानगरी काशी में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यक्रम दिनांक 22 मार्च 2023 को काशी विश्वनाथ मन्दिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में काशी विश्वनाथ मन्दिर न्यासी परिषद के अध्यक्ष प्रो. नागेन्द्र पाण्डेय मुख्यातिथ के रूप में, सारस्वताथि के रूप में प्रो. गोपबन्धु मिश्र, अध्यक्ष, संस्कृत भारती निलकण्ठ तिवारीजी, विधानसभा सदस्य, वाराणसी, दक्षिण तथा अध्यक्ष के रूप में प्रो. श्रीनिवास वरखेडी, कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली उपस्थित थे। राज्यस्तरीय प्रतियोगिताओं में चयनित 320 छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे- 12 विभिन्न शास्त्रीय विषयों पर भाषणस्पर्धा, 10 परम्परागत शास्त्रीय ग्रन्थों से सम्बन्धित विषयों पर विभिन्न शलाका परीक्षा, धातुरूप, काव्यपाठ, अमरकोश एवं अष्टाध्यायी पर 4 कंठपाठ प्रतियोगिताएँ, शास्त्रार्थ-विचार, समस्यापूर्ति, अन्त्याक्षरी स्पर्धाओं भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में देश के विभिन्न राज्यों से 40 से अधिक तत्तद् विषय के मूर्धन्य विद्वान् आमंत्रित थे।

प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालों को क्रमश: स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक सहित रु. 12000/-, 8000/-, 5000/- से पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त शलाका परीक्षा में 80 प्रतिशत और अधिक एवं प्रथम श्रेणी 65 प्रतिशत सहित प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को विशेष पुरस्कार रु. 5000/- प्रदान किये गये। कर्नाटक राज्य ने सभी प्रदर्शनों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त कर विजयवैजयन्ती प्राप्त की। उपस्थित विद्वद्गण, निर्णायक एवं दर्शकों ने स्पर्धालुओं की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की है।

अखिल भारतीय शास्त्रीय स्पर्धा का समापन कार्यक्रम काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के प्रेक्षागार में दिनांक 25 मार्च को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. विजय कुमार शुक्ल मुख्यातिथि के रूप में विशिष्टातिथि के रूप में प्रो. विजय कुमार सी. जी, कुलपति, महर्षि पाणीनि एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन, प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री, कुलपति, उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, प्रो. ललित पटेल, कुलपति, सोमनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, प्रो. उपेन्द्र त्रिपाठी, समन्वयक, वैदिक विज्ञान केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, अध्यक्ष प्रो. श्रीनिवास वरखेडी, कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली उपस्थित थे।

4.1.11 आदर्श संस्कृत महाविद्यालय/आदर्श संस्कृत शोध संस्थान

योजना का नाम-आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों/आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों के रूप में मान्यता-प्राप्त संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु योजना

परिचय

आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों/आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों के रूप में मान्यता-प्राप्त संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान करने हेतु योजना वर्ष 1978 में भारत सरकार द्वारा पारम्परिक संस्कृत शिक्षण संस्थानों को सहायता प्रदान करने के लिए शुरु की गयी थी। इस योजना को समय-समय पर परिवर्तित/समीक्षित किया गया। इस योजना को प्रथम बार 1983 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र क्रमांक F. 80-7/88-SK-I दिनांक 06 अक्टूबर 1983 के माध्यम से संशोधित किया गया। पुनः इस योजना को 1993 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र क्रमांक F. 30-19/88-SK-I दिनांक 06 जुलाई 1993 के माध्यम से संशोधित किया गया। बाद में इस योजना के क्रियान्वयन हेतु मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार के पत्र क्रमांक F. 8-3/94-Skt-I दिनांक 16.06.1995 के माध्यम से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय (पूर्व में राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान) को स्थानान्तरित किया गया। मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र क्रमांक F.No. 31-4/2009 Skt-I दिनांक 29 जून, 2012 के माध्यम से इस योजना को पुनः संशोधित किया गया।

उच्च शिक्षा के क्षेत्र विशेषकर संस्कृत शिक्षा में आये परिवर्तन, छठे केन्द्रीय वेतन आयोग के लागू होने एवं उच्च शिक्षा में मानकों के रखरखाव हेतु विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी विनियम के फलस्वरूप योजना के अन्तर्गत मान्यता प्राप्त आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों/आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों के माध्यम से पारंपरिक संस्कृत शिक्षा तथा शोध को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए इस योजना का पुनर्निर्माण अनिवार्य हो गया।

इस योजना के अन्तर्गत देश के विभिन्न भागों में 26 संस्थाएँ भारत सरकार की वित्तीय सहायता से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वारा संचालित हो रही हैं। इस योजना हेतु वित्त का बड़ा भाग केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा दिया जाता है। इसके अन्तर्गत 22 आदर्श संस्कृत महाविद्यालय एवं 04 आदर्श संस्कृत शोध संस्थान सम्मिलित हैं। ऐसी अनुदानग्राही संस्थाएँ स्वीकृत आवर्ती मद का 95 प्रतिशत एवं स्वीकृत अनावर्ती मद का 75 प्रतिशत (अधिकतम रुपये पाँच लाख) प्राप्त करती हैं।

उद्देश्य

इस योजना का उद्देश्य पारम्परिक संस्कृत शिक्षा तथा शोध को सहायता देना एवं प्रोत्साहित करना है। इसी प्रयोजन से इस योजना के अन्तर्गत, संस्कृत महाविद्यालयों को शास्त्री एवं आचार्य स्तर पर पाठ्यक्रमों का सञ्चालन करने हेतु और शोध संस्थानों को पी.एच.डी. एवं पी.एच.डी. से उच्च स्तरों पर शोध का आयोजन तथा सञ्चालन और शोध आधारित प्रकाशन व शोध पत्रिका हेतु सहायता प्रदान की जाती है।

आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों/आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों को वित्तीय वर्ष 2022-23 में निर्गत किये गये अनुदान का विवरण निम्न प्रकार है-

क्र.सं.	राज्य का नाम	आदर्श संस्कृत महाविद्यालयों/आदर्श संस्कृत शोध संस्थानों की राज्यवार कुल संख्या	वित्तीय वर्ष 2022-23 में निर्गत राशि का विवरण
1.	तेलंगाना	01	1,07,93,498.00
2.	बिहार	05	9,68,78,131.00
3.	हरियाणा	02	3,08,33,844.00
4.	हिमाचल प्रदेश	02	4,60,45,169.00
5.	झारखण्ड	01	1,22,65,582.00
6.	कर्नाटक	01	1,44,97,440.00

7.	केरल	02	2,73,13,015.00
8.	महाराष्ट्र	02	1,25,48,015.00
9.	मणिपुर	01	82,15,552.00
10.	तमिलनाडु	02	3,42,60,100.00
11.	उत्तराखण्ड	01	1,35,46,593.00
12.	उत्तर प्रदेश	03	5,93,54,610.00
13.	पश्चिम बंगाल	02	5,35,00,638.00
14.	राजस्थान	01	1,45,90,952.00
कुल निर्गत अनुदान राशि		**26**	**43,46,43,139.00**

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान आदर्श योजना के अंतर्गत जारी छात्रवृत्ति राशि का विवरण :

कुल छात्र संख्या									
कक्षा	सामान्य	अनु. जाति	अनु. जन. जाति	दिव्यांग श्रेणी	अन्य पिछड़ा वर्ग	आर्थिक कमजोर वर्ग	कुल छात्रवृत्तियाँ	प्रति माह छात्रवृत्ति	निर्गत राशि के.सं.वि. अंश 95 प्रतिशत
पूर्व मध्यमा-प्रथम/9वीं	0	0	0	0	0	0	0	600	0
पूर्व मध्यमा-द्वितीय 10वीं	0	0	0	0	0	0	0	600	0
उत्तरमध्यमा प्रथम/प्राक्शास्त्री प्रथम वर्ष/11वीं	56	18	1	0	18	27	120	700	781073
उत्तरमध्यमा द्वितीय/प्राक्शास्त्री द्वितीय वर्ष/12वीं	84	20	0	0	33	42	179	700	1173648
शास्त्री/बी.ए. प्रथम वर्ष	272	39	7	0	51	54	423	800	3071002
शास्त्री/बी.ए. द्वितीय वर्ष	347	36	1	0	29	29	442	800	3194683
शास्त्री/बी.ए. तृतीय वर्ष	313	41	1	0	46	39	440	800	3172996
आचार्य/एम.ए. प्रथम वर्ष	214	17	0	0	21	32	284	1000	2476467
आचार्य/एम.ए. द्वितीय वर्ष	275	22	1	0	36	48	382	1000	3255558
विद्यावारिधि/पी.एच.डी.	0	0	0	0	0	0	0	0	0
कुल	**1561**	**193**	**11**	**0**	**234**	**271**	**2270**	**-**	**17125427**

4.1.12 परियोजनाएँ

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने वर्ष 2023 से कुछ नई परियोजनायें प्रारम्भ की हैं। निम्नलिखित उन सम्पन्न/प्रवर्तमान योजनाओं का विवरण दिया जा रहा है।

1. समर्थ

समर्थ शिक्षा मंत्रालय की एक पहल है। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वारा कर्मचारियों, छात्रों और अन्य हितध ारकों को गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए 2022 में समर्थ परियोजना को सफलतापूर्वक लागू किया है। विश्वविद्यालय ने प्रशासनिक प्रक्रियाओं को परिभाषित करने और नियंत्रित करने के लिए डिजिटल प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाकर अपनी दक्षता में वृद्धि की है। समर्थ पोर्टल द्वारा विश्वविद्यालय सञ्चालन और प्रशासन के विभिन्न कार्यात्मक डोमेन के प्रबंधन के लिए कई मॉड्यूल पेश किए जाते हैं। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रवेश, परीक्षा, शुल्क, पेरोल प्रबंधन, अवकाश प्रबंधन, शिकायत प्रबंधन और कर्मचारी प्रबंधन के लिए समर्थ पोर्टल के 22 मॉड्यूल का कुशलतापूर्वक उपयोग कर रहा है।

2. ई-ऑफिस

ई-ऑफिस डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का एक अभिन्न अंग है। केंन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने विश्वविद्यालय में सरलीकृत, जवाबदेह, उत्तरदायी और पारदर्शी कामकाज हासिल करने के लिए इस परियोजना को लागू किया है। ई-ऑफिस केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के मुख्यालय और पूरे भारत में इसके सभी परिसरों में कार्यान्वित किया गया है। यह एक उत्पाद सूट है जिसमें दिन-प्रतिदिन की आधिकारिक कार्य-संबंधी गतिविधियों को बदलने के लिए कई एप्लिकेशन शामिल हैं। यह एक डिजिटल कार्यस्थल है, जो विश्वविद्यालय को त्वरित निर्णय लेने में सहायता करता है। यह विश्वविद्यालय के कामकाज को कागज रहित बनाने में मदद करता है।

3. मीडिया सेल

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए मीडिया सेल का गठन किया है। यह ट्विटर, यूट्यूब और फेसबुक सहित सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर संस्कृत भाषा को बढ़ावा देने के लिए काम कर रहा है। इस सेल के माध्यम से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभी कार्यक्रमों को विश्वविद्यालय के सोशल मीडिया हैंडल पर प्रसारित किया जाता है। मीडिया सेल विश्वविद्यालय के विभिन्न आयोजनों या कार्यक्रमों के लिए पोस्टर और पैम्फलेट डिजाइन करता है तथा वैश्विक स्तर पर प्रचार-प्रसार करता है।

4. डिजिटल उपस्थिति प्रणाली

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने अपने कर्मचारियों की सटीक उपस्थिति रिकॉर्ड के रखरखाव के लिए डिजिटल उपस्थिति प्रणाली को अपनाया है। बायोमेट्रिक उपस्थिति मशीनें मुख्यालय कार्यालय और विश्वविद्यालय के सभी परिसरों में तैनात की गई हैं। इसे विश्वविद्यालय के कर्मचारियों और अध्यापकों की दैनिक उपस्थिति को स्वचालित करने के लिए विकसित किया गया है। उपस्थिति को चिह्नित करने के लिए सिस्टम फिंगरप्रिंट या चेहरे की पहचान सुविधा का उपयोग करता है। यह कर्मचारियों के आगमन से लेकर प्रस्थान तक के कार्य घंटों पर नज़र रखने के लिए उपयोगी है।

उपरोक्त नई परियोजनाओं के अतिरिक्त पूर्व में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की प्रवर्तमान योजनाओं का विवरण दिया जा रहा है।

1. भाषा मन्दाकिनी (दूरदर्शन प्रसारण)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय सितम्बर, 2003 से संस्कृत कार्यक्रमों का प्रसारण इग्नू के ज्ञान दर्शन चैनल के द्वारा प्रतिदिन एवं सप्ताह में तीन दिन क्रमशः डी.डी. भारती और डी.डी. इण्डिया से कराता है। प्रारम्भ से अभी तक तीस मिनट के 730 कथानक इग्नू से प्रसारित हो चुके हैं।

2. संस्कृत साहित्य का राष्ट्रिय ई-डाटा बैंक (ई-टैक्स्ट्)

परियोजना का उद्देश्य संस्कृत में ई-लर्निंग विकसित करना एवं ई-संस्कृत संग्रह को इलैक्ट्रानिक्स टैक्स्टों एवं

इन्टरनेट के माध्यम से जन सामान्य को उपलब्ध कराना है। विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों के शिक्षकों को उनकी विशेषज्ञता एवं अध्ययन के क्षेत्र के आधार पर ग्रंथ आबंटित किये गये हैं। ग्रंथों को टंकित करने एवं कम्प्यूटर पर फाईल तैयार करने के लिए डाटा एन्ट्री आपरेटरों की नियुक्ति की गयी है। 120 ग्रन्थ वेबसाईट पर डाल दिये गये हैं।

3. श्रव्य/दृश्य माध्यमों के द्वारा संस्कृत शिक्षण (मल्टी मीडिया परियोजना)

इस परियोजना में, डीवीडी एलबम तैयार किये जा चुके है। संस्कृत भाषा शिक्षण, वैदिक गणित, संक्षेप रामायणम्, नाट्यविंशतिका, कथादशकम्, प्रथमा दीक्षा वी.सी.डी. तदेव गगनं सैव धरा, कविभास्करी, अभिज्ञानशाकुन्तलम्, शब्दकल्पद्रुम एवं भासनाटकचक्रम् विक्रय हेतु उपलब्ध हैं। इस परियोजना को विकसित करते हुए संस्कृत भाषा शिक्षण की 120 व्याख्यानों की वीडियो विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिसको नि:शुल्क डाउनलोड कर अध्ययन कर सकते हैं।

4. एम.पी.-3 ऑडियो

प्रो. के.ई. देवनाथन, तिरुपति द्वारा रिकार्डिड 'तत्त्वचिन्तामणि' तथा श्री वेदमूर्ति प्रभाकरशास्त्री बापट एवं श्री पुण्डलिक कृष्ण भागवत के द्वारा तैयार की गई 'राणायणीयं सामगानम्' एम.पी-3 ऑडियो विक्रय हेतु उपलब्ध है।

5. ई-ग्रन्थालय

ई-ग्रन्थालय साफ्टवेयर के द्वारा विश्वविद्यालय एवं सभी परिसरों के पुस्तकालयों को नेटवर्किंग के माध्यम से निकट भविष्य में जोड़ा जा रहा है। प्रथम स्तर पर 3,05,567 प्रविष्टियां की जा चुकी हैं।

6. मानस साफ्टवेयर

मानस साफ्टवेयर के द्वारा इलाहाबाद परिसर में स्थित संस्कृत पाण्डुलिपियों का डाटा बैंक तैयार किया जा रहा है।

7. हू इज हू (Who is Who)

विश्वविद्यालय के द्वारा संस्कृत के विद्वानों का डाटा बैंक पुस्तक के रूप में और साफ्टवेयर के रूप में तैयार किया गया है। पुस्तक के रूप में 'संस्कृतविद्वत्परिचायिका' नाम से संस्कृत विद्वानों की एक पंजिका 15 वें विश्व संस्कृत सम्मेलन के अवसर पर जनवरी 2012 में प्रकाशित हो चुकी है और अन्तर्जाल में स्थापित भी की जा चुकी है।

8. संस्कृत शब्दकोश

अन्तर्भाषीय अध्ययन भाषाओं के प्रोत्साहन व संरक्षण के लिये एक उपयुक्त मार्ग उपलब्ध करा सकता है। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने 'बोलियों व उप-बोलियों सहित संस्कृत एवं अन्य भारतीय भाषाओं का शब्दकोश' की एक परियोजना प्रारम्भ की है। यह परियोजना 2009 में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन वित्तीय सहायता के साथ शुरू की गयी है। यह परियोजना विविध भारतीय बोलियों व उप-बोलियों में समान पारिभाषिक शब्दों के अध्ययन के माध्यम से पारम्परिक ज्ञान एवं भाषाई दक्षता के संरक्षण एवं सुरक्षा में योगदान देगी। निम्नलिखित शब्दकोशों का विवरण इस प्रकार है-

(i) भोपाल परिसर, भोपाल में 'बुन्देली-संस्कृत- शब्दकोश' एवं 'मालवी-संस्कृत-शब्दकोश' तैयार किये जा रहे हैं। '**बुन्देली-संस्कृत-शब्दकोश**' में बुन्देली के 14000 शब्दों के संकलन का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा स्वर, कवर्ग, च, छ, ज वर्णों से प्रारम्भ होने वाले बुन्देली शब्दों के बुन्देली से संस्कृत शब्दार्थ का कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष शब्दों का संकलन कार्य पूर्ण हो चुका है। '**मालवी- संस्कृत-शब्दकोश**' में मालवी के 15000 शब्दों के संकलन एवं टंकण का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा स्वर, कवर्ग, चवर्ग के मालवी शब्दों का संस्कृत रूपान्तर का कार्य पूर्ण हो चुका है।

(ii) संस्कृत साहित्य परिषद्, कोलकाता में चल रहे '**पूर्व एवं पूर्वोत्तर राज्य की बोलियाँ एवं उपबोलियाँ**' परियोजना के अन्तर्गत उड़िया एवं बांग्ला भाषाओं के कुल 11,487 शब्दों का चयन किया गया है।

(iii) विश्वविद्यालय मुख्यालय में '**संस्कृत-फारसी-उर्दू-हिन्दी- शब्दकोश**' तैयार किया जा रहा है। इस योजना के अन्तर्गत स्वरों पर आधारित प्रथम भाग प्रकाशित हो चुका है तथा व्यञ्जनों में 'क' से 'ध' तक का कार्य किया जा चुका है। शेष पर कार्य जारी है।

9. सांख्ययोग/पातञ्जल योग दर्शन

इस परियोजना में पातञ्जल योगदर्शन के नवीन संस्करण को तैयार किया जा रहा है जिसमें समृद्ध अलंकारपूर्ण

पारिभाषिक शब्दों एवं बारह पौराणिक टीकाओं का समावेश है। यह प्राच्य संस्कृत पाठ्यपुस्तकों के संरक्षण में सहायक होगी। इस योजना में प्रथम चरण का कार्य सम्पन्न हो चुका है, जिसमें प्रथम पाद के 51 सूत्रों पर 11 टीकाओं एवं उनमें उपलब्ध पारिभाषिक शब्दों को संयोजित किया गया है। परिशिष्टात्मक भाग में योग सूत्र के पाठभेद एवं उद्धृत श्लोकों को अकारादिक्रम से संयोजित कर प्रथम खण्ड को प्रकाशन हेतु शोध एवं प्रकाशन विभाग को दिया गया है। पातञ्जलयोगसूत्र की 7 एवं सांख्यप्रवचनभाष्य की 4 टीकाओं पर कार्य किया जा रहा है।

10. पाण्डुलिपियों के डिज़िटाईजेशन एवं एकत्रीकरण हेतु विशेष अभियान

विश्वविद्यालय के सभी परिसरों में स्वतंत्र पुस्तकालय हैं। इसके अतिरिक्त इलाहाबाद, पुरी, गुरुवायूर एवं लखनऊ परिसरों में पाण्डुलिपियों हेतु अलग से ग्रन्थालय का प्रावधान है। 2008-09 से गुरुवायूर परिसर द्वारा पाण्डुलिपियों को एकत्र करने हेतु विशेष अभियान चलाया गया है। विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध पाण्डुलिपियों के डिज़िटाईजेशन हेतु परिसरों के विभिन्न पुस्तकालयों में पहल की जा रही है। डिज़िटाईजेशन का कार्य राष्ट्रीय सूचना केन्द्र (एन.आई.सी.) के माध्यम से सम्पन्न होगा।

राष्ट्रीय पाण्डुलिपि मिशन, नई दिल्ली से प्राप्त जानकारी के अनुसार इलाहाबाद परिसर में 55369 पाण्डुलिपियों में से कुल 52187 पाण्डुलिपियों के डिज़िटाईजेशन का कार्य सम्पन्न हो चुका है।

11. विश्वविद्यालय के परिसरों में लघु एवं बृहद् अनुसंधान परियोजनायें

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय शिक्षण एवं अनुसंधान द्वारा संस्कृत शास्त्रों के विकास हेतु निरन्तर प्रयासरत है। इसके अनुरूप विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसर उच्च शिक्षा की विभिन्न शाखाओं के अनुसन्धान के केन्द्रों के रूप में कार्यरत है। विश्वविद्यालय के द्वारा परियोजनाओं के माध्यम से तदीय परिसरों में कार्यरत प्राध्यापकों की अनुसन्धान के क्षेत्र में सम्वर्द्धन हेतु सहायता प्रदान करता है। इस क्रम में विश्वविद्यालय विभिन्न परिसरों की प्रतिवर्ष 1-2 बृहद् परियोजनाएं और 1-2 लघु परियोजनाएं उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्प है। इस लक्ष्य को पुरा करने हेतु प्रथम चरण में 32 (4 बृहत एवं 28 लघु परियोजना) परियोजनाएँ प्रचलित है।

12. भारतवाणी परियोजना

भारतवाणी एक परियोजना है, जिसका उद्देश्य मल्टीमीडिया (पाठ, श्रव्य, दृश्य एवं छवि) का उपयोग करते हुए भारत की समस्त भाषाओं के बारे में एवं भारतीय भाषाओं में उपलब्ध ज्ञान को एक पोर्टल (वेबसाइट) पर उपलब्ध कराना है। भारतवाणी, भारतीय भाषाओं/मातृ भाषाओं को बृहद पैमाने पर उपलब्ध करायेगा। भारतवाणी पोर्टल पर उपलब्ध समस्त सामग्री को शैक्षिक और अनुसंधान प्रयोजना के लिए निःशुल्क उपयोग में लाया जा सकता है। एतदर्थ भारतवाणी परियोजना के निवेदन के अनुसार प्रथम चरण में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित 40 ग्रंथों को भारतवाणी पोर्टल पर अपलोड किया गया।

वर्तमान में प्रचलित परियोजनायें

1. डेक्कन (Deccan) महाविद्यालय संस्कृत शब्दकोश परियोजना

शिक्षा मंत्रालय के आर्थिक सहयोग से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के माध्यम से डेक्कन महाविद्यालय के संस्कृत विभाग में ऐतिहासिक तथ्य/सिद्धान्त आधारित बृहत् संस्कृत कोश नामक परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना के अन्तर्गत अब तक 35 संस्करणों का मुद्रण किया जा चुका है।

2. राजभाषा

मंत्रालय ने सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में हिंदी राजभाषा के प्रचार-प्रसार के संबंध में कार्यक्रम लागू किया है। तदनुसार विश्वविद्यालय हिन्दी में पर्याप्त सरकारी कामकाज के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित कर रहा है। हर साल अन्य गतिविधियों के अलावा हिंदी में किए गए कार्यों की रिपोर्ट माननीय मंत्री को भेजी जाएगी।

4.1.13 अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय शैक्षिक वर्ष 2022-23 में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण विभाग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यक्रमों का सञ्चालन किया–

1. अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों का सञ्चालन
2. आवासीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण
3. प्रशिक्षणोत्तर परीक्षण कार्यक्रम
4. केन्द्रीय समिति की बैठक
5. अभिविन्यास कार्यक्रम

1. अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों का सञ्चालन

संस्कृत भाषा भारतीय मनीषा एवं संस्कृति की अनुपम निधि है। संस्कृत का स्वरूप बहुत विशाल एवं व्यापक है। असंख्य भारतीय अपने भारतीय स्वरूप की रक्षा तथा दृढ़ता के लिए संस्कृत पढ़ना चाहते हैं। उन्हें सरल प्रक्रिया से संस्कृत भाषा एवं उसमें सन्निहित ज्ञान-विज्ञान का परिज्ञान कराना है। इस महान् उद्देश्य की संकल्पना के साथ समाज के विविध क्षेत्र के संस्कृत जिज्ञासुओं को संस्कृताध्ययन की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण का आरम्भ किया गया है।

देश के सुप्रतिष्ठित उच्चशिक्षण संस्थाओं यथा भारतीय प्रौद्योगिक संस्थानों (IIT), केन्द्रीय विश्वविद्यालयों, अन्ताराष्ट्रिय विश्वविद्यालययों, अभियान्त्रिक एवं आयुर्वेद संस्थानों, आधुनिक विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों से प्राप्त आवेदन के आधार पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वारा केन्द्रों का निर्धारण किया गया। इन केन्द्रों मे विश्वविद्यालय द्वारा प्रशिक्षित संस्कृत भाषा शिक्षक को वर्तमान शैक्षिक सत्र के लिए नियुक्त किया। अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्र के सुचारू सञ्चालन हेतु संस्था प्रमुख के द्वारा प्रत्येक केन्द्र में एक अधिकृत अधिकारी को नामित किया गया। अधिकृत अधिकारी की सहायता से शैक्षिक सत्र 2022-23 में आन्ध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, बिहार, देहली, गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, कर्णाटक, केरल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मध्यप्रदेश, ओड़ीसा, पंजाब, राजस्थान, त्रिपुरा, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तराखण्ड, उत्तरप्रदेश, मेघालय, पश्चिम बंगाल तथा पूर्वोत्तर राज्यों में 120 केन्द्रों का सञ्चालन किया गया। अधिकृत अधिकारी अपने केन्द्र के विविध क्रियाकलापों तथा शिक्षकों का मासिक प्रगति विवरण इस विभाग को प्रेषित किए।

अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण द्वारा सञ्चालित संस्कृत भाषा प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम तथा संस्कृत भाषा दक्षता पाठ्यक्रम में विभिन्न आयु वर्ग के कुल 7426 (4552 महिलाएं तथा 2874 पुरुष) अध्येता इस शैक्षिक सत्र में नामांकन कराए।

राज्यानुसार 2022-23 सत्रीय केन्द्रों की सूची

क्र.सं.	राज्य	केन्द्र संख्या
1.	आन्ध्रप्रदेश	04
2.	अरूणाचल प्रदेश	01
3.	बिहार	03
4.	देहली	02
5.	गोवा	03
6.	गुजरात	07
7.	हरियाणा	01
8.	हिमाचल प्रदेश	01
9.	जम्मू कश्मीर	02
10.	कर्णाटक	03
11.	केरल	03
12.	मेघालय	01
13.	महाराष्ट्र	16
14.	मणिपुर	02
15.	मध्यप्रदेश	09
16.	ओडिशा	04
17.	पंजाब	06

18.	राजस्थान	03
19.	त्रिपुरा	03
20.	तमिलनाडु	01
21.	तेलंगाना	06
22.	उत्तराखण्ड	02
23.	उत्तरप्रदेश	08
24.	पश्चिम बंगाल	11
25.	असम	18
	कुल	**120**

अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों का सञ्चालन न केवल नगरों और महानगरों में किया गया अपितु सुदूरवर्ती छोटे कस्बों, जम्मू-कश्मीर तथा उत्तर-पूर्व (North-East) राज्यों के दुर्गम क्षेत्रों में भी किया जाता है। इन केन्द्रों में विद्यार्थियों, अध्यापकों, प्राध्यापकों, चिकित्सकों, वैज्ञानिकों, गृहिणी, शोधछात्रों, सेवानिवृत्त, व्यवसायिक, पुरातत्त्वविद्, श्रमिक सहित विविध व्यवसाय से जुड़े पुरुष तथा महिलाओं ने अत्यन्त उत्साह के साथ भाग लिया।

संस्कृतभाषा प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम तथा संस्कृतभाषा दक्षता पाठ्यक्रम में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा तैयार की गई प्रथमा एवं द्वितीया दीक्षा नामक पाठ्य-सामग्री का अध्यापन किया जाता है। अध्येताओं ने इस पाठ्य-सामग्री की भूरिशः प्रशंसा की है। संस्कृत भाषा प्रमाणपत्रीय तथा संस्कृतभाषा दक्षता परीक्षा में उत्तीर्ण अध्येताओं को अंकपत्र तथा प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा। विभिन्न केन्द्रों में भव्य उद्घाटन तथा समापन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें संस्कृतेतर क्षेत्र में कार्य करने वाले महत्त्वपूर्ण अभ्यागतों ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए संस्कृत भाषा के संवर्धन की आवश्यकता पर बल दिया। संस्था प्रमुखों ने अपनी संस्था में अग्रिम शैक्षिक सत्र में भी अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्र सञ्चालित करने हेतु विश्वविद्यालय को निवेदन किया है।

उपर्युक्त केन्द्रों के सञ्चालन में राज्य संयोजकों का महत्त्वपूर्ण योगदान होता है। शैक्षिक सत्र 2022-23 में अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्र के राज्य संयोजकों की सूची अधोलिखित है-

क्र.सं.	राज्य	संयोजक का नाम एवं पता
1.	आन्ध्रप्रदेश	डॉ. यू. वेंकटरमणमूर्ति, प्रवक्ता (संस्कृत) सत्यनारायणपुरम्, विजयवाडा-520011, (आन्ध्रप्रदेश)
2.	बिहार	प्रो. श्रीप्रकाश पाण्डेय, संस्कृतविभाग, बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, क्वा. नं. 23, विश्वविद्यालय परिसर, मुजफ्फरपुर-1 (बिहार)
3.	झारखण्ड	डॉ. ताराकान्त शुक्ल, संस्कृतविभाग, विनोबाभावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग, झारखण्ड
4.	दिल्ली	डॉ. कीर्तिकान्त शर्मा, कलानिधिविभाग, पाण्डुलिपि ईकाई, इन्दिरा गान्धी राष्ट्रिय कला केन्द्र, जनपथ, नई दिल्ली-01
5.	गुजरात	डॉ. भा.वं. रामप्रिय, प्राचार्य, दर्शनम् संस्कृत महाविद्यालय, एस्.जी.वी.पी. सर्किल, ए.जी. हाईवे, छारोडी, अहमदाबाद-3284818 (गुजरात)
6.	हरियाणा	डॉ. सुरेन्द्रमोहन मिश्र, प्रकोष्ठ सं. 21, रोड भवन, ब्रह्म सरोवर, कुरुक्षेत्र-136119 (हरियाणा)
7.	हिमाचल प्रदेश	डॉ. सुदेश गौतम, हिमाचल आदर्श संस्कृत स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जांगला, तहसील-चढ़गांव, जिला-शिमला, हिमाचल प्रदेश-171214

8.	जम्मू एवं कश्मीर	प्रो. विश्वमूर्ति शास्त्री, भूतपूर्व प्राचार्य, 3/127, इन्दिरा विहार, ओल्ड जानीपुर, जम्मू जम्मू-कश्मीर-180 007
9.	कर्नाटक	श्री कू.वेंकटेशमूर्ति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री राजीव गान्धी परिसर, जिला- चिकमंगलूर, कर्नाटक शृंगेरी-577139
10.	केरल	डॉ. के.गिरिधर राव, सहायकाचार्य शिक्षाशास्त्र, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गुरुवायूर परिसर, पो.- पुरनाट्टुकरा, जिला-त्रिचूर-680551 (केरल)
11.	महाराष्ट्र	प्रो. रवीन्द्र अंबादास मुले, संस्कृत-प्रगत-अध्ययन केन्द्र, पुणेविद्यापीठ, गणेशखिण्ड रोड, पुणे-411037 (महाराष्ट्र)
12.	मध्यप्रदेश	डॉ. श्रीगोविन्द पाण्डेय, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, संस्कृत मार्ग, बाग सेवनिया, भोपाल-462043 (मध्य प्रदेश)
13.	ओड़िसा	प्रो. हरेकृष्ण माहापात्र, लोनाथ रोड, गदाधर उच्च विद्यालय के समीप, जिला-पुरी, ओडिशा-752001
14.	असम	डॉ. रणजित तिवारी, एसोसिएट प्रोफेसर, डिपार्टमेंट ऑफ ट्रेडिशनल संस्कृत, कुमार भास्कर वर्मा, संस्कृत एंड एनसिएंट स्टडिज यूनिवर्सिटी, नलबारी, असम-781337
15.	पंजाब	प्रो. हर्ष कुमार मेहता, 11 एस.टी.-5, सेक्टर-1, तलवाड़ा टाउनशिप, जिला-होशियारपुर, पंजाब-144216
16.	राजस्थान	प्रो. वाई.एस. रमेश, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, त्रिवेणी नगर, गोपालपुरा, बाईपास, जयपुर-302 018 राजस्थान
17.	तमिलनाडु	डॉ. आर्. रामचन्द्रन्, संस्कृत विभाग, रामकृष्ण मिशन विवेकानन्द कालेज, मलईपुर, चेन्नई-04, (तमिलनाडु)
18.	तेलंगाना	डॉ. वी. सुब्रह्मण्यम, उपनिदेशक, संस्कृत परिषद्, उस्मानिया यूनिवर्सिटी, हैदराबाद, आन्ध्रप्रदेश, तेलंगाना
19.	उत्तराखण्ड	डॉ. हरीशचन्द्र गुरुराणी, उत्तराखण्ड संस्कृत एकेडमी, रानीपुर झाल, ज्वालापुर, हरिद्वार, उत्तराखण्ड-249407
20.	उत्तर प्रदेश	प्रो. गोपबन्धु मिश्र, संस्कृत विभाग, कला संकाय, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी, उत्तरप्रदेश-221005
21.	पश्चिम बंगाल	डॉ. तन्मय कुमार भट्टाचार्य, ए.एफ.-159, रवीन्द्रपल्ली, प्रफुल्लकानन, कोलकाता-700101
22.	गोवा	श्री आनन्द देसाई, कृष्णई, मकान नं. 214, देमानी, कानकोलिम, सलसिट, गोवा-403703

डॉ. रत्नमोहन झा, सहाचार्य, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली के द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर राष्ट्रिय संयोजक के दायित्व का निर्वहण किया गया।

2. आवासीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वारा संस्कृत विषय को संस्कृत के माध्यम से अध्यापन करने हेतु 21 दिवसीय आवासीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया गया।

स्थान	अवधि	प्रतिभागियों की संख्या	प्रशिक्षक
श्री स्वामीनारायण गुरुकुल, बेंगलूरु-मैसूर मेन रोड, पोस्ट-कुबंलगोडु, बेंगलूरु	29.03.2022 से 21.04.2022	68	प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी प्रो. के.वी. राजू, कुलाधिपति श्री जनार्दन हेगड़े, संस्कृतभारती प्रो. वाई.एस्. रमेश डॉ. भा.व. रामप्रिय श्री सचिन कठाले, संस्कृतभारती डॉ. विश्वास, संस्कृत भारती श्री श्रीश देवपुजारी, संस्कृत भारती श्री सत्यनारायणभट्ट, संस्कृत भारती डॉ. रत्नमोहन झा **वित्तीय पर्यवेक्षक** श्री अनिल नौटियाल, के.सं.वि.वि., नई दिल्ली

3. प्रशिक्षणोत्तर परीक्षण कार्यक्रम

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के द्वारा अस्थायी अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण केन्द्रों में अध्यापन करने हेतु शिक्षकों का चयन किया जाता है। एतदर्थ लिखित एवं मौखिक रूप से प्रशिक्षण पूर्व प्रशिक्षणोत्तर परीक्षण का आयोजन किया जाता है। शैक्षिक सत्र 2022-23 में अखिल भारतीय स्तर पर दिनांक 19-21 अप्रैल, 2022 को आयोजित (लिखित एवं मौखिक) परीक्षा में 68 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें से 58 प्रतिभागी उत्तीर्ण हुए।

स्थान	अवधि	प्रतिभागियों की संख्या	परीक्षण समिति
श्री सदाशिव परिसर के पुराणेतिहास विभाग की ओर से आषाढ़ पूर्णिमा तिथि 13.07.2022 को व्यास पूजा एवं गुरु पूजा महोत्सव मनाया गया। व्यासपीठ समिति की ओर से गुरु पूजन के बाद गूगुलमीट के द्वारा वेबिनार बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परिसर के सभी शिक्षक, छात्र एवं शोध छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में कोल्हान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर गंगाधर पंडा ने बैठक में सहभागिता की और गुरु तत्व पर अपना व्याख्यान दिया। परिसर के निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र ने मुख्य भाषण दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. मिनतीरथ ने गुरु तत्व के महत्त्व पर व्याख्यान दिया और विभिन्न शास्त्रीय तथ्य प्रस्तुत किये। विभाग के शिक्षक डॉ. कृष्ण चन्द्र कवि ने कार्यक्रम का संचालन किया।

विशेष व्याख्यान कार्यक्रम (15 जुलाई 2022)

15 जुलाई को परिसर के जयदेव हॉल में तर्क गीता पर एक विशेष व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विजिटिंग प्रोफेसर अरिंदम चक्रवर्ती उपस्थित रहे। प्रो. अरिंदम चक्रवर्ती ने अपना सारगर्भित और महत्त्वपूर्ण व्याख्यान प्रस्तुत किया। परिसर निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र सभा के अध्यक्ष पद पर आसीन हुए। परिसर में धर्मशास्त्र विभाग केअध्यक्ष प्रोफेसरश्री अतुल कुमार नंद, साहित्य विभाग केअध्यक्ष प्रोफेसर सूर्यमणि रथ ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। सर्वदर्शन विभाग के अध्यक्ष प्रो. गौर प्रिया दाश ने अतिथियों का स्वागत किया। न्याय विभाग के अध्यक्ष डॉ. बालमुरुगन ने अपने विचार रखे तथा सर्वदर्शन विभाग के शिक्षक डॉ. नंदीघोष महापात्र ने कार्यक्रम का संचालन किया।

शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष सत्रारम्भ (18/07/2022)

शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा में शिक्षाशास्त्री द्वितीय वर्ष के छात्रों का सत्रारम्भ 18/07/2022 को निदेशक महोदय के अध्यक्षता में हुआ। इस कार्यक्रम के उपरांत शिक्षण कार्य प्रारम्भ हुआ।

सूक्ष्म शिक्षण कौशल (19.07.2022 से 22.07.2022)

छात्र शिक्षकों के शिक्षण कौशल में सुधार हेतु शिक्षण अभ्यास से पूर्व दिनांक 19.07.2022 से 22.07.2022 तक सूक्ष्म शिक्षण कार्यक्रम की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. ओम नारायण मिश्र, डॉ. सागरिका नन्द, डॉ. भाग्य सिंह गुर्जर ने किया। शिक्षाशास्त्र विभाग के अंतर्गत प्राध्यापकों के निर्देशन में छात्र अध्यापकों एवं छात्राध्यापिकाओं ने विभिन्न शिक्षण कौशलों का अभ्यास किया।

सांख्ययोगविद्याशाखा में आचार्य द्वितीयवर्षीय छात्रों का सत्रारम्भ (25.07.2022)

आचार्य द्वितीयवर्षीय के छात्रों का सत्रारम्भ 25-07-2022 को हुआ। जिसके अन्तर्गत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में परिसर के निदेशक उपस्थित रहे।

आदर्श पाठ प्रदर्शन (05/08/2022)

शिक्षण अभ्यास से पहले विषय प्राध्यापकों ने छात्राध्यापकों को पाठ योजना के क्रम में संस्कृत, अंग्रेजी, हिंदी और उड़िया भाषाओं में गद्य और पद्य तथा सामाजिक विज्ञान विषय दिनांक 03/08/2022 से 05/08/2022तक पढ़ाया।

संस्कृत सप्ताह समारोह (08-14 अगस्त 2022)

संस्कृत सप्ताह समारोह 10 अगस्त को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर, पुरी में दिनांक 08.08.2022 से 14.08.2022 तक आयोजित किया गया। प्रथम दिन दिनांक 08.08.2022 को प्रातः 7 बजे परिसर के विद्यार्थियों एवं कर्मचारी द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। संस्कृत सप्ताह कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में श्रीजगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य हरिहर होता ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर के निदेशक खगेश्वर मिश्र ने किया। व्याकरण विभागाध्यक्ष प्रो. के.वि. सोमयाजुलु ने वैदिक मंत्रो के साथ समारोह का शुभारंभ किया। शिक्षाशास्त्र के प्रोफेसर और कार्यक्रम समन्वयक प्रो. रमाकांत मिश्र ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में साहित्य विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ.धर्मेन्द्र कुमार सिंहदेव ने सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. नंदीघोष महापात्र ने कार्यक्रम का सञ्चालन किया।

10.08.2022 को सुभाषित कंठ पाठ प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे 26 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

समापन समारोह में पुरी नगर के माननीय विधायक श्री जयंत कुमार षड़ंगी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। समारोह की अध्यक्षता परिसर के निदेशक आचार्य खगेश्वर मिश्र ने की। कार्यक्रम के आरंभ में व्याकरण विभाग के अध्यक्ष प्रो. के. वी. सोमयाजुलु ने वैदिक मंगलाचरण किया। प्रो. सूर्यमणि रथ ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. गौरप्रिया दाश ने सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रमुख विद्वानों में प्रो. प्रमोद चंद्र मिश्र, पूर्व-अध्यक्ष, साहित्य विभाग, श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी एवं प्रो. प्यारी मोहन पट्टनायक, पूर्व-अध्यक्ष, सर्वदर्शन विभाग, श्रीजगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, को श्री सदाशिव परिसर द्वारा सम्मानित किया गया। धर्मशास्त्र विभागाध्यक्ष आचार्य अतुल कुमार नंद सम्मानित अतिथि थे। संयोजक प्रो. रमाकांत मिश्र ने सत्र का सञ्चालन किया।

पुस्तक का लोकार्पण

इस संस्कृत सप्ताह समारोह के अवसर पर परिसर के निदेशक आचार्य खगेश्वर मिश्र द्वारा रचित "श्रीमहाप्रसाद-माहात्म्यम्" नामक पुस्तक का लोकार्पण किया। और इस पुस्तक को समस्त साहित्य प्रेमियों के लिए अध्ययन और अध्यापन के लिए प्रस्तुत की गई।

76वां स्वतंत्रता दिवस समारोह (15.08.2022)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री सदाशिव परिसर में स्वतंत्रता दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। उत्सव के दौरान तीन कार्यक्रम आयोजित किए गए- झंडा फहराना, हरघर तिरंगा और वृक्षारोपण। निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र प्रातः 7.30 बजे ध्वजारोहण किया। इसके बाद देश के विकास और अपने कर्तव्यों को पूरा करने के उद्देश्य से छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को संबोधित किया। माननीय निदेशक महोदय के द्वारा सेवानिवृत्त श्री देवदत्त पट्टनायक को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में सभी लोगो ने हाथ में तिरंगे झंडे लेकर जय-जयकार करते हुए आगे बढ़े। कार्यक्रम के अंत में निदेशक, वरिष्ठ शिक्षक, कर्मचारियों और छात्रों ने पेड़ लगाए

क्योंकि पेड़ दूसरों के लाभ के लिए फल देते हैं और पेड़ पर्यावरण की रक्षा में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हर घर तिरंगा-कार्यक्रम (15.08.2022)

स्वतंत्रता दिवस 15.08.2022 को श्री सदाशिव परिसर में आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर हरघर तिरंगा कार्यक्रम आयोजित किया गया। परिसर निदेशक श्री खगेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में सभी आचार्य, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता की जय के नारे लगाते हुए देशभक्ति गीत गाए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुशांत कुमार रॉय ने किया।

विद्यालय प्रशिक्षुता कार्यक्रम (18.08.2022 से 17.12.2022)

शिक्षक प्रशिक्षणकार्यक्रम के अन्तर्गत पुरी जिले के 11विद्यालयों में दिनांक 18.08.2022 से 17.12.2022 तक आयोजित प्रशिक्षुता कार्यक्रम किये गए। यथा-

- महंत गदाधर हाई स्कूल, चंदनपुर।
- बिरहरे कृष्णपुर हाई स्कूल।
- भोला नाथ विद्यापीठ, पुरी।
- बालगंडी हाई स्कूल, पुरी।
- गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल, पुरी।
- विश्वम्भर विद्यापीठ, पुरी।
- मार्कंडेश्वर साही स्कूल, पुरी।
- गदाधर- हाई स्कूल, पुरी।
- नगरपालिका - हाई स्कूलः बालीसाही, पुरी।
- जिल्ला स्कूल, पुरी।
- पुलिस स्कूल, पुरी।

गणेश चतुर्थी महोत्सव (31.08.2022)

31/08/2022 को श्री सदाशिव परिसर में शिक्षा शोध भवन में भगवान्विघ्नविनायक गणेश की पूजा की गई। डॉ. श्री कृष्ण चंद्र कवि ने मंत्रोच्चारण के साथ भगवान् गणेश का आह्वान किया। पूजन कार्यक्रम में परिसर निदेशक प्रोफेसर श्री खगेश्वर मिश्र उपस्थित थे। उन्होंने गणेश जी को पुष्प अर्पित किये। परिसर के सभी प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों ने मंत्रोच्चारण के बाद पुष्प अर्पित किये। शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. विजयपाल कछवाह ने कार्यक्रम का आयोजन किया और सभी को प्रसाद वितरित किया। परिसर के निदेशक, सभी विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक तथा छात्रों ने गणेश पूजन किया।

ओरिएंटेशन कार्यक्रम (31.08.2022)

31 अगस्त 2022 कोआधुनिक विभाग, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर, पुरी के द्वारा सत्र आरंभ में नव आगंतुक छात्र छात्राओं का ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया गया जिसमे छात्र छात्राओं को परिसर व विभाग के बारे में और माडर्न विभाग में पढाये जाने वाले विषय के बारे में पूर्ण जानकारी दी गयी। इस कार्यक्रम में परिसर के निदेशक, विभागाध्यक्ष तथा विभाग के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

शिक्षकपर्व शिक्षक दिवस समारोह (सितंबर 05-09, 2022)

शिक्षक दिवस के संदर्भ में श्री सदाशिव परिसर में 05.09.2022 से 09.09.2022 तकशिक्षक पर्व मनाया गया। 05.09.2022 को (शिक्षक पर्व के पहले दिन) परिसर के निदेशक प्रो खगेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में शिक्षक पर्व महोत्सव का उद्घाटन समारोह एवं गुरु पूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्रीजगन्नाथ की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर, दीप प्रज्ज्वलन और सर्वपल्ली राधाकृष्णन की पूजा के साथ हुई। धर्मशास्त्र विभाग के प्रमुख प्रो. अतुल कुमार नंद, साहित्य विभाग के प्रमुख प्रो. सूर्यमणि रथ, शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रमुख प्रो. विजयपाल कछवाह, कार्यक्रम समन्वयक प्रो. निर्मला पाणिग्रही, डॉ. भाग्य सिंह गुर्जर और सह-समन्वयक श्री रमाकांत सा एवं समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

शिक्षक पर्व के दूसरे दिन सेवानिवृत्त शिक्षक श्री डॉ. श्रीनिवासाचार्य का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम में परिसर के विभिन्न विभागों के 35 छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का विषय विद्यार्थी-प्रेमी शिक्षक था। चतुर्थ दिन छात्रों ने 'गुरुगुण कीर्तन' कार्यक्रम आयोजित किया। परिसर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने अपने शिक्षक के आदर्श गुणों का गुणगान किया। न केवल विद्यार्थियों ने बल्कि शिक्षकों ने भी उन गुरुओं को याद किया जिन्होंने उनके जीवन का मार्गदर्शन किया। पांचवें दिन महोत्सव का समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण समारोह एवं प्रतियोगिता की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी। शिक्षक पर्व समारोह की समन्वयक प्रोफेसर निर्मला पाणिग्राही ने उत्सव की रिपोर्ट पढ़ी। इसके बाद निबंध प्रतियोगिता के विजेताओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया।

बैठक की अध्यक्षता परिसर के निदेशक प्रो खगेश्वर मिश्र ने की। मुख्य वक्ता के रूप में साहित्य विभाग के अध्यक्ष प्रो. सूर्यमणि रथ ने छात्रों को गुरु के महत्त्व पर संबोधित किया। अंत में कार्यक्रम के सह संयोजक डॉ. भाग्य सिंह गुर्जर ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस प्रकार परिसर के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के सहयोग से श्री सदाशिव परिसर में पाँच दिवसीय शिक्षक महोत्सव बड़े उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

इस के अतिरिक्त, शिक्षा विभाग के द्वारा प्रथम उपराष्ट्रपति: डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जन्म जयंती के अवसर पर में दिनांक 05.09.2022 को शिक्षक दिवस आयोजित किया गया। छात्रों द्वारा विभागीय प्राध्यापकों का सम्मान किया गया तथा विभागाध्यक्ष द्वारा शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में उद्बोधन दिया गया।

भागवत जन्मोत्सव (10.09.2022)

शनिवार, 10.09.2022 को भाद्र पूर्णिमा (इंद्र उत्सव पूर्णिमा) के अवसर पर, श्री सदाशिव परिसर के पुराणेतिहास विभाग ने श्री भागवत जयंती के अवसर पर एक ऑनलाइन चर्चा, संगोष्ठी का आयोजन किया। विश्वविद्यालय के कुलपति श्री प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी इस बैठक के मुख्य संरक्षक थे।

हिन्दी-पखवाड़ा सम्मेलन (14-29 सितम्बर, 2022)

हिंदी पखवाड़ा समारोह 14 सितंबर 2022 से 29 सितंबर 2022 तक श्री सदाशिव परिसर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर परिसर के निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र, विभागाध्यक्ष, शिक्षक, कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। सभी के सहयोग से हिन्दी की प्रगति एवं उत्थान हेतु यह कार्यक्रम प्रसारित किया गया। इस अवसर पर धर्मशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल कुमार नंद, साहित्य विभाग के प्रमुख प्रो. सूर्यमणि रथ, शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रमुख प्रो. विजयपाल कछवाह तथा परिसर के अन्य शिक्षकों ने छात्रों को संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. लक्ष्मीधर दास, सेवानिवृत्त प्राचार्य, कटक उपस्थित थे। कार्यक्रम का सञ्चालन विश्वनाथ मिश्र ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार डॉ. शक्ति प्रसाद द्विवेदी ने किया।

इस अवसर पर निबन्ध लेखन, कविता पाठ, संगीत, छात्रों के लिए नारे, शिक्षकों के भाषण, "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में हिंदी का महत्व" विषय पर भाषण, सभी कार्यालय कर्मचारियों के लिए "राजभाषा कार्यान्वयन में चुनौतियाँ" विषय पर भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस समारोह के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

14-29 सितम्बर 2022 को मनाये गए हिन्दी पखवाडा कार्यक्रम का विवरण निम्न प्रकार है - जिसमे 14 सितम्बर से निबंध लेखन प्रतियोगिता, 15 सितम्बर को शिक्षक सम्मान, 16 सितम्बर को काव्य पाठ प्रतियोगिता, 19 सितम्बर को संगीत प्रतियोगिता, 20 सितम्बर को रंगोली प्रतियोगिता, 21 सितम्बर को भाषण प्रतियोगिता, 22 सितम्बर शिक्षकों की अन्त्याक्षरी प्रतियोगिता, 23 सितम्बर को कार्यालयी कर्मचारियों के लिए भाषण प्रतियोगिता, 26 सितम्बर को पोस्टर प्रतियोगिता, 27 सितम्बर को शिक्षकों द्वारा भाषण प्रतियोगिता, 28 सितम्बर को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर भाषण प्रतियोगिता तथा 29 सितम्बर को समापन समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमे परिसर के निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र, आधुनिक विभाग के विभागाध्यक्ष श्री दुर्गाप्रसाद दास महापात्रा, मुख्य अतिथि प्रो. लक्ष्मीधर दास ने हिन्दी के विकास एवं उन्नति के लिए छात्र छात्राओं का महत्त्वपूर्ण जानकारी दी। हिन्दी पखवाडा दिवस के इस कार्यक्रम में परिसर के समस्त छात्र/ छात्राएं, शिक्षक उपस्थित रहे। उपरोक्त कार्यक्रम में डॉ. रश्मि मिश्र, कुमारी मधुस्मिता मिश्र तथा श्रीमती पद्मजा सतपथी ने छात्र छात्राओं के कार्यक्रम में जज की भूमिका निभायी तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. शक्ति प्रसाद द्विवेदी रहे।

धर्म शास्त्र विभाग द्वारा नेट कोचिंग (22.09.22 - 18.01.2023)

श्री सदाशिव परिसर, पुरी, के धर्मशास्त्र विभाग की ओर से 22.09.22 से 18.01.2023 तक नेट कोचिंग कक्षाएं आयोजित की गईं। जिसमे धर्मशास्त्र विभाग के सभी शिक्षकों ने नेट के प्रतियोगी छात्र छात्राओं को विस्तार पूर्वक पढ़ाया और उनका मार्गदर्शन भी किया। इसमें 37 छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

स्वच्छता अभियान सप्ताह (26 सितंबर - 02 अक्टूबर 2022)

श्री सदाशिव परिसर, पुरी में 26 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2022 तक स्वच्छता सप्ताह अभियान चलाया गया। कार्य योजना के अनुसार प्रतिदिन बड़े पैमाने पर विभागीय सफाई कराई गई तथा ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र ने परिसर के सदस्यों को स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री माननीय धर्मेन्द्र प्रधान जी द्वारा हिंदू अध्ययन केंद्र का उद्घाटन, (04.10.22)

बहुत गर्व की बात है कि हमारे केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, माननीय श्री धर्मेंद्र प्रधान, शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री, भारत सरकार ने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी के श्री सदाशिव परिसर में हिंदू अध्ययन केंद्र का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथिके रूप में पुरी क्षेत्र के विधायक माननीय श्री जयंत कुमार षड़ंगी, ब्रह्मगिरि क्षेत्र के विधायक माननीय श्री ललितेंदु विद्याधर महापात्र, प्रो. प्रफुल्ल कुमार मिश्रउपस्थित हुए। यह विशेष कार्यक्रम केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी और श्री सदाशिव परिसर के निदेशक आचार्य श्री खगेश्वर मिश्र के संरक्षण में आयोजित किया गया था।

सत्र की अध्यक्षता और उद्घाटन करते हुए माननीय मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने संस्कृत के विकास, प्रचार और प्रसार के लिए भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का परिचय दिया और कहा कि वैज्ञानिक और सामाजिक रूप से उपयोगी अनुसंधान किया जाना चाहिए। परिसर के छात्रों ने स्वागत गीत और पारंपरिक ओडिसी नृत्य प्रस्तुत किया। उद्घाटन कार्यक्रम आचार्य श्री अतुल कुमार नंद के उत्तम समन्वय के कारण गुणवत्ता पूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

प्रतिष्ठा सप्ताह समारोह (10-15 अक्टूबर 2022)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में दिनांक 10.10.2022 से 15.10.2022 तक प्रतिष्ठा सप्ताह मानाया गया। इस संदर्भ में 12.10.2022 को एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र ने की। सभागार में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत धर्मशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. अतुल कुमार नन्द ने किया। इस अवसर पर परिसर के निदेशक क्रमशः सेवानिवृत्त निम्न पांच प्रतिष्ठित विद्वानों को सम्मानित किया। सम्मानित विद्वान हैं- प्रो. सूर्यमणि रथ, डॉ. स्नेहानंद, प्रो. प्रभातरंजन महापात्र, प्रो. डॉ.माधवचंद्र पंडा, और डॉ.सीमांचल पंडा। समारोह में श्रीजगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय (पुरी) के कुलपति प्रो. श्री रवीन्द्र कुमार पंडा ने "राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में संस्कृत के विकास के उपाय" विषय पर मुख्य भाषण दिया। डॉ. सुशांत कुमार राय के संयोजकत्व एवं सह-संयोजक श्री रमाकांत के संचालन में बड़े हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

राष्ट्रीय एकता सप्ताह (25-31 अक्टूबर 2022)

श्री सदाशिव परिसर में 25.10.2022 से 31.10.2022 तकश्री विश्वरंजन पति एवं डॉ. ओम नारायण मिश्र के संयोजकत्व में राष्ट्रिय एकता सप्ताह मनाया गया। जिसमे निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जैसे, निबंध लेखन, भाषण, चित्रकारी आदि। विजेताओं को परिसर के निदेशक आचार्य श्री खगेश्वर मिश्र ने पुरस्कृत किया एवं बधाई दी।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह (31.10.2022 से 06.11.2022)

परिसर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह दिनाङ्क 31.10.2022 से 06.11.2022 तक मनाया गया। इस साप्ताहिक कार्यक्रम में विकसित राष्ट्र निर्माण के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत के निर्माण के परिप्रेक्ष्य में सत्यनिष्ठा का संकल्प दिलाया गया। इसमें परिसर के शैक्षणिक और कार्यालय सदस्य तथा छात्र शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर के निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र ने की तथा संचालन डॉ. विश्वरंजनपति एवं डॉ. सुब्रत षड़ंगी ने किया।

भागवत परायण (04.11.2022)

कार्तिक माह के पवित्र मास में देवोत्थानी एकादशी के अवसर पर दिनांक 4.11.2022को पुराणेतिहास विभाग में अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन और भागवत पारायण का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र, शिक्षक और परिसर के निदेशक प्रोफेसर खगेश्वर मिश्र शामिल हुए। श्रीजगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी के प्रोफेसर प्यारी मोहन पट्टनायक, पूर्व विभागाध्यक्ष, दर्शन विभाग ने भाग लिया और भागवत में छिपे विषयों और सिद्धांतों का, दैनिक जीवन में उसकी उपयोगिता पर चर्चा की। इस आध्यात्मिक उत्सव में सभी संकाय सदस्यों छात्रों और बुद्धिजीवियों ने भाग लिया तथा अनेक विद्वानों ने इस गौरवशाली महापुराण के बारे में ज्ञान को प्रसारित किया।

टैक्स विषय में छात्र जागरूकता कार्यक्रम (10.11.2022)

10.11.2022 को परिसर में छात्रों के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे श्री दीनबंधु स्वैन (आयकर अधिकारी, एम एस टी आई एस, पुरी) द्वारा प्रत्यक्ष कर और राष्ट्र निर्माण में इसकी भूमिका पर एक विशिष्ट व्याख्यान आयोजित किया गया।

टंका तोरानीवितरण और सांस्कृतिक कार्यक्रम (13.11.2022)

13.11.2022 को परिसर के सदस्यों ने श्री क्षेत्र परिक्रमा कार्यक्रम के दौरान सुदूर क्षेत्र से जगन्नाथ पुरी में आए भक्तों को टंका तोरानी (एक विशेष प्रकार का महाप्रसाद) वितरित किया गया। और जगन्नाथ जी के भजन और संकीर्तन से सम्बंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

शिक्षाशास्त्री, शिक्षाचार्य प्रथम वर्ष स्वागत तथा परिचय कार्यक्रम (15.11.2022 से 17.11.202)

शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा में 15.11.2022 से 17.11.2022 तक शिक्षाशास्त्री तथा शिक्षाचार्य प्रथम वर्ष का स्वागत तथा परिचय कार्यक्रम सम्पन्न हुआ है। जिसमें परिसर के निदेशक, विभागाध्यक्ष, प्राध्यापक एवं सभी छात्र उपस्थित रहे।

संस्कृत सम्भाषण शिविर (21/11/2022 से 02/12/2022)

दिनांक 21/11/2022 से 02/12/2022 तक प्राध्यापकों ने शैक्षणिक कक्षा में प्रवेश करने वाले छात्रों के लिए संस्कृत में सुनने और बोलने का अभ्यास करने के लिए एक संस्कृत वार्तालाप शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुशान्त कमार राय तथा सदस्यगण श्री रमाकान्त सा, डॉ. सुशान्त होता, डॉ. महेश कुमार पाणिग्राही, डॉ. विद्याधर हरिचन्दन थे।

साधु पुरुष के आशीर्वचन (22.11.2022)

संतों के दर्शन और उनका सानिध्य पाना हमारे सनातन धर्म में बहुत ही श्रेयस्कर माना जाता है। ऐसे ही साधु पुरुष श्री दोरभल प्रभाकर शर्मा ने 22.11.2022 को परिसर का दौरा किया। उनकी उपस्थिति से विद्यार्थी एवं शिक्षक धन्य हो गये। प्रभाकर शर्मा ने देवभाषा संस्कृत के संरक्षण के बारे में एक प्रेरणादायक भाषण दिया।

OSSTET कोचिंग (24.11.2022 से 07.01.2023)

आईक्यूएसी, श्री सदाशिव परिसर, पुरी ने बीएड छात्रों के लिए OSSTET और CHT के लिए मुफ्त कोचिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 23.11.2022 को गूगल मीट के माध्यम से किया गया। कक्षाएं नियमित रूप से 24.11.2022 से 07.01.2023 तक आयोजित की गईं। इस कोचिंग कार्यक्रम में डॉ. जी सूर्य प्रसाद (कार्यक्रम के समन्वयक), डॉ. महेश कुमार पाणिग्राही (कार्यक्रम के सहायक समन्वयक), डॉ. सुशांत कुमार राय, डॉ. सुशांत होता, डॉ. स्वागतिका मोहंति, डॉ. विभुदत्त मिश्रा, कुमारी मधुमिता मिश्रा ने छात्रों को सफल बनाने के लिए पढ़ाया और उनका मार्गदर्शन भी किया।

MIME-कार्यशाला (25.11.2022)

25.11.2022 को श्री सदाशिव परिसर में एक प्रसिद्ध MIME अभिनेता और निर्देशक श्री कमल नस्कर ने छात्रों को अपने अभिनय कौशल को बढ़ाने के लिए आङ्गिक अभिनय के साथ-साथ सात्विक अभिनय करने का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में श्री रणवीर परिसर के निदेशक प्रो. मदन मोहन झा उपस्थित हुए। समारोह की अध्यक्षता परिसर के निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र ने की और कार्यशाला का संचालन श्री विश्वनाथ मिश्र द्वारा किया गया। डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंह देव ने स्वागत भाषण एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री आचार्य शम्भुनाथ महालिक द्वारा किया गया।

श्रीमद्भगवद्गीता जयंती महोत्सव (29.11.2022 से 05.12.2022

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री सदाशिव परिसर में दिनांक 29.11.2022 से 05.12.2022 तक प्रो. मखलेश कुमार एवं डॉ. कृष्णचन्द्र कवि के संयोजकत्त्व में श्रीमद्भगवद्गीता जयंती का साप्ताहिक पाठ महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसका उद्घाटन परिसर निदेशक आचार्य खगेश्वर मिश्र ने किया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्रीमद्भगवद गीता का दैनिक पाठ एक सप्ताह तक परिसर के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों द्वारा किया गया था। समापन दिनांक 05.12.2022 को निदेशक महोदय ने परिसर परिवार के साथ मिलकर गीता पाठ किया और प्रसाद वितरण किया गया।

रक्तदान शिविर (7.12.2022)

दिनांक 07.12.2022 को डॉ. विश्वरंजनपति एवं श्री विश्वनाथ मिश्र के संयोजकत्व में श्री सदाशिव परिसर, समर्पण और निर्माल्य संस्थाएँ द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में 57 यूनिट रक्त संग्रह किया गया। इस रक्तदान शिविर में परिसर के शिक्षक, कर्मचारी, विद्यार्थियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

भारतीय भाषा महोत्सव (9-11 दिसंबर 2022)

भारतीय भाषा महोत्सव 09.12.2022 से 11.12.2022 तक श्री सदाशिव परिसर में आयोजित किया गया। डॉ. बाल

मुरगन के संयोजन में यह कार्यक्रम मनाया गया। "भाषा अलग है लेकिन भावना एक है" इस विषय पर भाषण प्रतियोगिता हुई। इसमें 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कला एवं शिल्प प्रशिक्षण कार्यशाला (13.12.2022)

शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा में छात्रों के लिए दिनांक 13.12.2022 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला संयोजक डॉ. भाग्यसिंह गुर्जर तथा श्री रमाकान्त सा थे।

क्षेत्रीय स्तरीय रूपक महोत्सव (16.12.2022)

दिनांक 16.12.2022 क्षेत्रीय स्तरीय रूपक महोत्सव का आयोजन श्री सदाशिव प्रांगण में बड़े धूमधाम से किया गया। जिसमे दो परिसर, जैसे - एकलव्य परिसर (अगरतला) और श्री सदाशिव परिसर (पुरी) तथा दो आदर्श महाविद्यालय, जैसे - राजकुमारी-गणेश शर्मा आदर्श संस्कृत विद्यापीठ, दरभंगा (बिहार), विक्रम किशोर आदर्श संस्कृत कॉलेज, पूर्व मेदिनीपुरम (पश्चिम बंगाल) भाग लिए है। इनमें श्री सदाशिव परिसर प्रथम, एकलव्य परिसर द्वितीय और विक्रम किशोर आदर्श संस्कृत कॉलेज तृतीय स्थान पर रहे। इसके अलावा, सर्वश्रेष्ठ अभिनेता- अरिताराम वेरा, विक्रम किशोर कॉलेज, सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री- प्रतिज्ञा सरकार (एकलव्य परिसर), सर्वश्रेष्ठ मंच- श्री सदाशिव परिसर, सर्वश्रेष्ठ आहार्य- श्री सदाशिव परिसर, सर्वश्रेष्ठ प्रकाश व्यवस्था- श्री सदाशिव परिसर, सर्वश्रेष्ठ संगीत- विक्रम किशोर कॉलेज, सर्वश्रेष्ठ निदेशक- डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंहदेव (श्री सदाशिव परिसर) को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में श्री अश्रुमोचन महंती, उड़िया फिल्म उद्योग के महान कलाकार, प्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक,श्री वद्री कुमार मिश्रा, पुरी के नाट्य विशेषज्ञ और आचार्य सूर्यमणि रथ, संस्कृत साहित्य और नाटक के विशेषज्ञ थे। महोत्सव का संचालन प्रो. शंभुनाथ महालिक, डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंहदेव एवं विश्वनाथ मिश्र ने किया।

सांख्ययोगविद्याशाखा में ओरिएंटेशन कार्यक्रम (20.12.2022)

सांख्ययोगविद्याशाखा में नवागत आचार्य प्रथम वर्षीय छात्रों केलिएओरिएंटेशन कार्यक्रम 20.12.2022 को मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्याशाखा के प्रमुख डॉ. अशोक कुमार मीना ने किया जिसमें विद्याशाखा के सभी आचार्य उपस्थित रहे।

सांख्ययोग विद्याशाखा में संस्कृत सम्भाषण शिविर (01-01-2023 से 10-01-2023)

सांख्ययोग विद्याशाखा में आचार्य प्रथम वर्षीय छात्रों के लिये 01-01-2023 से 10-01-2023 तक एक दस दिवसीय संस्कृत सम्भाषण शिविर का आयोजन किया गया। इस सम्भाषण शिविर में अध्यापिकाओं रूप में डॉ. सुकान्ति बारिक् और डॉ. विकासिनी गुमानसिंह उपस्थित रहे।

युवा दिवस (12.01.2023)

शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा के द्वारा स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती के अवसर पर दिनांक 12/01/2023 को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। जिसके अन्तर्गत भाषण प्रतियोगिता एवं निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गई। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. जी. सूर्यप्रसाद तथा डॉ. भाग्यसिंह गुर्जर थे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष महोत्सव (12.01.2023)

अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष महोत्सव (12.01.2023) श्री सदाशिव परिसर में आयोजित किया गया। परिसर के निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र ने छात्रों व परिसर के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के समक्ष बाजारा उत्पादित खाद्यान्नों के लाभ पर तथ्य प्रस्तुत किये। विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने नाटक एवं गीतों के माध्यम से बाजरा भोजन के उपयोग को प्रदर्शित किया।

योग विज्ञानसेमिनार (13.01.2023)

दिनांक 13.01.2023 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर के जयदेव सभागार में डॉ. खगेश्वर मिश्र के मार्गदर्शन में डॉ. सुशांत कुमार राय और डॉ. मणिकांत तिवारी के संयोजकत्व में "प्रायोगिक योग विज्ञान" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता के रूप में सन्यासी आचार्य प्रियतोषानन्द ने योग के सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक ज्ञान एवं ध्यान के अभ्यास पर निर्देश दिये। शिक्षाशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. विजयपाल कछवाह ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया तथा डॉ. सुशांत कुमार राय ने धन्यवाद भाषण दिया। बैठक का संचालन डॉ. मणिकान्त तिवारी ने किया। जिसमे परिसर के लगभग तीन सौ छात्रों और शिक्षकों ने सेमिनार में भाग लिया और सेमिनार की सफलता में योगदान दिया।

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस (21.01.2023)

21.01.2023 को श्री सदाशिव परिसर में परिसर के निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस आयोजित की गई। श्री जगन्नाथ संस्कृत

विश्वविद्यालय की कुलसचिव श्रीमती सुमित्रा कुमारी पटनायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. नृसिंह चरण साहू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आधुनिक विभाग के प्रमुख श्री दुर्गा प्रसाद दास महापात्र और धर्मशास्त्र विभाग के प्रमुख प्रोफेसर अतुल कुमार नंद उपस्थित थे। उड़िया और हिंदी भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में सदाशिव परिसर के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे। परिसर के आधुनिक विभाग की ओडिया शिक्षिका डॉ. स्वागतिका ने संचालन किया और अंत में शिक्षक श्री विश्वनाथ ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

ए.आई.यू. नेशनल यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स चौंपियनशिप (22.01.23 से 24.01.23)

हमारे दो छात्रों ने हमारे विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया और डॉ. गौतम कुमार चौधरी, सहायक निदेशक, शारीरिक शिक्षा की देखरेख में शिवाजी यूनिवर्सिटी, कोलोपुर, महाराष्ट्र में आयोजित एआईयू नेशनल इंटर-यूनिवर्सिटी कुश्ती (पुरुष) चौम्पियनशिप में भाग लिया।

राष्ट्रीय बालिका दिवस (24.01.2023)

दिनांक 24.01.2023 को श्री सदाशिव परिसर के जयदेव सभागार में निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह मनाया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, प्रतिष्ठित न्यायाधीश एवं सामाजिक कार्यकर्ता ऋतुपर्णा महंती उपस्थित थीं। उन्होंने परिसर में सभी छात्रों को बताया कि कैसे लड़कियों को जीवन में हर समस्या का समाधान करने में सक्षम होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर विचार प्रस्तुत किया कि लड़कियाँ किस प्रकार सभी क्षेत्रों में अग्रणी हैं। परिसर के धर्मशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल कुमार नंद ने बताया कि किस प्रकार महिलाओं का समाज में विशेष योगदान है। निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र ने राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने के उद्देश्यों पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के आरंभ में वैदिक विभाग के आचार्य शिवार्चित मिश्र ने वेद पाठ किया। फिर कार्यक्रम के संयोजक प्रो. अनुपमा पृष्टि ने स्वागत भाषण दिया। शिक्षाशास्त्र विभाग में व्याख्याता ओम नारायण मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में प्रतियोगियों ने पुरस्कार जीते। इस अवसर पर परिसर के विद्यार्थियों में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किये गये। इस कार्यक्रम में सभी छात्र एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

राष्ट्रिय शिक्षा नीति -2020 परिप्रेक्ष्य में संस्कृत शिक्षा परिसंवाद (24.01.2023)

शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा में मुख्यालय द्वारा दिनांक 24.01.2023 को 'राष्ट्रियशिक्षानीतेः (2020) परिप्रेक्ष्ये संस्कृतशिक्षा' इस विषय पर परिसंवाद आयोजन का ऑनलाईन प्रसारण किया। जिसमें सभी प्राध्यापक तथा छात्रों ने सहभागिता की।

सामान्य ज्ञान/भाषण/वादविवाद प्रतियोगिता (24.01.2023)

शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा में विभागीय प्राध्यापकों द्वारा छात्रों के लिए दिनांक 24.01.2023 को सामान्य ज्ञान/भाषण/वादविवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

गणतंत्र दिवस (26.01.2023)

निदेशक प्रो खगेश्वर मिश्र द्वारा ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन परिसर के शारीरिक शिक्षा शिक्षक डॉ. गौतम कुमार चौधरी ने किया।

शिक्षाचार्य छात्रों द्वारा शिक्षाशास्त्री कक्षा अध्यापन (27.01.2023 से 30.012023)

शिक्षाचार्यपाठ्यक्रम के अन्तर्गत शिक्षाशास्त्री कक्षा में शिक्षाचार्य छात्रों द्वारा कक्षाध्यापन दिनांक 27.01.2023 से 30.01.2023 तक कराया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. निर्मला पाणिग्राही, डॉ. ओम नारायण मिश्र, डॉ. भाग्यसिंह गुर्जर थे।

एक भारत श्रेष्ठ भारत पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता (30.01.2023)

शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा में दिनांक 30.01.2023 को एक भारत श्रेष्ठ भारत विषय के अन्तर्गत छात्रों के लिए पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. भाग्यसिंह गुर्जर एवं डॉ. दिव्येन्दु कुमार मण्डल थे।

अखिल भारतीय 19वां रूपक महोत्सव (फरवरी 02-04, 2023)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का 19वां अखिल भारतीय रूपक महोत्सव दिनांक 02.02.2023 से 04.02.2023 तक

श्री सदाशिव परिसर में बड़े धूमधाम से आयोजित किया गया। रूपक महोत्सव के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. मधुकेश्वर भट्ट, पुरी परिसर का संयोजक डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंहदेव एवं सह संयोजक श्री विश्वनाथ मिश्र थे।

रूपक प्रतिस्पर्धी उत्सव में चार क्षेत्रीय स्तरों पर चयनित 12 नाट्य मंडली शामिल थीं। रूपक महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. प्रफुल्ल कुमार मिश्रा (उपाध्यक्ष, महर्षि सांदीपनि राष्ट्रीय वैदिक अध्ययन संस्थान, उज्जैन) ने किया। परिसर निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र, तथा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का विभिन्न संकाय अध्यक्ष, यथा - प्रो. अतुल कुमार नंद,प्रो. सर्वनारायण झा, प्रो. सुकांत कुमार सेनापति, प्रो. बनमाली विश्वाल, प्रो. वाई.एस. रमेश, प्रो. लोकमान्य मिश्र व अन्य मौजूद रहे।

सब से प्रथम, पूर्वरङ्ग में बारह नाट्य मंडलियों के नाटकों का संग्रह, प्रदर्शित किया गयाजो धर्मेंद्र कुमार सिंहदेव द्वारा लिखित था। इसका निर्देशन डॉ. धर्मेन्द्र कुमार सिंहदेव ने किया। ततः 12 रूपक प्रस्तुत किये गये। जज की भूमिका में प्रो. बलदेवानंद सागर, डॉ. शुक्ला मुखर्जी, प्रो. पी.के. माधवन, प्रो. श्रीकांत बाहुलकर, डॉ. उमेश नेपालः, विदुषी कलैवानी राजमोहन, प्रोफेसर अभिराज राजेंद्र मिश्र थे।

विशेष पुरस्कार

समापन समारोह में माननीय कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने भाग लिया। माननीय कुलपति महोदय ने, श्रीमती सन्ध्या पुरेचा, अध्यक्ष और निदेशक, संगीत नाटक अकादमी, दिल्ली, तथा जी-20की सदस्य ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

मुख्य अतिथि श्रीमती सन्ध्या पुरेचा ने रंगमंच की उत्पत्ति से लेकर अब तक इसके विभिन्न स्तरों पर विकास से जुड़े तथ्यों का प्रस्ताव किया। कुलपति ने रूपक के व्यापक विकास के लिए एक स्थायी व्यवस्थित कार्यक्रम स्थापित करने की आवश्यकता पर विचार प्रस्तुत किये।

नाट्य कार्यशाला (वर्कशॉप)(फरवरी 06-25, 2023)

श्री सदाशिव परिसर, श्रीनाट्यम (संस्कृत थिएटर मंडली) के संयुक्त तत्त्वावधान में एक नाट्य कार्यशाला आयोजित की गई। परिसर के डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंहदेव द्वारा रचित नाटक षोडशसंस्कार का अभ्यास किया गया। इसका मञ्चन दिनांक 23.2.23 को राजकीय संस्कृत महाविद्यालय, कोलकाता में एक राष्ट्रीय समारोह में किया गया। भारतीय संस्कृति पर आधारित इस नाटक को वहां मौजूद दर्शकों ने दिल खोलकर सराहा।

क्षेत्रीय स्तर-12वां युवा महोत्सवः (15-17 फरवरी, 2023)

दिनांक 02.02.2023 से 04.02.2023 तकचतुर्थ क्षेत्र का 12वां युवा महोत्सव श्री सदाशिव के परिसर में बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दो परिसर तथा छः आदर्श महाविद्यालय ने भाग लिया। युवा महोत्सव का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवींद्र कुमार पंडा ने किया। जिसमें युवा महोत्सव का संयोजक डॉ. गौतम कुमार चौधरी. परिसर निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र, धर्मशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. अतुल कुमार नंद उपस्थित रहे। खेलकूद, शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं। श्री सदाशिव परिसर को सर्वोच्च पुरस्कार से सम्मानित किया गया और विजय वैजयन्ती प्रदान कर प्रथम स्थान से अलंकृत किया गया। इसमें 19 स्वर्ण, 08 रजत और 01 कांस्य पदक हैं। इसी प्रकार एकलव्य परिसर 06 स्वर्ण, 15 रजत एवं 03 कांस्य पदकों से सुशोभित हुआ। श्री सीता राम वैदिक आदर्श महाविद्यालय को 02 स्वर्ण, 01 रजत एवं 04 कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। एकलव्य परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को संबोधित किया।

अन्तिम शिक्षणाभ्यास तथा मनोविज्ञान परीक्षा (20.02.2023 से 25.02.2023)

शिक्षाशास्त्र द्वितीय वर्ष के छात्रों की अन्तिम शिक्षणाभ्यास तथा मनोविज्ञान परीक्षा का आयोजन दिनांक 20.02.2023 से 25.02.2023 तक किया गया। वाह्य परीक्षक प्रो. जे भानुमुर्ति, आन्तरिक परीक्षक प्रो. विजयपाल कच्छ्वाह, संयोजक प्रो. रमाकान्त मिश्र एवं सभी विभागीय अध्यापकों के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हआ।

राष्ट्रीय संगोष्ठी (21.02.2023)

गवर्नमेन्ट वुमेन कॉलेज, पुरी और श्री सदाशिव परिसर के सहयोग से वर्तमान परिदृश्य में संस्कृत, आयुर्वेद एवं योग का महत्त्व– इस विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे प्रो. हरेकृष्ण शतपथी (पूर्व कुलपति), श्री अरुण कुमार उपाध्याय (पूर्व आईपीएस), प्रो. डॉ. एस.के. पांडेय (वनारस हिंदू विश्वविद्यालय), प्रो. रवि प्रकाश आर्य (अध्यक्ष,

इंटरनेशनल वैदिक फाउंडेशन), प्रो. खगेश्वर मिश्र (निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय श्रीसदाशिव परिसर, पुरी)उपस्थित हुए। कार्यक्रम के संयोजक गवर्नमेन्ट वुमेन कॉलेज, पुरी के डॉ. राकेश कुमार मिश्र थे।

वैदिक विश्वकोश कार्यशाला (फरवरी 28 - मार्च 06, 2023)

सत्य चेतना वैदिक अनुसंधान संस्थान, तिरुवनंतपुरम, तमिलनाडु तथा श्री सदाशिव परिसर, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में वैदिक विश्वकोश की प्रस्तुति पर एक कार्यशाला श्री सदाशिव परिसर में आयोजित की गई थी। इसमें 28 बाहरी एवं 12 स्थानीय विषय विशेषज्ञ उपस्थित थे। कार्यशाला की शुरुआत स्वामी श्री आत्मानन्द महाराज के आशीर्वाद और आचार्य हरेकृष्ण शतपथी, पूर्व कुलपति, श्री जगन्नाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, तिरूपति के मुख्य भाषण के साथ हुई।

अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह समारोह (01-08 मार्च, 2023)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के श्री सदाशिव परिसर में दिनांक 01.03.2023 से 08.03.2023 तक अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परिसर के शिक्षक, छात्र एवं कर्मचारी उपस्थित होकर समारोह की गरिमा बढ़ा रहे थे। भाषण, पेंटिंग प्रतियोगिताएं और कविता सत्र आयोजित किए गए। इसी प्रकार सभी महिला कर्मचारियों को नारी शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। महोत्सव के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता परिसर के निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र ने की और संचालन दर्शनशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्षा प्रो. गौरप्रिया दाश ने किया। समापन समारोह में प्रो. संगीता रथ, रेवेन्शा विश्वविद्यालय, मुख्य अतिथि थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के योग विज्ञान संकाय के प्रमुख प्रो. अतुल कुमार नन्द, और परिसर के निदेशक प्रोफेसर खगेश्वर मिश्र ने अध्यक्ष के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये।

वाक्यकौशलम् विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला (06.03.2023 – 05.04.2023)

वेदान्त विभाग और आईक्यूएसी ने संयुक्त रूप से 6 मार्च से 5 अप्रैल 2023 तक वाक्यकौशलम् विषय पर एक राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला में प्रो. एस. एन. महालिक, समन्वयक थे और डॉ. जी. सूर्यप्रसाद इस कार्यशाला के सह-समन्वयक थे। इस कार्यशाला में 19 की संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लिया। श्री विभुदत्त मिश्रा, डॉ. महेश कुमार पाणिग्रही और डॉ. अखिलेश मिश्रा रिसोर्स पर्सन थे। समापन सत्र में, प्रतिभागियों को निदेशक प्रोफेसर अतुल कुमार नंद द्वारा सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन (12.03.2023)

लोकभाषा प्रचार समिति एवं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में एक राष्ट्रीय संस्कृत सम्मेलन श्री सदाशिव परिसर में आयोजित किया गया। दिव्य अतिथि के रूप में श्रद्धेय स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती जी, (निगमकल्पतरु आश्रम, भुवनेश्वर) मुख्य अतिथि के रूप में श्री विद्युत रंजन षड़ंगी (मानद न्यायाधीश, ओडिशा उच्च न्यायालय) विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री बृजकिशोर शर्मा (अध्यक्ष राजस्थान संस्कृत साहित्य सम्मेलन, जयपुर), प्रो. काशीनाथ न्यूपाने (महामंत्री, विश्व संस्कृत संगठन, काठमांडू, नेपाल) मुख्य वक्ता के रूप में श्री रमेश जॉयस (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोकभाषा प्रचार समिति, बैंगलोर, तथा प्रो. आलेख चन्द्र षडंगी (पूर्व कुलपति, श्री जगनाथ संस्कृत विश्वविद्यालय, पुरी) ने भाग लिया।

स्पोकन इंग्लिश कार्यक्रम (16.03.2023 से 27.03.2023)

श्री सदाशिव परिसर, पुरी के आधुनिक विभाग द्वारा परिसर के IQAC के सहयोग से 16.03.2023 से 27.03. 2023 तक छात्रों के लिए 7 दिवसीय स्पोकन इंग्लिश कोचिंग कार्यक्रम आयोजित किया था। कार्यक्रम में 37 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

हिन्दी सम्भाषण कार्यक्रम (16.03.2023 से 27.03.2023)

श्री सदाशिव परिसर, पुरी के आधुनिक विभाग द्वारा परिसर के IQAC के सहयोग से 16.03.2023 से 27.03. 2023 तक छात्रों के लिए 7 दिवसीय हिन्दी सम्भाषण कार्यक्रम आयोजित किया था। कार्यक्रम में 83विद्यार्थियों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा राष्ट्रीय एकता कैम्प (17.03.2023 - 25.03.2023)

राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्रीय निदेशालय भुवनेश्वर द्वारा

17.03.2023 से 25.03.2023 को जगन्नाथ वेद कर्मकाण्ड महाविद्यालय, पुरी में एकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे श्री सदाशिव परिसर के उत्कृष्ट कार्य के लिए श्री सदाशिव परिसर, पुरी की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई को उचित मार्गदर्शन एवं अनुशासित नेतृत्व के लिए परिसर को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ओम नारायण मिश्र भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में संस्कृत नाटक प्रस्तुतीकरण (18.03.2023)

18.03.2023 को ओडिशा केन्द्रीय विश्वविद्यालय, कोरापुट में भारत और विश्व में संस्कृत के योगदान विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार के अन्तर्गत आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्री सदाशिव परिसर, पुरी छात्रों द्वारा डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंहदेव द्वारा निर्देशित एक संस्कृत नाटक कृष्णकुतूहलम का मंचन किया गया। इस संस्कृत नाटक के मंचन की वहां उपस्थित सभी भारतीय विदेशी संस्कृत विद्वानों ने प्रशंसा की।

पांच दिवसीय ज्योतिष कार्यशाला (20.03.2023 से 24.03.2023)

दिनांक 20.03.2023 से 24.03.2023 तक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीसदाशिव परिसर, पुरी के ज्योतिष विद्या शाखा द्वारा पांच दिवसीय ग्रहवेधयन्त्र निर्माण कौशल संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 20 मार्च को परिसर के निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें सारस्वत अतिथि के रूप में प्रो. अतुल कुमार नन्द एवं मुख्य अतिथि व कार्यशाला प्रशिक्षक के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय गरली परिसर के ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजेन्द्र शर्मा जी थे।

कार्यशाला में प्रशिक्षक डॉ. शर्मा द्वारा गोल ज्ञान के अन्तर्गत गोल परिचय, खमध्य, रेखा देश, पृष्ठ स्थान, ध्रुव स्थान, याम्योत्तर वृत्त, नाड़ी, क्रान्ति, ग्रहवेध का परिचय, अक्षांस, लम्बांश, क्रान्त्यंश, आदि महत्त्वपूर्ण वृत्तों की प्रायोगिक रूप से ज्ञान कराया गया।

दिनांक 24 मार्च 2023 में आयोजित समापन सत्र की अध्यक्षता परिसर के निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र ने की। सारस्वत अतिथि के रूप में प्रो. अतुल कुमार नन्द जी उपस्थित रहे। इसके अलावा प्रशिक्षकों में डॉ. विजेन्द्र कुमार शर्मा एवं वी शिवशंकर शास्त्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सदाशिव परिसर,ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष डॉ. विश्वरंजन पति, सह संयोजिका डॉ. विजयलक्ष्मी महापात्र, विभाग के अध्यापक डॉ. ज्योतिप्रसाद दाश, डॉ. नीलमाधव दाश, डॉ. चक्रधर कर, डॉ. गणेश प्रसाद मिश्र, डा राजश्री पाढ़ी एवं 100 से अधिक प्रतिभागी उपस्थित रहे।

एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी (25.03.2023)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्री सदाशिव परिसर, पुरी की हिन्दू अध्ययन विद्या शाखा ने दिनांक 25-03-23 को जयदेव सभागार में 'समकालीन समाज में सनातन धर्म की प्रासंगिकता' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य अतिथि के रूप में प्रोफेसर हरेकृष्ण शतपथी, पूर्व कुलपति (राष्ट्रीय संस्कृत विद्यापीठ, तिरूपति) थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री नचिकेता तिवारी (भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर) ने 'सनातन धर्म की प्रासंगिकता' विषय पर चर्चा की। सत्र की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र ने की। हिन्दू अध्ययन विभाग के प्रमुख प्रो. अतुल कुमार नंद ने स्वागत भाषण दिया। अतिथियों ने पुरी के प्रतिष्ठित पत्रकार श्री वद्री नारायण मिश्र को सम्मानित किया। शिक्षाशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. विजयपाल कच्छवाह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ. स्वगातिका मोहंती ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस संगोष्ठी में सत्तर वक्ताओं ने शोधपत्र पढ़े। समारोह में दो सौ से अधिक विद्यार्थी शामिल हुए। इस अवसर पर पुरी के पत्रकार और अनेक हिन्दू श्रद्धालु उपस्थित थे। पेपर वाचन सत्र की अध्यक्षता प्रो. सत्यनारायण आचार्य ने की। सम्पूर्ति सत्र में अतिथियों ने शोधपत्र वाचन करने वाले पाठकों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।

राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान (28.03.2023)

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई श्री सदाशिव परिसर के द्वारा 28.03.2023 को पुरी परिसर में एक स्वच्छता शिविर का आयोजन किया गया जिसमे राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी छात्रों ने श्री सदाशिव परिसर की सफाई की तथा इस स्वच्छता कार्यक्रम का उद्घाटन परिसर निदेशक प्रो. अतुल कुमार नन्द ने किया। इस स्वच्छता कार्यक्रम में श्री सदाशिव परिसर, पुरी के समस्त शिक्षक एवं आचार्यो ने भी सहभागिता की।

परिसर निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र का सौप्रस्थान (31.03.2023)

परिसर निदेशक प्रो. खगेश्वर मिश्र 31.03.2023 को निदेशक पद से सेवानिवृत्त हो गए। परिसर के सभागार में सौप्रस्थानिक महोत्सव मनाया गया। फिर प्रो. श्री अतुल कुमार नंद ने निदेशक का पद सुशोभित किया।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्याः

प्रार्थना–पत्र प्राप्त	–	00
उत्तर प्रेषित	–	00

4.2.3 श्री रणवीर परिसर, जम्मू (जम्मू एवं कश्मीर)

1. परिसर के विषय में–

परिचय (Introduction)

भारतीय संसद के अधिनियम के अन्तर्गत 30 अप्रैल 2020 को शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार के अन्तर्गत केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, (पूर्ववर्ती राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान) की स्थापना हुई। यह विश्व का एकमात्र बृहत्तम एवं बहुपरिसरीय संस्कृत विश्वविद्यालय है। जो कि राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद द्वारा A++ श्रेणी प्रदत्त है। वर्तमान में माननीय प्रो. श्रीनिवास वरखेडी इसके कुलपति हैं। देशभर में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के 13 (मुख्यालयसहित) परिसर हैं। जम्मू स्थित श्रीरणवीर परिसर उन्हीं तेरह परिसरों में से एक है। यह परिसर 84 कनाल भूमि पर निर्मित है।

उद्देश्य एवं पृष्ठभूमि (Objectives & Background)

जम्मू-कश्मीर के महाराजाधिराज श्रीरणवीर सिंह ने संस्कृत विद्या के पारम्परिक एवं अगाध-अद्भुत ज्ञान के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जम्मू प्रान्त में सन् 1800 के उत्तरार्ध में श्रीरघुनाथ संस्कृत महाविद्यालय की स्थापना की थी। दिनांक 01 अप्रैल, 1971 को केन्द्र सरकार ने इसका अधिग्रहण किया तथा इसे "श्रीरणवीर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ" का नाम दिया। 02 मई, 2002 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय को बृहत्तम बहुपरिसरीय राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) घोषित किया गया। तब से 29 अप्रैल 2020 तक श्रीरणवीर परिसर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, (मानित विश्वविद्यालय) के नाम से विख्यात रहा। इस परिसर के प्रथम प्राचार्य डॉ. अनन्तमराल शास्त्री थे तथा क्रमशः डॉ. दयानन्द भार्गव, डॉ. जे. गांगुली, डॉ. जगन्नाथ पाठक, डॉ. राघवप्रसाद चौधरी, डॉ. रामकिशोरशुक्ल, डॉ. प्रियतमचन्द्रशास्त्री (कार्यवाहक), प्रो. जी. गंगन्ना, प्रो. विश्वमूर्तिशास्त्री, प्रो. यशपालखजूरिया (कार्यवाहक), प्रो. एम्. चन्द्रशेखर (कार्य-वाहक), प्रो. पी.एन. शास्त्री (कार्यवाहक), प्रो. रामानुज-देवनाथन्, प्रो. बच्चाभारती (कार्यवाहक), प्रो. लोकमान्यमिश्र (कार्यवाहक), श्री शरत् चन्द्र शर्मा (कार्यवाहक), प्रो. फतहसिंह (कार्यवाहक)श्री शरत् चन्द्र शर्मा (कार्यवाहक) एवं प्रो. वासुदेव शर्मा परिसर के (कार्यवाहक) प्राचार्य रहे। 30 अप्रैल 2020 को संसदीय अधिनियम के द्वारा इसे केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के नाम का दर्जा दिया गया, तब से प्राचार्य के स्थान पर निदेशक व्यवस्था प्रारम्भ हुई जिसमें प्रो. वासुदेव शर्मा प्रथम निदेशक रहे और वर्तमान में प्रो. मदन मोहन झा निदेशक हैं।

प्रकाशन (Publications)

विविध ज्ञान-विज्ञान, दर्शन आदि से सम्बन्धित 23 ग्रन्थ परिसर द्वारा प्रकाशित किये जा चुके हैं। इनमें कश्मीर शैवदर्शन से सम्बन्धित ग्रन्थों की माँग सम्पूर्ण देश से की जा रही है। संस्कृत, हिन्दी, डोगरी तथा अंग्रेजी भाषा में गवेषणा-पूर्ण निबन्धों आदि से सुसज्जित श्रीवैष्णवी नामक वार्षिक पत्रिका का प्रकाशन भी विगत वर्षों से होता आ रहा है। इस पत्रिका को जनवरी 2022 में UGC केयर सूची में शामिल किया गया है। परिसर के शिक्षा विभाग द्वारा भी शिक्षामृतम् नामक शिक्षाशास्त्र पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। जो वर्तमान में यू.जी.सी केयर सूची में संग्रहीत है।

2. परिसर की स्थिति

पुस्तकालय (Library)

श्रीरणवीर परिसर का अपना सुसमृद्ध पुस्तकालय है, जिसमें विविध विषयों की लगभग 46,000 पुस्तकें उपलब्ध हैं।

ई-पुस्तकालय (E-Library)

श्रीरणवीर परिसर की ग्रन्थात्मक ज्ञाननिधि को परिचयात्मक दृष्टि से सर्वजन सुलभ बनाने के उद्देश्य से परिसर में ई-पुस्तकालय का अनात्मक उपक्रम चल रहा है। जिसमें बहुत पुस्तकों का ई पुस्तकालीयकरण कर दिया गया है और वर्तमान में कार्य चल रहा है।

वेधशाला (Planetarium)

विद्यार्थियों को सौविध्यपूर्वक ज्योतिषशास्त्र का सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक ज्ञान प्रदान करने की दृष्टि से श्रीरणवीर परिसर में एक लघु वेधशाला भी स्थापित की गई है। इस वेधशाला में लघु तारामण्डल, दूरवीक्षण-यन्त्र, ग्रहकक्षाक्रम-यन्त्र, चन्द्रकला-यन्त्र, सौरचन्द्रग्रहण-यन्त्र तथा गोल-यन्त्र आदि अनेक यन्त्र एवं चित्रफलक विद्यमान हैं।

सम्मेलन कक्ष (Conference Hall)

श्री रणवीर परिसर में एक मन्त्रणा सभागार बनाया गया है, जो कि आधुनिक एवं उत्कृष्ट सुविधाजनक फर्नीचर से सुसज्जित है। इस मन्त्रणा सभागार में 62 व्यक्तियों के बैठने की सुखद व्यवस्था है।

वाणी विलास सभागार (Vani VilasAuditorium)

विद्वद् व्याख्यान तथा विद्यार्थियों की नृत्य-नाट्य-भाषाणादि, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के सुचारु से संचालन के लिये श्रीरणवीर परिसर में आधुनिक तकनीकि युक्त ध्वनि प्रकाशादि व्यवस्था से सम्पन्न तथा सुन्दर फर्नीचर से सुसज्जित 'वाणीविलास' सभागार भी है। इस भव्य सभागार में 500 लोगों के बैठने की पर्याप्त व्यवस्था है।

सङ्गणक-कक्ष (Computer Room)

आधुनिक विषयों के अन्तर्गत शास्त्री स्तर तक विद्यार्थियों को कम्प्यूटर की शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से परिसर में सङ्गणक-कक्ष भी बनाया गया है। इस सङ्गणक-कक्ष में पर्याप्त रूप से उपयोगी फर्नीचर की सुविधा सहित 25 सङ्गणक यन्त्रों की व्यवस्था है। सङ्गणक कक्ष इन्टरनेट सुविधा से परिपूर्ण है।

प्रति विभाग कम्प्यूटर (Departmental Computers)

विभागीय कार्यों को सुचारु गति देने और अधिक व्यवस्थित ढंग से कार्यों को सम्पन्न करने के लिए परिसर के प्रत्येक विभाग में एक एक कम्प्यूटर इन्टरनेट सुविधा सहित लगाये गए हैं। समस्त परिसर में फाईवर इन्टरनैट की व्यवस्था सुचारु रूप से सञ्चालित है। परिसर के प्रत्येक विभाग में एक स्मार्ट कक्षा कक्ष की व्यवस्था फाईवर इन्टरनेट के साथ की गई है।

विभागीय पुस्तकालय (Departmental Library)

विद्यार्थियों के जिज्ञासा पठन-पाठन की प्रवृत्ति और उनमें पढने के प्रति रुचि जाग्रत करने के लिए परिसर के प्रत्येक विभाग में 50,000 हजार रूपये की राशि से पुस्तकालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

भाषा-प्रयोगशाला (Language Lab)

परिसर के शिक्षाशास्त्र-विभाग (Education) में भाषा-प्रयोगशाला का निर्माण हुआ। इस में दस छात्रों एवं एक अनुदेशक के लिए भाषा-कौशल अधिगम की व्यवस्था की गई है। इस में 10 अधिगम सङ्गणक एवं 01 अनुदेशक सङ्गणक व्यवस्थित हैं।

मनोविज्ञान प्रयोगशाला (Psychology Lab)

परिसर के शिक्षाशास्त्र विभाग में मनोविज्ञान-प्रयोगशाला में नवीन उपकरणों की व्यवस्था की गई। जिसमें अत्याधुनिक इलेक्ट्रानिक उपकरण भी सम्मिलित हैं।

प्राध्यापक वर्ग एवं कार्यालयीय कर्मचारी (Teaching &Non Teaching Staff)

परिसर में आचार्य, सहआचार्य, सहायक आचार्य, अनुबन्धित एवं अतिथि शिक्षक आदि कुल मिलाकर 43 शैक्षणिक सदस्य कार्यरत हैं। परिसर में 38 कार्यालयीय सदस्य, 14 सुरक्षा प्रहरी तथा कर्मचारी कार्यरत हैं।

छात्रावास (Hostel)

दूरदराज के क्षेत्रों तथा अन्य राज्यों से आने वाले विद्यार्थियों के लिये श्रीरणवीर परिसर में छात्र-छात्राओं के लिये अलग-अलग पर्याप्त विस्तृत सुविधा सम्पन्न पुरुष छात्रावास (Boys Hostel) तथा महिला छात्रावास (Girls Hostel) हैं। इन छात्रावासों में कुल 84 आवास कक्ष हैं। जिनमें 168 विद्यार्थियों के रहने की व्यवस्था है। छात्रावासों में गीजर भी हैं। छात्रावासीय छात्रों एवं छात्राओं की भोजन व्यवस्था के लिये दोनों छात्रावासों में सुविधायुक्त भोजनालय भी बनाए गये हैं।

कर्मचारी आवास (Staff Quarters)

प्राचार्य, छात्रावासीय-अधीक्षक तथा परिसरीय सदस्यों की आवासीय सुविधार्थ परिसर में शिक्षकावास बनाये गए हैं।

व्यायामशाला (Gymnasium)

विद्यार्थियों के मानसिक एवं शारीरिकस्वास्थ्य के लिए परिसर में योग, क्रीडा तथा व्यायाम का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। जिस के लिए एक व्यायामशाला का निर्माण किया गया है। इस व्यायामशाला में विविध आधुनिक उपकरण उपलब्ध हैं। ओपन जिम की सुविधा भी है।

क्रीडा-क्षेत्र (Play Ground)

परिसर में एक विशाल खेल का मैदान भी है, जिसमें सभी प्रकार की क्रीडात्मक गतिविधियों का सञ्चालन किया जाता है।

3. उपलब्ध पाठ्यक्रम

विद्याशाखा (Subjects & Departments)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, श्रीरणवीर परिसर में अध्ययन विषयानुरूप आठ विभाग हैं -

1. वेद कर्मकाण्ड पौरोहित्य विद्याशाखा
2. व्याकरण विद्याशाखा
3. ज्योतिष विद्याशाखा
4. संस्कृत-साहित्य-विद्याशाखा
5. दर्शन विद्याशाखा
6. भारतीय भाषा विद्याशाखा (हिन्दी, डोगरी)
7. शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा
8. सामाजिक विज्ञान विद्याशाखा
9. आंग्ल विद्याशाखा
10. मुक्तस्वाध्यायकेन्द्र (Distance Education Centre)

अध्ययन-अध्यापन एवं शोधकार्य (Studies & ResearchActivities)

श्रीरणवीर परिसर में नई शिक्षा नीति आधारित क्रेडिट प्रणाली के अन्तर्गत-पारम्परिकशिक्षा के साथ-साथ आधुनिक विषयों का भी सुन्दर सामञ्जस्य स्थापित कर अध्ययन-अध्यापन किया जाता है। विश्वविद्यालय मुख्यालय के निर्देशानुसार वार्षिक एवं सत्रार्धिक परीक्षा प्रणाली (Semester System) भी लागू है। कक्षानुसार परिसर में अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था इस प्रकार है-

पारम्परिक संस्कृतशिक्षा (Traditional Sanskrit Studies)

पारम्परिक संस्कृत शिक्षा के अन्तर्गत श्रीरणवीर परिसर में क्रेडिट व्यवस्था आधारित प्राक्शास्त्री (सत्रार्द्ध) (इण्टरमीडिएट), शास्त्री (सत्रार्द्ध)(B.A.) तथा आचार्य (सत्रार्द्ध) (M-A-) शैक्षणिक अध्ययन की व्यवस्था है। इन कक्षाओं में व्याकरण शास्त्र, साहित्यशास्त्र, दर्शनशास्त्र, सिद्धान्त एवं फलित ज्योतिष शास्त्र तथा वेद वाङ्मय संस्कृत के पारम्परिक शास्त्रीय विषयों के साथ-साथ हिन्दी, डोगरी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीतिशास्त्र, कम्प्यूटर एवं पर्यावरण शिक्षा, योग इत्यादि आधुनिक विषयों का भी अध्ययन करवाया जाता है।

व्यावसायिक-शिक्षा (Professional Education)

श्रीरणवीर परिसर में व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत शिक्षाशास्त्र-विभाग (Education Department) में दो वर्षीय (सत्रार्द्ध) शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) का प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम (Certificate Courses)

वेद कर्मकाण्ड पौरोहित्य विद्याशाखा द्वारा छात्रों के लिए एक वर्षीय प्रमाण पत्रीय पाठ्य-क्रम संचालित है। सत्र 2023-24 में एक वर्षीय योग प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम संचालित किया जाना है।

शोधकार्य (ResearchActivities)

संस्कृत विद्या की विविध विद्याओं में प्रासङ्गिक विषयों में बहु आयामी शोध के उद्देश्य से श्रीरणवीर परिसर में विद्यावारिधि (Ph.D.) के निर्देशन की भी समुचित व्यवस्था है। गत वर्षो तक इस परिसर में 120 शोधार्थी विद्यावारिधि (Ph.D.) की उपाधि प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में पञ्जीकृत शोधार्थियों की संख्या 17 है।

मुक्तस्वाध्यायकेन्द्र (Distance Education Centre)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय ने दूरस्थ-शिक्षा-परिषद् (Distance Education Council) की मान्यता प्राप्त करके संस्कृत के विश्व व्यापी विस्तार के उद्देश्य से दूरस्थ-शिक्षा-निदेशालय (The Distance Education Institute) प्रारम्भ किया गया है। इस दूरस्थ-शिक्षा- निकाय को मुक्तस्वाध्यायपीठम् (मु.स्वा.पी/MSP) का नाम दिया गया है। मुख्यालय सहित संस्थान के सभी परिसरों में मुक्तस्वाध्याय केन्द्र बनाये गये हैं। श्रीरणवीर परिसर में भी 2010-2011 से मुक्तस्वाध्याय केन्द्र संचालित है। इसमें (10+2) से आचार्य (M.A.) कक्षापर्यन्त अध्ययन-अध्यापन चल रहा है। मुक्तस्वाध्याय की विशेष उपादेयता एवम् आकर्षण यह है, कि इसमें संस्कृतेतर (Non-Sanskrit) विद्यार्थियों तथा अन्य जिज्ञासु जनों के संस्कृत में प्रवेश लेने के लिये विविध-स्तरों पर सेतु पाठ्यक्रमों (Bridge courses) को भी तैयार किया गया है। इसमें विद्यार्थियों को पुस्तकीय-सामग्री के साथ-साथ दृश्य-श्रव्य (Audio Visual) सामग्री भी उपलब्ध करवाई जाती है, ताकि संस्कृत से

अनभिज्ञ लोग भी अत्यन्त अल्प अवधि में सरल संक्षिप्त मार्ग से संस्कृत का सामान्य एवं शास्त्रीय-ज्ञान अर्जित कर सकें।

7. अन्यक्रियाकलाप/समारोह/कार्यशालाओं सहित पूर्ण विवरण–

नाट्यमहोत्सव

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अष्टादश संस्कृत नाट्यमहोत्सव का आयोजन दिनांक 02 फरवरी 2023 से 04 फरवरी 2023 तक पुरी (उड़ीसा) में किया गया। जिसमें परिसर के छात्रों द्वारा उत्तररामचरितनाटक का मंचन किया गया। इस महोत्सव में परिसर के ज्योतिष विभाग के छात्र रोहित शर्मा को प्रथम, शिक्षाशास्त्री के छात्र अमन सढोत्रा को द्वितीय तथा-वेद-विभाग के छात्र सुमित शर्मा को तृतीय पुरस्कार दिया गया।

अखिलभारतीयशास्त्रीय स्पर्धा

प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा दिनांक 27.03.2023 से 30.03.2023 तक अखिलभारतीयशास्त्रीय स्पर्धा का आयोजन काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा किया गया। जिसमें परीसरीय छात्रों ने भाग ग्रहण किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना

राष्ट्रीय सेवा योजना की विश्वविद्यालय परिसर में दो इकाई संचालित हैं, जिसमें लगभग 200 छात्र पंजीकृत हैं। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. योगेन्द्र दीक्षित एवं कार्यक्रम अधिकारी श्री मनिन्दर सिंह है। वर्ष भर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत विभिन्न गतिविधियों का संचालन नियमित रूप से किया जाता है। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के अन्तर्गत वर्ष भर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाता है।

समारोहादि का आयोजन

- दिनांक 14.08.2022 को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के संयोजक श्री प्रदीप कुमार मिश्र रहे।
- 15.08.2022 को स्वतन्त्रता दिवस मनाया गया जिसमें परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन झा ने ध्वजारोहण किया।
- दिनांक 29.08.2022 से 06.09.2022 तक व्यावसायिक कौशल संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें परिसर के प्रत्येक विभाग के प्राध्यापक ने स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. घनश्याम मिश्र थे।
- दिनांक 31.08.2022 को परिसरीय प्राध्यापक कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा गणेश पूजनोत्सव मनाया गया।
- दिनांक 05.09.2022 से 09.09.2022 तक शिक्षक दिवस मनाया गया। जिसमें परिसरीय छात्रों द्वारा प्राध्यापकों का सम्मान, निबंध लेखन स्पर्धा, शिक्षकगौरवाधारित चलचित्र प्रदर्शन, शिक्षक के विशिष्ट गुणों पर आधारित आशुभाषण एवं पुरस्कार वितरण किया गया।
- दिनांक 01.09.2022 से 14.09.2022 तक हिन्दी पखवाड़ा समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। कार्यक्रम का आयोजन राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा किया गया।
- दिनांक 08.08.2022 से 13.08.2022 तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें जम्मू के विभिन्न क्षेत्रों में शोभा यात्रा एवं वीथी नाटकों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मदन कुमार झा थे।
- दिनांक 09-13 अगस्त तक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्त्वावधान में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया गया।
- दिनांक 16.09.2022 को परिसर में शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानन्द जी महाराज का विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया था।
- दिनांक 20.09.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा राष्ट्रीय पोषण मास का आयोजन किया गया।
- दिनांक 02.10.2022 को महात्मा गाँधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता शपथ, स्वच्छता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परिसर के स्वच्छता वीरों को सम्मानित किया गया।
- दिनांक 12.10.2022 को परिसर के वाणी विलास सभागार में विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये।
- दिनांक 19.10.2022 को परिसरीय वाणी विलास सभागार में महाराजा डॉ. कर्ण सिंह का 'श्रीमद्भगवद्गीता' पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसमें

विश्वविद्यालय के कुलपति श्रीनिवास वरखेड़ी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. मदन कुमार झा ने किया

- दिनांक 25.10.2022 से 31.10.2022 तक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा राष्ट्रीय एकता सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. योगेन्द्र दीक्षित एवं सह-संयोजक श्री मनिन्दर सिंह थे।
- 31.10.2022 से 06.11.2022 तक राष्ट्रिय सेवा योजना इकाई के द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसका संयोजन श्री मनिन्दर सिंह ने किया।
- दिनांक 01.11.2022 को नई शिक्षा नीति 2020 के प्रथम बैच शास्त्री प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. योगेन्द्र दीक्षित रहे।
- दिनांक 11.11.2022 को राष्ट्रिय शिक्षा दिवस (मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयन्ती उत्सव) का आयोजन ऑनलाईन/ऑफलाईन मोड़ से किया गया। इसके संयोजक शिक्षाशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. ऋषिराज रहे।
- दिनांक 15.11.2022 को परिसरीय वाणी विलास सभागार में भगवान बिरसा मुण्डा के जन्म जयन्ती के उपलक्ष्य में जनजातीय गौरव दिवस-2022 का आयोजन किया गया। इसके संयोजक डॉ. ऋषिराज रहे।
- दिनांक 26 नवम्बर 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा नागरिक सुरक्षा जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- दिनांक 26 नवम्बर 2022 को परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं खेल, संस्कृति एवं युवा सेवा केन्द्र के संयुक्त तत्त्वावधान में संविधान की प्रस्तावना की शपथ आयोजित की गई।
- दिनांक 29.11.2022 को विश्वविद्यालय परिसर के द्वारा विक्रम चौक स्थित वेयर हाउस मार्केट, जम्मू में संस्कृत बाजार का निर्माण किया गया।
- दिनांक 01.12.2022 को परिसरीय एड्स कन्ट्रोल सोसाइटी के अन्तर्गत खेल, संस्कृति और युवा सेवा केन्द्र एवं रेड रीबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर निबंध लेखन, भाषण आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- दिनांक 03.12.2022 को गीता सप्ताह के उपलक्ष्य में केन्द्रीय विद्यालय के छात्रों के लिए कण्ठ पाठ स्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मदन कुमार झा रहे।
- दिनांक 09.12.2022 को 60वीं राज्यस्तरीय शास्त्रीय स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें विविध शास्त्रीय स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसके संयोजक डॉ. राज कुमार मिश्र रहे।
- दिनांक 11.12.2022 को महाकवि सुब्रह्मण्यम् भारती के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में "भारतीय भाषा उत्सव-2022 का आयोजन किया गया।
- दिनांक 28 दिसम्बर 2022 को उत्तर क्षेत्रीय रूपक महोत्सव का मंचन किया गया। जिसमें तीन परिसरों एवं चार आदर्श महाविद्यालयों ने भाग ग्रहण किया। रूपक महोत्सव में प्रथम पुरस्कार श्री रणवीर परिसर, जम्मू, द्वितीय पुरस्कार वेद व्यास परिसर, बलाहर, हिमाचल प्रदेश एवं तृतीय पुरस्कार आदर्श संस्कृत महाविद्यालय, डोहगी, हि.प्र. को दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सतीश कुमार कपूर रहे।
- 25.01.2023 को परिसर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया गया, जिसका संयोजन डॉ. योगेन्द्र दीक्षित के द्वारा किया गया।
- 26.01.2023 को गणतन्त्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन झा के द्वारा किया गया।
- दिनांक 26.01.2023 को परिसर प्रांगण में वसन्त पंचमी में सरस्वती पूजन का आयोजन किया गया। जिसके संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार दीक्षित थे।
- दिनांक 20.02.2023 से 22.02.2023 को उत्तर क्षेत्रीय युवमहोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय के तीन परिसरों, आदर्श महाविद्यालयों एवं श्रीमाता वैष्णो देवी गुरुकुल कटरा ने भाग ग्रहण किया। उद्घाटन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में जम्मू कश्मीर राज्य के उप-राज्यपाल माननीय मनोज सिन्हा जी उपस्थित रहे। युवा महोत्सव में विजेता वेद व्यास परिसर, बलाहर रहा।
- दिनांक 01.03.2023 से 08.03.2023 तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसकी संयोजिका डॉ. शुभश्री दाश रही।

- दिनांक 18 से 23 मार्च 2023 तक राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा सप्तदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया।
- दिनांक 24 मार्च 2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा यातायात नियमों के बारे में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- दिनांक 21.03.2023 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के द्वारा रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।
- दिनांक 27.03.2023 से 28.03.2023 तक व्याकरण विभाग द्वारा "शब्दशास्त्रीयसिद्धान्तानां शास्त्रान्तरैः सह सम्बन्ध" विषय पर द्वि-दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें दश सत्र आयोजित किये गये। इसके समन्वयक डॉ. कैलास चन्द्र दाश, अध्यक्ष व्याकरण विद्याशाखा संयोजक एवं डॉ. प्रमोद कुमार शुक्ल कार्यक्रम सचिव तथा डॉ. हरिशंकर पाण्डेय संचालक रहे।
- दिनांक 29.03.2023 से 30.03.2023 तक ज्योतिष विभाग द्वारा 'वाताजरोगाणां निदानोपचारयोः परिप्रेक्ष्ये ज्योतिष-आयुर्वेद-योगशास्त्राणाम् अन्तस्सम्बन्धः' इस विषय पर द्वि-दिवसीय राष्ट्रीयशोध सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें काशी, सोमनाथ, हरिद्वार, तिरुपति, हिमाचल, पंजाब, एवं जम्मू कश्मीर के विद्वानों ने ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम से शोध पत्र प्रस्तुत किये। जिसके संयोजक ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष प्रो. श्याम देव मिश्र रहे तथा डॉ. प्रसाद भट्ट ने सत्र का संचालन किया।
- दिनांक 06.04.2023 को वाणी विलास सभागार में प्रो. कीर्तिरामजतन, विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग महात्मागान्धी इनस्टीट्यूट, मॉरिशस, का "Sanskrit Studies Mauritius" विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजित किया गया।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्या:

प्रार्थना-पत्र प्राप्त	-	00
उत्तर प्रेषित	-	00

4.2.4 गुरुवायूर परिसर, पुरनाट्टुकरा, त्रिचूर (केरल)

1. आमुख

केरल, भगवान का अपना देश, आदि शंकर के जन्म के साथ पवित्र, जगदगुरु श्री शंकराचार्य के अद्वैत वेदान्त के दर्शन से प्रभावित होकर, जाति, रंग, लिङ्ग और पन्थ के भेदभाव के बिना रहने की जगह के रूप में शिखर पर पहुंच गया है। संस्कृतप्राणयभजनम पी. टी. कुरियाकोस मास्टर ने 1909 में पावरट्टी में गुरुवायूर साहित्य दीपिका संस्कृत विद्यापीठ की शुरुआत की और 1934 में मद्रास विश्वविद्यालय के तहत यूजी और पीजी पाठ्यक्रम शुरू किए गए, जो बाद में 1972 में राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली द्वारा अपना लिया गया और इसे साहित्य दीपिका संस्कृत विद्यापीठ के रूप में फिर से शुरू किया गया। 1979 में इसका नाम बदलकर गुरुवयूर केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ कर दिया गया और 1983 में इसे वर्तमान स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया। 16 अगस्त 1998 को तत्कालीन माननीय मानव संसाध न विकास मन्त्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी द्वारा पूरनाट्टुकरा में स्थित नए प्रशासनिक और शैक्षणिक ब्लॉक का उद्घाटन किया गया। राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान को एक बहु परिसरीय मानित विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया था और 7 मई 2002 को इस संस्थान का नाम बदलकर राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान, गुरुवायूर परिसर कर दिया गया था। इसे संसदीय अधिनियम द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में दर्जा दिया गया है।

2. परिसर का स्थानः

यह शारदा गर्ल्स हाई स्कूल के ठीक पीछे त्रिशूर जिले के अडपट पंचायत में पुरनाट्टुकरा में स्थित है। यह अमला इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंसेज, रामकृष्ण आश्रम गुरुकुलम् स्कूल, आईईएस इंजीनियरिंग कॉलेज और केन्द्रीय विद्यालय से घिरा हुआ है। यह NH 47 पर त्रिशूर से 8 किमी दूर है। निकटतम हवाई अड्डा कोच्चि, नेडुम्बाश्शेरी में है।

3. मुख्यगतिविधियाँ

प्राक-शास्त्री – दो वर्षीय पाठ्यक्रम

शास्त्री – तीन साल का कोर्स

आचार्य – दो वर्षीय पाठ्यक्रम

शिक्षा-शास्त्री – दो साल का कोर्स

विद्यावारिधि – न्यूनतम दो वर्ष से अधिकतम पांच वर्ष।

योग और आयुर्वेद साहित्य में प्रमाणपत्रीय- एक वर्षीय पाठ्यक्रम।

पारम्परिक विषयों की पेशकश

व्याकरण – प्राक-शास्त्री से आचार्य साहित्य तक – प्राक-शास्त्री से आचार्य दर्शन तक – प्राक-शास्त्री पाठ्यक्रम में केवल वेदांत – शास्त्री से आचार्य न्याय तक – शास्त्री से आचार्य ज्योतिष तक – शास्त्री से आचार्य तक

आधुनिक विषयों की पेशकश की – अनिवार्य पेपरः अंग्रेजी – प्राक-शास्त्री से शास्त्री कंप्यूटर विज्ञान तक – प्राक-शास्त्री से शास्त्री पर्यावरण विज्ञान तक – शास्त्री तृतीय वर्ष में केवल शारीरिक शिक्षा – सभी कक्षाएं

आधुनिक विषयों की पेशकश की – वैकल्पिक पेपर इतिहास – प्राक-शास्त्री से शास्त्री तक

अंग्रेजी साहित्य – शास्त्री पाठ्यक्रम में ही।

मलयालम/हिंदी – प्राक-शास्त्री से शास्त्री तक –

पवारट्टी केंद्र में मुक्तस्वाध्यायपीठम् के तहत प्राक-शास्त्री से शास्त्री तक पाठ्यक्रम। ब्रिज कोर्स – शास्त्री और आचार्य शास्त्री – व्याकरण, साहित्य और ज्योतिष आचार्य – व्याकरण, साहित्य और ज्योतिष प्राथमिक पाठ्यक्रम – पाली और प्राकृत प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम – पाली, प्राकृत और पत्रकारिता।

4. परिसर का कार्यक्रम विवरणः

1. संस्कृत सप्ताह समारोह
2. 21 दिवसीय भाषा शिक्षण कार्यशाला
3. शिक्षक दिवस मनाया गया।
4. शिक्षा दिवस मनाया गया।
5. दस दिवसीय योग कार्यशाला।
6. प्रतिभा दिवस मनाया गया।
7. सूक्तियों का पाठ किया गया।

8. सूक्ष्म शिक्षण आयोजित किया गया।

9. माइक्रो–टीचिंग आयोजित की गई।

10. स्कूल अंडरस्टैंडिंग प्रोग्राम आयोजित किया गया।

11. व्यक्तित्व विकास की कक्षाएं सञ्चालित।

12. हिन्दी पखवाड़े में विभागीय कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

13. मातृभाषा दिवस में विभागीय कर्मचारियों और छात्रों ने भाग लिया।

14. विभागीय कर्मचारियों ने NEP–2020 के एक संगोष्ठी में भाग लिया है, केरल के UWAS का सहयोग से।

1. दिनांक 23.02.2023 को संस्कृत प्रणय भजनम पी. टी. कुरियाकोस की 50वीं पुण्यतिथि पर पवारट्टी केन्द्र में 13वां पी.टी. कुरियाकोस मेमोरियल इंटरनेशनल लेक्चर आयोजित किया गया। प्रो. ललिता कुमार साहू, निदेशक, गुरुवयूर कैंपस ने समारोह की अध्यक्षता की। प्रो. साहू ने धर्मो रक्षति रक्षित: विषय पर अपना अन्तार्राष्ट्रीय व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. ई. आर. नारायणन ने समारोह का स्वागत किया और डॉ. डी. वेणुगोपाल राव ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

2. जोन–1 यूथ फेस्टिवल 1 मार्च से 3 मार्च तक गुरुवायूर परिसर में आयोजित किया गया था। सीएसयू, गुरुवायूर परिसर, सीएसयू राजीव गांधी परिसर, कालीकट आदर्श संस्कृत विद्यापीठ, मद्रास संस्कृत कॉलेज, सीएसयू, के जे सोमैया कैंपस, मुंबादेवी आदर्श संस्कृत विद्यापीठ, अहोबिलामठ संस्कृत आदर्श विद्यापीठ ने भाग लिया।

1. दिनांक 15.08.2022 को परिसर में पूर्णाट्टुकरा और पवाराट्टी परिसर में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। निदेशक ने पूरनट्टुकरा में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और डॉ. ई आर नारायणन ने पवारट्टी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

2. दिनांक 12.10.2022 को अपराह्न 03:00 बजे सम्मेलन कक्ष में परिसर स्थापना दिवस मनाया गया। सभी कर्मचारियों और क्षमता छात्रों ने भाग लिया।

3. परिसर में 02.11.2022 के बीच सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। 2022 और 08.11. 2022।

4. दिनांक 30.11.2022 को पूर्वाह्न 11:30 बजे दहेज प्रथा एवं महिलाओं के विरुद्ध हिंसा को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्टाफ व विद्यार्थियों ने भाग लिया।

5. नियमित सभाओं के अलावा दिनांक 05.12.2022 को एस1, एस2, एस3, ए1 एवं ए2 कक्षाओं के लिए सभागार में विशेष संयुक्त वाग्वर्धनी सभा का आयोजन किया गया।

6. दिनांक 29.11.2022 से 05.12.2022 तक परिसर में उत्साहपूर्वक भगवत–गीता–जयन्ती पारायण का आयोजन किया गया।

7. दिनांक 11.12.2022 को परिसर में भारतीय भाषा उत्सव मनाया गया।

8. 16.01.2023 को एक भारत श्रेष्ठ भारत (ईबीएसबी) के अनुसार परिसर में मकर संक्रांति/पोंगल मनाया गया।

9. गणतंत्र दिवस दिनांक 26.01.2023 को परिसर में पूरनट्टुकरा और पवाराट्टी परिसरों में मनाया गया। निदेशक ने पूरनट्टुकरा में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और डॉ. ई आर नारायणन ने पवारट्टी में राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

10. दिनांक 29.01.2023 को परिसर में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया गया।

11. 27.02.2023 को रात 10:30 बजे आदत फैमिली हेल्थ सेंटर के सहयोग से एनटीसीपी (नेशनल टोबैको कंट्रोल प्रोग्राम) जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

12. दिनांक 13.02.2023 को परिसर में अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष जागरूकता का पहला कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. उमेश चंद्र मिश्र ने इस संबंध में व्याख्यान/वार्ता श्रंखला के रूप में व्याख्यान दिया।

13. दिनांक 06.03.2023 को परिसर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बाजरा वर्ष जागरूकता का द्वितीय कार्यक्रम। इस सम्बन्ध में विभिन्न व्यावहारिक प्रदर्शन छात्रों और परिसर के कर्मचारियों द्वारा किए गए।

14. दिनांक 14.03.2023 को समस्त कर्मचारियों ने माननीय कुलपति के साथ नैक विजिट प्रेजेंटेशन के लिए पीपीटी बनाने के संबंध में ऑनलाइन बैठक में भाग लिया।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्या:

प्रार्थना–पत्र प्राप्त	–	00
उत्तर प्रेषित	–	00

4.2.5 जयपुर परिसर, जयपुर (राजस्थान)

परिसर का संक्षिप्त इतिहासः

राजस्थान राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय स्व. श्री शिवचरण माथुर जी के अनुरोध पर पद्मश्री डॉ. मण्डन मिश्र पूर्वनिदेशक के सत्प्रयासों से राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, नई दिल्ली के प्रथम निदेशक प्रो. रामकरण शर्मा के द्वारा 13.05.1983 को यह परिसर "केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ" के नाम से स्थापित किया गया। कालान्तर में यह परिसर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान, मानित विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। संसद द्वारा पारित अधिनियम से दिनांक 30 अप्रैल 2020 से यह परिसर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के नाम से जाना जाता है। परम्परागत शिक्षा के प्रचार-प्रसार, दुर्लभ पाण्डुलिपियों के संरक्षण, उनके प्रकाशन, संस्कृत-विद्या क्षेत्र में शोध-कार्यों के संवर्धन तथा शास्त्रज्ञान के साथ-साथ आधुनिक, लोकोपयोगी, नूतन विषयों के ज्ञान प्रदान के लिए प्रयासरत यह परिसर इस वर्ष अपनी स्थापना के 40 गौरवपूर्ण वर्ष पूर्ण कर रहा है। सत्रारम्भ से सत्रावसान तक परिसर ने अनेक शैक्षिक उपलब्धियाँ प्राप्त की हैं। उत्कृष्ट शिक्षण, छात्र संख्या एवं सौविध्य की दृष्टि से जयपुर परिसर अनेक सुप्रतिष्ठित संस्कृत विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों में अग्रगण्य है।

परिसर की स्थितिः

डॉ. सरोजिनी महिषी महोदया के उपाध्यक्ष काल में उनके सत्प्रयासों तथा भारत सरकार के द्वारा दी गई वित्तीय सहायता से राजस्थान की राजधानी जयपुर में नगर के केन्द्रीय क्षेत्र त्रिवेणीनगर में 7.27 एकड़ भूखण्ड में 60 कमरों से युक्त संस्थान का यह विशाल भवन अध्यापन कक्षों, प्रशासन खण्ड, व्यायामशाला, सुसज्जित सभागार, पुस्तकालय, परियोजना खण्ड, कम्प्यूटर प्रयोगशाला, प्राकृत शोध-अध्ययन केन्द्र, मुक्त स्वाध्याय केन्द्र, छात्र-छात्राओं के पृथक् पृथक् छात्रावास, प्राध्यापक-कर्मचारी आवास, क्रीडांगण, बाग-बगीचे इत्यादि भौतिक सम्पदाओं से युक्त है। इस वर्ष भवन के नवीनीकरण, मरम्मत तथा नवीन सौन्दर्यीकरण जैसे कार्य भी किये गये हैं। छात्रों की संख्या में वृद्धि एवं गुणवत्ता संवर्धन के प्रयोजन से कम्प्यूटर प्रशिक्षण आदि नूतन अत्याधुनिक संगणक प्रयोगशाला का निर्माण किया गया।

सत्र 2022-23 में भौतिक विकास कार्यः

दिनांक 22 जनवरी 2023 को 34,4950276 करोड की लागत से बन रहे बहु-उद्देशीय भवन के प्राशासनिक तलका शिलान्यास कुलपति प्रो. श्रीनिवासवरखेडी एवं निदेशक प्रो. सुदेशकुमार के कर कमलों से किया गया। यह नवनिर्मित बहूद्देशीय भवन सुसज्जित सभागार, अतिथिगृह, चार लिफ्ट, पार्किंग आदि सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त है। नैक निरीक्षण की पूर्व सज्जता की दृष्टि से सम्पूर्ण परिसर का सुशोभीकरण इस सत्र में किया गया है। राष्ट्रिय सेवा योजना के अन्तर्गत व्यापक स्तर पर परिसरीय स्वच्छता एवं वृक्षारोपण आदि कार्य भी इस सत्र में उल्लेखनीय रूप से किये गये।

परिसर में सत्र 2022-23 में क्रय प्रणालीः

Government E-Market (GEM) के माध्यम से क्रय-प्रक्रिया एवं P.F.M.S. (Public Finance Management System) के माध्यम से सभी प्रकार के भुगतान कार्य अनिवार्य रूप से किये जा रहे हैं।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर, जयपुर में सत्र 2022-23 में आयोजित कार्यक्रमों का विवरणः

क्र.	दिनांक	कार्यक्रमकानाम	अतिथि/वक्ता	अध्यक्ष	संयोजन
1.	01/04/2022	परीक्षा पे चर्चा 2022	प्रधानमंत्री श्रीनरेन्द्र मोदी (ऑनलाइन)	-	शिक्षा-मंत्रालय
2.	13/04/2022	सुन्दरकाण्डपारायण रामनवमी महोत्सव	प्रो. रामकुमारशर्मा	प्रो. भगवतीसुदेश	डॉ. पवनव्यास, डॉ. प्रकाशरंजन मिश्र

3.	19/04/2023	भारतीय लोकतंत्र और संविधान विशिष्ट व्याख्यान	स्वामी अभिषेक ब्रह्मचारी	प्रो. भगवती सुदेश	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुरपरिसर
4.	23/04/2022	विश्व पुस्तक दिवस	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	प्रो. भगवती सुदेश	शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा, केन्द्रीय संस्कृतविश्वविद्यालय, जयपुरपरिसर
5.	04/05/2022	योगदिवस के सन्दर्भ में विविध स्पर्द्धा	प्रो. सत्यम कुमारी	प्रो. भगवती सुदेश	योग दिवस समिति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर
6.	13/05/2022	हास्य-योग	आचार्य राजेन्द्र कुमार	प्रो. भगवती सुदेश	डॉ. नवनीत कुमार, योगकेन्द्र, केन्द्रीय संस्कृतविश्वविद्यालय, जयपुर परिसर
7.	19/05/2022	संस्कृत विकिपीडिया	डॉ. एस्.वैष्णव	प्रो. भगवती सुदेश	केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर
8.	25/05/2022	समावर्तन समारोह	प्रो. सुरेन्द्र शर्मा	प्रो. भगवती सुदेश	शिक्षाशास्त्रविद्याशाखा, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर
9.	31/05/2022	विश्व तम्बाकू निषेध दिवस	-	प्रो. भगवती सुदेश	राष्ट्रीय सेवा योजना, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर।
10.	03/06/2022	विश्व बाइसिकल दिवस	प्रो. सुदेशकुमार शर्मा		राष्ट्रीय सेवा योजना, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर।
11.	05/06/2022	विश्व पर्यावरण दिवस	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	प्रो. भगवती सुदेश	राष्ट्रीय सेवा योजना, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर।
12.	09/06/2022	स्वातन्त्र्य अमृतमहोत्सव व्याख्यान	प्रो. ब्रजभूषण ओझा	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. विष्णुकान्त पाण्डेय
13.	10/06/2022	स्वातन्त्र्य अमृतमहोत्सव व्याख्यान	प्रो. वाचस्पति मिश्रा	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. वाय्.एस्. रमेश

14.	11/06/2022	स्वातन्त्र्य अमृतमहोत्सव व्याख्यान	प्रो. भागीरथी नन्द	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. किशोरकुमार दलाई
15.	12/06/2022	स्वातन्त्र्य अमृतमहोत्सव व्याख्यान	प्रो. वाचस्पति त्रिपाठी	प्रो. विष्णुकान्त पाण्डेय	प्रो. रमाकान्त पाण्डेय डॉ. राकेशकुमार जैन
16.	12/06/2022	स्वातन्त्र्य अमृतमहोत्सव व्याख्यान	प्रो. वाचस्पति मिश्रा	प्रो. वाय्.एस्. रमेश	प्रो. रमाकान्त पाण्डेय -डॉ. ललित किशोर शर्मा
17.	13/06/2022	स्वातन्त्र्य अमृतमहोत्सव व्याख्यान	प्रो. सी.एच्. श्रीराम शर्मा	प्रो. सत्यम् कुमारी	प्रो. रमाकान्त पाण्डेय प्रो. किशोर कुमार दलाई
18.	14/06/2022	स्वातन्त्र्य अमृतमहोत्सव व्याख्यान	प्रो. बलराम शुक्ल शर्मा	प्रो. सुदेशकुमार	प्रो. रमाकान्त पाण्डेय डॉ. चेतन शर्मा
19.	14/06/2022	स्वातन्त्र्य अमृतमहोत्सव व्याख्यान	प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. रमाकान्त पाण्डेय डॉ. रानी दाधीच
20.	14/06/2022	स्वातन्त्र्य अमृतमहोत्सव व्याख्यानमालाया: सम्पूर्तिसत्रम्	प्रो. सच्चिदानन्द मिश्रा, प्रो. ब्रजभूषण ओझा	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. रमाकान्त पाण्डेय डॉ. पवन व्यास
21.	21/06/2022	अन्तरराष्ट्रीय योगदिवस	श्री एस्.पी. भटनागर	प्रो. भगवती सुदेश	राष्ट्रीय सेवा योजना, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुरपरिसर।
	8-9/7/2022	राष्ट्रीय सेमिनार- स्वातन्त्र्य संग्रामे रामायणभगवद्गीतयो: प्रभाव:	प्रो. अभिराज राजेन्द्र मिश्र	प्रो. भगवती सुदेश	साहित्य अकादमी, नई दिल्ली और केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुरपरिसर।
22.	10/07/2022	वार्षिकोत्सव	प्रो. सी.जी. विजय कुमार, कुलपति, म.पा.सं.वि.वि. उज्जैन।	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. वाय्.एस्. रमेश, प्रो. श्रीधर मिश्र, डॉ. पवनव्यास, अभिषेक शर्मा
23.	13/07/2022	गुरुपूर्णिमा-महोत्सव	प्रो. रामकुमार शर्मा	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. श्रीधर मिश्र, डॉ. प्रकाशरंजन मिश्र
24.	28/07/2022	अनूचान प्रशिक्षण केन्द्र में प्रशिक्षण सत्र का उद्घाटन	प्रो. रामकुमार शर्मा, प्रो. वाय्.एस्. रमेश	प्रो. भगवती सुदेश	डॉ. पवन व्यास
25.	12/08/2022 से 19/08/2022	संस्कृत-सप्ताह-महोत्सव	प्रो. राजेन्द्रप्रसाद मिश्र	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. वाय्.एस्. रमेश, डॉ. पवनव्यास
26.	13/08/2022	तिरंगा यात्रा	श्रीअशोक लाहोटी, विधायक, सांगानेर	प्रो. भगवती सुदेश	राष्ट्रीय सेवा योजना, केन्द्रीय संस्कृत

					विश्वविद्यालय, जयपुरपरिसर।
27.	15/082022	स्वतंत्रता दिवस	प्रो. रमाकान्त पाण्डेय	प्रो. भगवती सुदेश	डॉ. राजेन्द्र शर्मा, डॉ. कैलाश सैनी
28.	29/08/2022	राष्ट्रीय खेल दिवस	प्रो. सुदेशकुमार शर्मा	प्रो. भगवती सुदेश	डॉ. राजेन्द्र शर्मा, डॉ. रामेश्वर दयाल शर्मा, श्रीअभिषेकशर्मा
29.	05.09.2022	शिक्षक दिवस	श्री गोपाल लाल जाट	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. वाय्.एस्. रमेश, प्रो. फतहसिंह प्रो. लीना सक्करवाल
30.	08.09.2022	शिक्षक पर्व (5-9 सितम्बर, 2022)	प्रो. अर्कनाथ चौधरी, प्रो. सुदेशकुमार शर्मा	प्रो. श्रीनिवास वरखेडी, कुलपति, के.सं. वि.वि. नईदिल्ली	प्रो. वाय्.एस्. रमेश, डॉ. पवन व्यास
31.	11.09.2022	क्षमावाणी पर्व	श्रीशैलेन्द्र कुमार जैन	प्रो. श्रीनिवास वरखेडी, कुलपति, के.सं.वि.वि. नईदिल्ली	प्राकृत-शोध अध्ययन केन्द्र, जयपुर परिसर
32.	15/09/22	हिन्दी पखवाड़ा-उद्घाटन समारोह	प्रो. लीना सक्करवाल	प्रो. भगवती सुदेश	डॉ. रेखा पाण्डेय डॉ. प्रीति शर्मा
33.	21.09.22	हिन्दी पखवाड़ा - समापन समारोह	प्रो. मनोज मिश्रा, जम्मू	प्रो. भगवती सुदेश	डॉ. रेखा पाण्डेय डॉ. प्रीति शर्मा
34.	26.09.22	स्वच्छ भारत अभियान	प्रो. भगवती सुदेश	-	राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर परिसर
35.	02.10.22 से 31/10/2022	इण्डिया फ्रीडम रन	-	प्रो. भगवती सुदेश	डॉ. सीमा अग्रवाल
36.	02.10.22	वेबिनार-गाँधीदर्शन	डॉ. विशेष गुप्ता, डॉ. अनिलदत्त मिश्रा	प्रो. भगवती सुदेश	डॉ. सीमा अग्रवाल
37.	11/10/22 से 15/10/2022	स्थापना दिवस समारोह	प्रो. वैद्यनाथ झा	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. वाय्.एस्. रमेश
38.	25/10/2022 से 31/10/2022	राष्ट्रीय एकता सप्ताह रन फॉर यूनिटी, विशिष्ट व्याख्यान	प्रो. श्याम मोहन अग्रवाल	प्रो. भगवती सुदेश	राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर परिसर।
39.	03/11/2022	राष्ट्रीय सतर्कता सप्ताह	प्रांजल वाजपेयी	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	राष्ट्रीय सेवा योजना जयपुरपरिसर। डॉ. रेखाशर्मा

40.	11/11/2022	राष्ट्रीय शिक्षा दिवस	प्रो. रामसेवक दुबे (कुलपति) प्रो. फतहसिंह	प्रो. भगवती सुदेश	राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर परिसर। डॉ. रेखा शर्मा
41.	15/11/2022	जनजातीय गौरव दिवस	प्रो. रामलखन नामी प्रो. लोकमान्य मिश्रा	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. किरण खींची
42.	26/11/2022	राष्ट्रीय संविधान दिवस वेबिनार	प्रो. आशमा साहनी, पंजाब	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. सीमा अग्रवाल, डॉ. विनी शर्मा
43.	05/12/2022	गीता जयन्ती	स्वामी ब्रह्मपरानन्द सरस्वती, जयपुर	प्रो. भगवती सुदेश	डॉ. पवन व्यास
44.	11/12/2022	भारतीय भाषा दिवस समारोह	प्रो. अरिन्दम चक्रवर्ती	प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, कुलपति	प्रो. वाय्.एस्. रमेश
45.	19/12/2022	ज्योतिष-वास्तु डिप्लोमा कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. ईश्वरभट्ट
46	13/12/2022	वार्षिक खेल सम्मेलन	प्रो. ओमप्रकाश भडाना प्रो. सुदेशकुमार शर्मा	प्रो. भगवती सुदेश	डॉ. राजेन्द्र शर्मा श्री अभिषेक शर्मा
47.	27/12/2022	क्षेत्रीय रूपक महोत्सव	प्रो. अर्कनाथ चौधरी, प्रो. सर्वनारायण झा	प्रो. भगवती सुदेश	प्रो. रामकुमार शर्मा
48.	24/01/2023	राष्ट्रीय बालिका दिवस	प्रो. भगवती सुदेश, प्रो. वाय्.एस्. रमेश	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	प्रो. सत्यम् कुमारी और समिति सदस्य
49.	26/01/2023	गणतन्त्र दिवस एवं वसन्त पञ्चमी महोत्सव	-	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. राजेन्द्र कुमार शर्मा, डॉ. कैलाशचन्द्र सैनी, डॉ. सुधाकर पाण्डेय
50.	26/02/2023 से 28/02/2023	युव-महोत्सव	प्रो. ललित कुमार पटेल, कुलपति, सोमनाथ, श्रीदिनेश कामत	प्रो. सुदेशकुमार शर्मा	प्रो. फतहसिंह, डॉ. राजेन्द्रशर्मा, डॉ. पवनव्यास,
51.	01/03/2023 से 08/03/2023	राष्ट्रीय महिला दिवस पर सप्ताह व्यापि कार्यक्रम	प्रो. वाय्.एस्. रमेश, प्रो. लीना सक्करवाल	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	प्रो. सत्यम् कुमारी और समिति सदस्य
52.	23/03/2023 से 24/03/2023	अनुवाद कौशल एवं भारतीय संविधान पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	प्रो. शरद शर्मा, प्रो. रेखा सक्सेना	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	डॉ. कान्ता गलानी डॉ. सीमा अग्रवाल
53.	27/03/2023 से 28/03/2023	व्याकरणशास्त्र में लौकिक न्याय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी	प्रो. अर्कनाथ चौधरी, श्रीजनार्दन हेगड़े	प्रो. सुदेश कुमार शर्मा	व्याकरणशास्त्र विद्याशाखा, केन्द्रीय संस्कृतविश्वविद्यालय, जयपुर परिसर

राष्ट्रीय सेवा योजनाः

जयपुर परिसर में सत्र 2022–23 में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत 02 इकाइयों में कुल 189 स्वयंसेवकों का पंजीकरण किया गया। जिनमें 123 छात्र और 66 छात्राएँ हैं। भारत सरकार के युवाकल्याण एवं खेल मन्त्रालय के सहयोग से परिसर में सञ्चालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुभाषचन्द्र मीणा एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कैलाशचन्द्र सैनी के नेतृत्व में परिसर एवं परिसर के बाहर वृक्षारोपण, स्वच्छता, जनजागरुकता अभियान, रक्तदान आदि अनेक सेवाकार्य इस सत्र में किये गये।

अनूचान प्रशिक्षण केन्द्रः

जयपुर परिसर में सत्र 2022–23 में प्रतियोगी परीक्षाओं में छात्रों की सफलता के लिए विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 'अनूचान प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा जुलाई से दिसम्बर 2022 तक डॉ. पवन व्यास के समन्वयकत्व में षण्मासिक प्रशिक्षण सत्र संचालित किया गया। इस सत्र में कुल 18 छात्रों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया जिनमें 2 छात्रों ने प्रथम प्रयास में ही यू.जी.सी. नेट परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। इस सत्र के माध्यम से परिसर को एक लाख आठ हजार रुपयें की शुल्क राशि भी प्राप्त हुई है।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्याः

प्रार्थना–पत्र प्राप्त	–	03
उत्तर प्रेषित	–	03

4.2.6 लखनऊ परिसर, लखनऊ (उ.प्र.)

1. परिसर परिचय

भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा पूर्णरूप से वित्तपोषित राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान की शाखा वर्ष 1986 में 'केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ' के रूप में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थापित हुई। 07-05-2002 को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के द्वारा राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान को मानित विश्वविद्यालय के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त हुई। तब से इसे 'लखनऊ परिसर' के रूप में जाना जाता है। शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 30 अप्रैल, 2020 को संसद के अधिनियम द्वारा राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित विश्वविद्यालय) 'केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय' के रूप में प्रतिष्ठित हुआ। आज यह सुन्दर परिसर न केवल भारत, अपितु सम्पूर्ण विश्व में अपनी शैक्षणिक गतिविधियों के कारण प्रसिद्धि पा रहा है।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में प्राक् शास्त्री, शास्त्री, शिक्षाशास्त्री, आचार्य एवं विद्यावारिधि पर्यन्त शिक्षा की व्यवस्था है। यहाँ व्याकरणशास्त्र, साहित्य, ज्योतिष, वेद, बौद्धदर्शन, पालि तथा शिक्षाशास्त्र के साथ हिन्दी, अंग्रेजी, राजनीतिशास्त्र, अर्थशास्त्र एवं संगणक आदि विषयों का अध्यापन होता है। इसके अलावा मुक्त-स्वाध्याय पीठ के पाठ्यक्रम (शास्त्री, आचार्य एवं सेतु) एवं प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम (पालि, प्राकृत, ज्योतिष परिचय) सञ्चालित हैं। छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु क्रीड़ा विभाग में आधुनिक यंत्रों की समुचित व्यवस्था है। लखनऊ परिसर में महिला एवं पुरुष अध्येताओं के लिए पृथक्-पृथक् छात्रावास की व्यवस्था है। प्राध्यापकों और कर्मचारियों हेतु स्टाफ-क्वार्टर्स भी परिसर में हैं, जिनमें कुछ प्राध्यापक एवं कर्मचारी निवास करते हैं। यह परिसर 10 एकड़ भूमि में निर्मित है। निदेशक कार्यालय, प्राशासनिक अनुभाग, लेखा अनुभाग, केन्द्रीय पुस्तकालय, विभागीय पुस्तकालय एवं शैक्षणिक प्रौद्योगिक प्रयोगशाला परिसर में सुसज्जित हैं। परिसर के शैक्षणिक एवं शिक्षा सम्बद्ध गतिविधियों के विस्तार के साथ नवीन भवनों के निर्माण हेतु उपक्रम किये जा रहे हैं।

2. परिसर की अवस्थिति

संस्कृत शिक्षा के क्षेत्र में यह एक सुप्रतिष्ठित संस्था है तथा उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोमती नगर में विद्यमान है। वर्ष 2012 में संस्थान को राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा 'ए' श्रेणी से सुशोभित किया गया था, इसके उपरान्त संस्थान के केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय में परिवर्तित होने के बाद राष्ट्रीय मूल्यांकन प्रत्यायन परिषद् (नैक) द्वारा वर्ष 2023 में A++ श्रेणी से प्रत्यायित किया गया। जिससे शैक्षणिक एवं शिक्षण सम्बद्ध गतिविधियों को विशेष बल मिला। यह परिसर शास्त्रीय विद्याओं के साथ-साथ प्राच्य भाषाओं के शिक्षण व अनुसन्धान का भी केन्द्र है। परिसर संस्कृत शास्त्रों के साथ-साथ पालि के शिक्षण, अनुसन्धान एवं संवर्धन के लिए कृत-संकल्प है। भारतीय संस्कृति का विकास, राष्ट्रीय एकता एवं सर्वधर्म-समन्वय आदि की दृष्टि से अवध क्षेत्र में इस तरह का परिसर होना अपने आप में एक विशिष्ट महत्त्व रखता है।

3. विद्याशाखा एवं विषय

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर में निम्नलिखित विद्याशाखाएँ एवं तदन्तर्गत पाठ्यक्रम सञ्चालित हैं-

क्र.सं.	विद्याशाखा का नाम	कार्यक्रम	अन्य
1.	साहित्य विद्याशाखा	प्राक् शास्त्री, शास्त्री, आचार्य, विद्यावारिधि (Ph.D.)	
2.	व्याकरण विद्याशाखा	प्राक् शास्त्री, शास्त्री, आचार्य, विद्यावारिधि (Ph.D.)	

3.	ज्योतिष विद्याशाखा	प्राक् शास्त्री, शास्त्री, आचार्य (सिद्धान्त एवं फलित), विद्यावारिधि (Ph.D.)	ज्योतिष प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम
4.	वेद विद्याशाखा	प्राक् शास्त्री, शास्त्री, आचार्य, विद्यावारिधि (Ph.D.)	कर्मकाण्ड पौरोहित्य डिप्लोमा पाठ्यक्रम
5.	बौद्धदर्शन एवं पालि विद्याशाखा	प्राक् शास्त्री, शास्त्री, आचार्य (बौद्धदर्शन), एम.ए. (पालि), विद्यावारिधि (Ph-D-)	पालि प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम पालि डिप्लोमा पाठ्यक्रम भोट प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रम
6	आधुनिक विषय विद्याशाखा	प्राक् शास्त्री, शास्त्री	
7	शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा	शिक्षाशास्त्री (B.Ed.)	

4. अनुभाग, प्रकोष्ठ, क्लब एवं केन्द्र

अनुभाग-
- प्रशासन अनुभाग
- वित्त अनुभाग
- पुस्तकालय प्रभाग

प्रकोष्ठ-
- राजभाषा प्रकोष्ठ
- महिला प्रकोष्ठ
- एस.सी. प्रकोष्ठ
- एस.टी. प्रकोष्ठ
- ओ.बी.सी. प्रकोष्ठ
- डिजीटल लर्निंग तथा भाषा प्रयोगशाला
- निरीक्षण प्रकोष्ठ
- शोध प्रकोष्ठ
- आन्तरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ
- प्लेसमेंट सेल
- समान अवसर प्रकोष्ठ

क्लब-
- कलारञ्जनी क्लब
- संस्कृतसम्भाषण क्लब
- अंग्रेजी क्लब
- विवेकानन्द स्टडी सर्किल
- नेताजी सुभाषचन्द्र बोस स्टडी सर्किल

केन्द्र-
- पालि अध्ययन केन्द्र
- शोध केन्द्र
- स्वाध्याय केन्द्र, (मुक्त स्वाध्याय पीठ)
- योग केन्द्र
- लोकल चैप्टर- (एनपीटीईएल)
- स्टडी सेण्टर, (इग्नू)

5. शोध की गतिविधियाँ

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा गंगानाथ झा परिसर, प्रयागराज में शोध-केन्द्र स्थापित किया गया है। उसी तारतम्य में लखनऊ परिसर में परिसरीय शोध प्रकोष्ठ स्थापित किया गया है। शोध प्रकोष्ठ में संयोजक तथा सह-संयोजक नियोजित किये गये हैं।

परिसर में विद्यावारिधि (पीएच.डी) की उपाधि हेतु शोधच्छात्र शोधरत हैं। MOOC's-SWAYAM इत्यादि की गतिविधियों का आरम्भ हो चुका है। समय-समय पर राष्ट्रीय तथा अन्तरराष्ट्रीय संगोष्ठियों, सम्मेलनों एवं सिंपोजियम का आयोजन भी किया जाता है।

6. प्रमुख गतिविधियाँ (शिक्षण प्रशिक्षण आदि)

- पालि अध्ययन केन्द्र
- MOOC's-SWAYAM Centre तथा NPTEL Local Chapter
- Study Centre, IGNOU
- स्वाध्याय केन्द्र, मुक्तस्वाध्यायपीठम्
- केन्द्रीय पुस्तकालय
- संगणक प्रयोगशाला
- स्मार्ट कक्ष (5)
- भाषा प्रयोगशाला

- मनोविज्ञान प्रयोगशाला
- राष्ट्रिय सेवा योजना
- विभागीय पुस्तकालय
- व्यायामशाला
- महिला प्रकोष्ठ
- शोध केन्द्र

7. परिसर द्वारा आयोजित सङ्गोष्ठियों/कार्यशालाओं/व्याख्यानों/सिम्पोजियम/शास्त्रीय स्पर्धा तथा विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण

1. अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

21 जून, 2022 को परिसर में आठवें 'अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 6:30 बजे पूर्वाह्न में योगाभ्यास एवं व्याख्यान का आयोजन किया गया।

2. हर घर तिरंगा एवं शिवार्चन

8 अगस्त, 2022 को पूर्वाह्न 11 बजे शिवार्चन एवं 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसके अंतर्गत 'आजादी का अमृत महोत्सव' के उपलक्ष्य में हर घर में तिरंगा फहराने का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा जी थे।

3. संस्कृत सप्ताह का आयोजन

9-14 अगस्त, 2022 की अवधि में परिसर में 'संस्कृत सप्ताह महोत्सव' का आयोजन हुआ। इसके अन्तर्गत सप्ताह पर्यन्त विभिन्न कार्यक्रम जैसे- प्रभात फेरी, संस्कृत शोभा यात्रा आदि आयोजित किये कये। कार्यक्रम के अध्यक्ष परिसर निदेशक प्रो.सर्वनारायण झा जी रहे।

4. स्वतंत्रता दिवस

15 अगस्त, 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में 76 वें स्वतंत्रता दिवस का आयोजन हुआ। इसके अन्तर्गत परिसर निदेशक ने तिरंगा फहरा कर अध्यक्षीय भाषण से परिसर परिवार को संबोधित किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्राध्यापक, कार्यालय कर्मचारी तथा छात्र उपस्थित रहें।

5. हिन्दी पखवाड़ा

14-18 सितम्बर, 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में हिन्दी पखवाड़ा का आयोजन हुआ, जिसके अन्तर्गत हिन्दी राजभाषा के विषय में महत्त्वपूर्ण जानकारियाँ साझा की गई। हिन्दी भाषा के प्रचार के लिए विभिन्न कार्यक्रम तथा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों तथा कार्यालय कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय-क्रम में पुरस्कृत भी किया गया।

6. केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय स्थापना दिवस

13 अक्टूबर, 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय का स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी जी ने ऑनलाईन माध्यम से परिसरों को सम्बोधित किया।

7. राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण

31 अक्टूबर, 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में 'राष्ट्रीय एकता शपथ ग्रहण' कार्यक्रम आयोजित हुआ। परिसरीय कर्मचारियों तथा छात्रों द्वारा राष्ट्रीय एकता अक्षुण्ण रखने की शपथ ली गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष परिसर के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा जी रहे।

8. जनजातीय गौरव दिवस

15 नवम्बर, 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में बिरसा मुण्डा की जयन्ती के उपलक्ष्य में 'जनजातीय गौरव दिवस' मनाया गया।

9. संविधान दिवस

26 नवम्बर, 2022 केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में 'संविधान दिवस' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। भारतीय संविधान की संरचना, इतिहास एवं इसके महत्त्व पर कार्यक्रम के अन्तर्गत व्याख्यान आयोजित किये गये।

10. भारतीय भाषा उत्सव

11 दिसम्बर, 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में सुब्रह्मण्य भारती की जयन्ती के उपलक्ष्य में 'भारतीय भाषा उत्सव' आयोजित किया गया, जिसके अन्तर्गत भारतीय भाषा उत्सव प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा जी ने की।

11. गीता-जयन्ती

2-6 दिसम्बर, 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय,

लखनऊ परिसर में गीता-जयन्ती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष परिसर के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा जी रहे।

12. उत्तर प्रदेश प्रान्तीय शास्त्रीय स्पर्धा 2022-23

17-18 दिसम्बर, 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में उत्तर प्रदेश प्रान्तीय शास्त्रीय स्पर्धा-2022-23 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि डॉ. ध्रुवकान्त ठाकुर (IPS-अपर-पुलिस-महानिदेशक) एवं अध्यक्ष प्रो.सर्वनारायण झा जी थे।

13. राष्ट्रीय युव महोत्सव

12 जनवरी, 2023 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में 'राष्ट्रीय युव महोत्सव' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लखनऊ परिसर द्वारा निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढकर भागग्रहण किया।

14. भारतीय बाजरा वर्ष-2023

18 जनवरी, 2023 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में भारतीय बाजरा वर्ष 2023 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंग रूप में मोटे अनाजों को भोजन में शामिल करने सम्बन्धी महत्त्वपूर्ण व्याख्यान आयोजित किये गये।

15. नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टडी सर्कल

23 जनवरी, 2023 को अपराह्न 4:30 बजे केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस स्टडी सर्कल का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो.बच्चा भारती जी रहे।

16. राष्ट्रिय बालिका दिवसोत्सव

24 जनवरी, 2023 को परिसर में राष्ट्रिय बालिका दिवसोत्सव का आयोजन किया गया।

17. इग्नू पाठ्यक्रम उन्मुखीकरण कार्यक्रम

24 जनवरी, 2023 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में इग्नू के पाठ्यक्रमों के प्रसार तथा जागृति निर्माण हेतु उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मनोरमा सिंह (रिजनल डायरेक्टर इग्नू, लखनऊ सेन्टर) रहीं तथा कार्यक्रम के अध्यक्ष परिसर के निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा जी थे।

18. सड़क सुरक्षा माह एवं राष्ट्रीय मतदाता दिवस

25 जनवरी, 2023 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में "सड़क सुरक्षा माह" एवं "तेरहवाँ राष्ट्रीय मतदाता दिवस" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा जी रहे।

19. एक भारत श्रेष्ठ भारत

25 जनवरी, 2023 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के अन्तर्गत भारत सरकार के द्वारा लॉच की गई 22 भाषाओं को जोड़ने वाली भाषा संगम मोबाइल ऐप लैंग्वेज लर्निंग कार्यक्रम आयोजित किया गया।

20. गणतंत्र दिवस

26 जनवरी, 2023 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में 74वां वें गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें परिसर निदेशक द्वारा ध्वजारोहण कर अध्यक्षीय सम्बोधन किया तथा छात्रों एवं कर्मचारियों को मिष्ठान्न वितरण किया गया। प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं एवं कार्यालयीय अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक उक्त कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

21. सरस्वती पूजन

26 जनवरी, 2023 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में सरस्वती पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

22. अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस

22 फरवरी, 2023 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, लखनऊ परिसर में 'अन्तर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस' का आयोजन हुआ। इसमें विश्व स्तर पर समाप्त होने वाली भाषाओं के संरक्षण पर विचार विमर्श हुआ। बोलियों एवं भाषाओं के संवर्धन सम्बन्धी विषयों पर व्याख्यान आयोजित किये गयें।

23. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

08 मार्च, 2023 को परिसर में 'अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस' का आयोजन हुआ, जिसमें 'जेन्डर इक्युवल टूडे फॉर ए सस्टेनेबल टुमारो' विषय पर परिचर्चा-सत्र का आयोजन हुआ।

24. विश्व पर्यावरण दिवस

31 मई, 2023 से 5 जून, 2023 तक परिसर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम संचालित हुए।

8. राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर

लखनऊ परिसर के अन्तर्गत विभिन्न सामाजिक गतिविधियों जैसे स्वच्छता आदि का आयोजन हुआ।

9. परिसर की समितियाँ

1. प्रवेश समिति (परम्परागत)
2. प्रवेश समिति (शिक्षाशास्त्र)
3. शिकायत निवारण व अनुशासन समिति
4. छात्रावास समिति
5. पुस्तकालय समिति
6. शैक्षिक स्पर्धा समिति
7. स्थानीय शोध समिति
8. छात्रकल्याण समिति
9. छात्रवृत्ति समिति
10. नि:शक्त जन सहायता समिति
11. प्रकाशन समिति
12. छात्रप्रताड़ना निषेध समिति
13. सूचना प्रसारण जन सम्पर्क समिति
14. अध्यापक-अभिभावक-परामर्श समिति
15. योजना परियोजना-विकास समिति
16. क्रय समिति
17. विक्रय नीलामी एवं निविदा समिति
18. महिला-उत्पीडन निषेध समिति
19. मार्गदर्शन समिति (व्यक्तित्व-संवर्धन, रोजगार तथा नियोजन व छात्र)
20. क्रीडा समिति
21. सूचनाधिकार पारदर्शिता तथा जागरुकता निष्पादन समिति
22. परिसरीय-आवास समिति
23. स्थानीय परामर्शदाता समिति
24. राष्ट्रीय सेवा योजना समिति
25. भौतिक सत्यापन समिति
26. उपकरण रख-रखाव समिति
27. परीक्षा समिति
28. स्वच्छता समिति
29. व्याख्यानमाला आयोजन समिति
30. परिसरीय जलापूर्ति-व्यवस्था समिति
31. विविध दिवसोत्सव/ सप्ताहोत्सव-पालन समिति
32. समय सारिणी निर्माण समिति
33. तकनीकी-समिति

10. छात्रों की उपलब्धियाँ

1. विभा मिश्रा, (आचार्य-II)- अखिल भारतीय ज्योतिष भाषण स्पर्धा (प्रथम स्थान)
   अखिल भारतीय ज्योतिष शलाका (प्रथम स्थान)
2. रेखा गौतम- (पीएच.डी. शोधार्थिनी) जनवरी 2023 में नियुक्ति- DSSSB
3. संयोगिता चौधरी- (आचार्य-II)- NET, JRF
4. सिद्धार्थ सैनी- 2 स्वर्ण पदक (योग)
5. हरिओम शुक्ल (व्याकरणाचार्य)
6. सुमित शुक्ल (व्याकरणाचार्य)

11. परिसरीय प्राध्यापकों एवं विद्वानों की शैक्षणिक गतिविधियाँ

प्रो. लोकमान्य मिश्र, प्रोफेसर (शिक्षाशास्त्र विद्याशाखा)

20-22 मई 2022 को "संस्कृतस्य समग्र-आनन्दपूर्ण-नीतियोगात्मिका च पाठ्यचर्या शिक्षणशास्त्रञ्च" विषयक संगोष्ठी में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल में सत्राध्यक्षता की। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के अध्ययन मण्डल (Board of Education) में अध्यक्ष के रूप में 17.06. 2022 को मनोनयन हुआ। जयपुर परिसर में आयोजित अध्ययन मण्डल शिक्षाशास्त्र की बैठक में अध्यक्षता तथा लखनऊ परिसर में राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय संगोष्ठी की अध्यक्षता की। विश्वविद्यालय संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों परिसर के प्रवर्तन सम्बन्धी समिति तथा कुलपति पुरस्कार योजना 2022 में निर्णायक मण्डल समिति में सदस्य रहे तथा शैक्षणिक परिषद (Academic council) में 14.10.2022 में भागग्रहण किया एवं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय शिक्षाशास्त्र, कौशल व प्रशिक्षण विद्यास्थान के अधिष्ठाता एवं Compendium on Sanskrit Education in NEP, 2020 में 06.01.2023 को अध्यक्ष के रूप में सहभागिता की। NAAC समिति के उपवेशन (जयपुर परिसर) में 25-27 अप्रैल, 2023 तथा मुख्य परीक्षक (केन्द्रीय मूल्यांकन) भोपाल परिसर में सहभागिता दी।

प्रो. रामनन्दन सिंह प्रोफेसर

बौद्धदर्शन पर Indian Council of Philosophical Research, Academic Centre, Lucknow, Uttar Pradesh में मुख्य वक्ता के रूप में 'बौद्ध परम्परा एवं विश्वशांति' विषय पर 16 मई, 2022 को व्याख्यान दिया। अन्ताराष्ट्रिय वेबिनार में 21.09.2022 को Bhadantacharya Buddhadatta Pali Promotion Foundation, के ऑनलाईन कार्यक्रम में अतिथि प्रवक्ता एवं Bharat Tibet Sangha, New Delhi में 17.12.2022 विशिष्ट व्याख्यान दिया। जम्मू विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सम्मेलन तथा पंजाब विश्वविद्यालय में अन्ताराष्ट्रिय सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत किया। Mahabodhi Society of India, Bodhgaya, Bihar तथा Bodhgaya Temple Management Committee, Bodhgaya, Bihar द्वारा दो महत्त्वपूर्ण शोधपत्र प्रकाशित हुए।

डॉ. गुरुचरण सिंह नेगी, एसो. प्रोफेसर

विभिन्न परिसरीय समितियों, निवारण व अनुशासन समिति, प्रकाशन समिति, मार्गदर्शन एवं रोजगार समिति, व्याख्यानमाला आयोजन छात्रवृत्ति इत्यादि में सक्रियतापूर्वक कार्य सम्पादित किया। Board of Studies (Bauddhadarshan & Pali Dept.) में समन्वयक के रूप में 12-14 जुलाई 2022 (पुरी परिसर) में कार्य किया। NAAC Alumni Interaction Meeting में केन्द्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ में 19.10.2022 को सहभागिता की। दिल्ली विश्वविद्याल के शोधछात्र Viva-voce में 20.02.2023 को योगदान दिया तथा परिसरीय पत्रिका सम्पादन एवं प्रकाशन हेतु गठित सम्पादक के रूप में कार्य निर्वहन किया।

डॉ. नीरज तिवारी, असिस्टेंट प्रोफेसर (साहित्य विद्याशाखा)

'हरिप्रभा', संस्कृत-विद्या, तथा संस्कृत विमर्श शोध जर्नल में शोधपत्र प्रकाशित हुए। राष्ट्रीय शिक्षानीति प्रशिक्षणाधारित पुनरीक्षण पाठ्यक्रमनिर्माण कार्यशाला (21-25 नवम्बर 2022) में अपनी शैक्षणिक सहभागिता प्रदान की। अन्ताराष्ट्रिय संगोष्ठी 'वैदिक विधिशास्त्र एवं समसामयिक विश्व पर इसका प्रभाव' (11-12 फरवरी 2023) तथा राष्ट्रीय संगोष्ठी में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी में सहभागिता दी। लखनऊ परिसर तथा उ.प्र. संस्कृत संस्थान लखनऊ में विशिष्ट व्याख्यान दिया। 1-2 मार्च, 2023 को वैदिक विज्ञान केन्द्र, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में पत्र-प्रस्तुति एवं एक सत्र का संयोजन किया।

डॉ. कृष्णा कुमारी असिस्टेंट प्रोफेसर

1. 12.12.2022 से 24.12.2022 तक हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के UGC-HRDC द्वारा ऑनलाईन संचालित REFRESHER COURSE में भाग लिया और। Grade सहित कोर्स पूरा किया। दिनांक 14.02.2023 से 16.02. 2023 केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्याल, श्री रघुनाथ कीर्ति परिसर के IQAC एवं न्यायदर्शन तथा भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद् के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित "Basic values Embodied in Indian Culture and Their Relevance to National Reconstruction" विषयक त्रिदिवसीय राष्ट्रिय संगोष्ठी में ऑनलाईन भाग लेते हुए 'मध्यम मार्ग की मानव जीवन में उपादेयता' विषय पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. प्रफुल्ल गड़पाल, असिस्टेंट प्रोफेसर

चन्द्रधारी मिथिला महाविद्यालय, दरभंगा (बिहार) के संस्कृत विभाग द्वारा 10 अप्रैल, 2022 को आयोजित 'सम्राट् अशोक का योगदान एवं उनकी विरासत' विषयक अन्तर्राष्ट्रीय वेबिनार में विषय प्रवर्तन व विशिष्ट वक्तव्य तथा 22 मई, 2022 को उक्त विभाग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय वेबिनार मे 'युवावस्था में शुकनासोपदेश की महत्ता एवं प्रासंगिकता' विषय में विशिष्ट वक्तव्य किया गया। अमरावती (महाराष्ट्र) के श्री दादासाहेब गवई चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 12 मई, 2022 को आयोजित एक दिवसीय ऑनलाईन नेशनल वेबिनार में 'पालि भाषा एवं व्याकरण' विषय पर विशिष्ट वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा राष्ट्रिय शिक्षानीति आधारित पाठ्यक्रम निर्माण कार्यशाला में 31.03.2022 से 01.04.2022 तक बी.ए. (संस्कृत) का पाठ्यक्रम निर्माण समिति के सदस्य के रूप में पाठ्यक्रम तैयार किया। ऐसे ही मई, 2022 में आयोजित कार्यशाला में एम.ए. (संस्कृत) का पाठ्यक्रम तैयार किया। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा 07.05.2022 से 09.05. 2022 तक डॉ. अम्बेडकर इण्टरनेशनल सेंटर, नई दिल्ली में आयोजित 'उत्कर्ष महोत्सव' के सन्दर्भ में भागग्रहण तथा राष्ट्रीय संगोष्ठी के एक सत्र का संयोजन एवं संचालन किया गया। इस अवधि में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के त्रैमासिक वार्तापत्र 'संस्कृतवार्ता' (नवशृंखला-01) के जनवरी से मार्च, 2022 के अंक का सम्पादन किया।

पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होळकर सोलापुर विद्यापीठ, सोलापुर के भाषा व वाङ्मय संकुल के अन्तर्गत पालि विभाग द्वारा 18 सितम्बर, 2022 को देवमित्त अनागारिक धम्मपाल जी की जयन्ती एवं पालि गौरव दिवस पर आयोजित ऑनलाईन व्याख्यान में 'आधुनिक भाषा शिक्षा एवं साहित्य के क्षेत्र में पालि-भाषा अध्ययन का महत्त्व' विषय पर विशिष्ट वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया। डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के यूजीसी-एचआरडीसी केन्द्र द्वारा 14-27 सितम्बर, 2022 की अवधि में आयोजित 'भारतीय चिन्तक तथा सामाजिक सद्भाव के लिए उनका योगदान' शीर्षकांकित बहुविषयक रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया तथा 'ए प्लस' ग्रेड प्राप्त किया। 25.10.2022 से लखनऊ परिसर की संस्कृतसाहित्य-विद्याशाखा (भाषा-साहित्य-संस्कृति-विद्यास्थान) में संयोजक (विभाग-प्रमुख) के रूप में दायित्वों का सम्पादन कर रहे हैं। भारतीय भाषा समिति, नई दिल्ली (शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार) द्वारा 28 अक्टूबर, 2022 को 'संस्कृत में शब्दनिर्माण, शब्दशाला और भविष्य की योजनाएँ' विषय पर एक दिवसीय बैठक में भागग्रहण किया एवं विचार प्रस्तुत किये। 07-15 अक्टूबर, 2022 को इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित 'Implementation of NEP-2020 for University and College Teachers' शीर्षकांकित ऑनलाईन अल्पकालिक व्यावसायिक संवर्धन कार्यक्रम में भागग्रहण किया तथा 'ए' ग्रेड प्राप्त किया।

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली द्वारा 21 नवम्बर, 2022 से 25 नवम्बर, 2022 तक आयोजित राष्ट्रिय शिक्षा नीति आधारित पाठ्यक्रमों के पुनरीक्षण कार्यशाला में भागग्रहणपूर्वक अकादमिक कार्यों का सम्पादन किया। महाबोधि सोसायटी ऑफ इण्डिया, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित 'धर्मदूत' (UGC-CARE listed Journal] ISSN-2347-3428) जर्नल के नवम्बर, 2022 (कार्तिक पूर्णिमा) के अंक में पालि-व्याकरण-परम्परा में समास की अवधारणा ('पदरूपसिद्धि' के विशेष सन्दर्भ में) विषयक शोधपत्र प्रकाशित हुआ।

इंदिरा गाँधी मुक्त विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र (लखनऊ) में बी.ए. (संस्कृत) की कक्षाओं हेतु 21.09.2022 से 30.11.2022 तक यथाकाल चैनल आधारित काउंसिलिंग की ऑनलाईन कक्षाओं में अध्यापन कार्य किया। Massive Open Online Courses-MOOCs के परिसरीय संयोजक तथा SPoC (Single Point of Contact) of (SWAYAM NPTEL Chapter) के रूप में दायित्वों का निर्वहन किया। उत्तर प्रदेश सरकार, संस्कृति विभाग द्वारा 11 दिसम्बर, 2022 को 'भाषा सेवा सम्मान, 2022' से सम्मानित किया गया जा रहा है। पालि सोसायटी ऑफ इण्डिया, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) से प्रकाश्यमान 'पालि-पटिपदा' नामक पालि-माध्यम के जर्नल का सम्पादन किया। साहित्य-समाख्या पत्रिका का सम्पादन किया। नैक निरीक्षण के सन्दर्भ में परिसरीय समन्वय समिति के सदस्य के रूप में सक्रियतापूर्वक कार्य किया गया।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्या:

प्रार्थना-पत्र प्राप्त	-	00
उत्तर प्रेषित	-	00

4.2.7 श्री राजीव गांधी परिसर, शृंगेरी (कर्णाटक)

1. परिसर का संक्षिप्त इतिहास

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्राक्तन राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान ने अपनी अंगीभूत इकाई के रूप में 13 जनवरी 1992 को राजीव गाँधी केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ की स्थापना शृंगेरी में की उस समय भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्री डॉ. अर्जुन सिंह जी संस्थान के अध्यक्ष थे भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति महामहिम श्री आर. वेंकटरामन् के कर कमलों द्वारा दिनांक 05 मार्च 1992 को इस परिसर का उद्घाटन हुआ वर्तमान में यह परिसर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, राजीव गाँधी परिसर के नाम से जाना जाता है इस परिसर के मुख्य भवन का निर्माण केन्द्रीय निर्माण विभाग ने 1.63 करोड़ की लागत से किया द्वितीय चरण में छात्र एवं छात्राओं के लिए छात्रावास, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के लिए आवास का निर्माण रू 4.17 करोड़ की लागत से किया गया अभी मुख्य भवन का विस्तार, छात्रावास का विस्तार तथा क्रीडांगण निर्माण रू 8.05 करोड़ की लागत से किया गया जिस का उद्घाटन संस्थान के माननीय कुलपति जी के द्वारा किया गया है

2022–23 में कुल 357 छात्र–छात्राओं ने विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्राप्त किया है। यह परिसर, श्रद्धेय श्री जगद्गुरु श्री श्री भारती तीर्थ महास्वामी जी तथा श्रद्धेय जगद्गुरु श्री विधुशेखर भारती महास्वामी जी और आदरणीय पद्मश्री. डॉ. वी.आर. गौरीशंकर प्रशासक श्री शारदापीठ, शृंगेरी, एवं स्थानीय सलाहकार समिति राजीव गाँधी परिसर शृंगेरी, के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करता है।

2. परिसर की भौगोलिक स्थिति

परिसर हेतु कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा शृंगेरी मेणसे में 10.2 एकड़ भूमि प्रदान की गई है, जो राज्य के चिकमंगलूरू जिले में स्थित है यह परिसर मंगलूर से 120 कि.मी., बेंगलूर से 380 कि.मी., उडुपि से 90 कि.मी., और शिवमोग्गा जंक्शन से 105 कि.मी., की दूरी पर स्थित है शिवमोग्गा (जं) बेंगलूर से रेलमार्ग द्वारा जुड़ा है।

3. प्रस्तावित पाठ्यक्रम

यह परिसर साहित्य, नव्यव्याकरण, अद्वैतवेदान्त मीमांसा, नव्यन्याय और फलितज्योतिष विषयों में आचार्य (एम.ए.) शास्त्री (बी.ए.) स्तर तक की, शिक्षाशास्त्री (बी.एड.) और प्राक्शास्त्री (इण्टरमीडिएट) स्तर तक की शिक्षा प्रदान करता है।

इस परिसर द्वारा शोध छात्रों को शोध कार्य पूर्ण करने के पश्चात्, विद्यावारिधी (पी.एच.डी) की उपाधि प्रदान की जाती है इसके अतिरिक्त आधुनिक विषयों के अंतर्गत हिंदी, कन्नड़, अंग्रेजी, इतिहास, कंप्यूटर विज्ञान और शारीरिक शिक्षा की विशेष व्यवस्था है।

साथ साथ वास्तुशास्त्र के डिप्लोमा कोर्स एवं शास्त्री प्रतिष्ठा वर्ग का भी आरंभ किया गया है।

4. परीसरीय मुख्य गतिविधियाँ

1. व्यास पूजा समारोह

व्यास पूजा हमारे यहां डॉ. सी.एस.एस.एन. नरसिंह मूर्ति जी के मार्गदर्शन में की गई है, गुरु पूर्णिमा के अवसर पर परिसर में डॉ. गणेश ईश्वर भट्ट, अद्वैत वेदांत विद्याशाखा, और डॉ. गोविंद हेगडे, मीमांसा विद्याशाखा, वेद व्यास पूजा समारोह के समन्वयक थे।

2. स्वतंत्रता दिवस

हमारे परिसर में 15–08–2022 को स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रोफेसर सी.एस.एस. नरसिंह मूर्ति ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया इसके लिए संयोजक के रूप में प्रो. हरिप्रसाद और सह संयोजक डॉ. एच. डी. रामचन्द्र को दायित्व दिया गया

3. संस्कृत सप्ताह समारोह

हमारे परिसर में 09.08.2022 से संस्कृत सप्ताह समारोह मनाया गया। श्री मठ में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। परम पावन जगद्गुरु श्री श्री भारती तीर्थ महासन्निधानम और परम पावन जगद्गुरु श्री श्री विधुशेखर भारती सन्निधानम

ने आशीर्वाद के साथ सत्र का उद्घाटन किया। संस्कृत दिवस समारोह के सुचारू संचालन के लिए शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. चंद्रकांत के नेतृत्व में समिति नियुक्त की गई है। इस कार्यक्रम के समापन समारोह में हरिहरपुरा हाई स्कूल के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक विद्वान अनंत हेब्बार ने पुरस्कार वितरित किया और समापन भाषण दिया।

4. शिक्षक पर्व

05-09-2022 से 09.09.2022 तक, पाँच दिनों तक शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। 05-09-2022 को हमारे कैंपस के पूर्व व्याख्याता वर्तमान गवर्नमेंट फर्स्ट ग्रेड कॉलेज ऑफ आर्ट्स, मूडुबिड्रे के सहायक प्रोफेसर डॉ. विनय एम.एस ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और भाषण दिया। विद्यार्थियों ने भी निष्ठापूर्वक कार्यक्रम को पूरा किया। परिसर के पूर्व प्राचार्य प्रो. महाबलेश्वर पी भट्ट ने भावपूर्ण भाषण के साथ समापन किया और निदेशक प्रो. सी.एस.एस. एन. मूर्ति ने अध्यक्षीय भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. वेंकटरमण भट्ट एवं डॉ. श्रीकर वी. ने किया

5. हिंदी दिवस

परिसर में दिनांक 01-09-2022 से 14-09-202 तक हिन्दी पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया। इस आयोजन को लेकर कई स्पर्धाएँ आयोजित की गईं, प्रो. सूर्यनारायण भट्ट एवं डॉ. दयानिधि कार्यक्रम के संयोजक थे।

6. गीता जयंती कार्यक्रम

दिनांक 28.11.2022 से 05-12-2022 तक गीता जयंती कार्यक्रम आयोजित किया गया। पहले दिन महामहोपाध्याय दौर्बल प्रभाकर शर्मा ने मुख्य वक्ता के रूप में व्याख्यान दिया समापन समारोह में डॉ. गणेश ईश्वर भट्ट ने विशिष्ट व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विश्वनाथ हेगड़े ने किया।

7. स्थापना दिवस

दिनांक 13.10.2022 को विश्वविद्यालय स्थापना दिवस कार्यक्रम का संचालन डॉ. गणेश ईश्वर भट्ट एवं डॉ. अरुण भट्ट द्वारा किया गया इस दौरान संस्थान के पूर्व कुलपति व परिसर प्राचार्य प्रो. ए.पी. सच्चिदानंद को सम्मानित किया गया कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. कुटुम्ब शास्त्री और कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने विशिष्ट भाषण दिया।

8. सतर्कता एवं जागरूकता सप्ताह

सतर्कता एवं जागरूकता सप्ताह दिनांक 31.10.2022 से 06-11-2022 तक आयोजित किया गया। इसमें प्रतिज्ञा स्वीकृति, निबंध लेखन प्रतियोगिताएँ और विशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किए गए "भ्रष्टाचार मुक्त भारत-एक विकसित भारत" विषय पर प्रसिद्ध वकील श्री एस.के. शशिभूषण ने विशिष्ट व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्ण अनंत पद्मनाभम और श्री विश्वनाथ हेगड़े ने किया।

9. गणतंत्र दिवस

परिसर में राष्ट्रीय ध्वज परिसर निदेशक प्रोफेसर सी.एस. एस.एन. मूर्ति द्वारा फहराया गया। तत्पश्चात् राष्ट्रीय ध्वज वंदन, राष्ट्रगान एवं मिठाई वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। यह विशेष उल्लेखनीय है कि हमारे विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर श्रीनिवास वरखेड़ी ने गणतंत्र दिवस पर ऑनलाइन भाषण दिया।

10. विश्व महिला दिवस

विश्व महिला दिवस कार्यक्रम 02-3-2023 से 08-03-2023 तक पूरे सप्ताह आयोजित किया गया। उद्घाटन अवसर पर शृंगेरी की प्रसिद्ध आयुर्वेदिक चिकित्सक श्रीमती लक्ष्मी ने स्वास्थ्य संबंधी उपाय बताये। छात्राओं ने भाषण, निबंध, खेलकूद, अभिनय, वॉल पेंटिंग, गायन आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। हिन्दी विदुषी डॉ. ज्योतिका काकतकर की उपस्थिति में समापन समारोह की अध्यक्षता हमारे परिसर निदेशक प्रोफेसर सी.एस.एस.एन. मूर्ति ने की। डॉ. चंद्रकला कोंडी और सुश्री सुमना समन्वयक थीं।

11. अखण्ड रामायण पारायण

29.03.2023 से 31.03.2023 तक अखण्ड रामायण पारायण परिसर में श्री राम नवमी उत्सव के अवसर पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में परिसर के सभी सदस्यों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन समारोह में कार्यक्रम के बाद भजन, कुलपति का संबोधन, निदेशक का भाषण हुआ कार्यक्रम का नेतृत्व परिसर के छात्रों और मुक्त स्वाध्याय पीठ के श्री उमामहेश्वर, सहायक प्रोफेसर (अनुबंध) ने किया।

12. अखण्ड रामचरित मानस परायण

वैशाख-शुद्ध-एकादशी से वैशाख-शुद्ध-द्वादशी (01-05-2023 से 02-05-2023) तक अखण्ड रामचरित मानस का पाठ किया गया।

5. कैम्पस द्वारा आयोजित सेमिनार/कार्यशाला/व्याख्यान और विभिन्न गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण

1. 23, 24-03-2023 को वेदांग वेद भाष्य विद्याशाखा ने 'दर्शेष्टि प्रयोग एवं दर्श पूर्ण मास पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी' नामक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान परिसर के प्रांगण में वेद ब्रह्मा श्री नरसिंह भट्ट, अग्निहोत्री और शिमोगा क्षेत्र से सोमयाजी पहुंचे और दर्शेष्टी की। प्रोफेसर आर एन अयंगर जैन विश्वविद्यालय, बैंगलोर से, 'दर्श पूर्ण चंद्रमा का वैज्ञानिक दृष्टिकोण' पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर के निदेशक एवं संचालन प्रोफेसर सूर्य नारायण भट्ट एवं श्री आदर्श विनायक भट्ट ने किया। समापन सत्र की अध्यक्षता प्रोफेसर सुब्राय वि भट्ट ने की।

2. 27-3-23 से 29-3-23 तक ज्योतिष विद्याशाखा द्वारा 'गोलियरेखागणितम्' विषय पर एक राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्घाटन माननीय कुलपति प्रोफेसर श्रीनिवास वरखेड़ी ने ऑनलाइन माध्यम से किया। परिसर निदेशक प्रोफेसर श्री नरसिंह मूर्ति ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस कार्यशाला में प्रो. सर्वनारायण झा, प्रो, प्रवेश व्यास , प्रो. हंसधर झा ने भी भाषण दिया समापन समारोह में राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान के पूर्व कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद उडुपा मुख्य अतिथि थे। डॉ. विजयानंद अडिगा, श्री नागपति हेगड़े, डॉ. रामानंद भट्ट, डॉ. उमाकांत तिवारी, डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी और श्री ब्रजेश पाठक ने पेपर प्रस्तुत किये।

3. 27-3-23 को न्यायविद्याशाखा ने 'न्यायमंजरीस्थ प्रमेयविचाराणां समीक्षा' विषय पर एक राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया। वहां श्री वेंकटेश्वर वेद विश्वविद्यालय और कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आचार्य के.ई देवनाथन ने मुख्य भाषण दिया। हमारे कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी ने उद्घाटन सत्र को संबोधित किया प्रो. उमाकांत भट्ट ने पर्यवेक्षक भाषण दिया। परिसर निदेशक प्रो. नरसिंह मूर्ति की अध्यक्षता में, प्रो. नवीन होला, डॉ. श्यामसुन्दर एवं श्री राघवेन्द्र अरोल्ली के समन्वयन में सेमिनार का उत्तम रीति से संचालन हुआ।

'सूचना का अधिकार' अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्या:

प्रार्थना-पत्र प्राप्त	-	00
उत्तर प्रेषित	-	00

4.2.8 वेद व्यास परिसर, बलाहर (हिमाचल प्रदेश)

1. परिसर-परिचयः

शिक्षा-मन्त्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भारत का एकमात्र बहु परिसरीय संस्कृत विश्वविद्यालय है। इसका एक परिसर हिमाचल प्रदेश में कांगड़ा जिले के बलाहर गाँव में वेदव्यास परिसर नाम से संचालित है। परिसर की स्थापना दिनांक 16.09.1997 को केन्द्रीय संस्कृत विद्यापीठ के नाम से भारत के प्रथम धरोहर गाँव गरली में हुई थी। वर्ष 2002 में यह परिसर राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान (मानित-विश्वविद्यालय) गरली के नाम से प्रचलित हुआ। दिनांक 28.01.2012 से यह परिसर बलाहर ग्राम में 13.26 करोड़ रुपये की लागत से अपने नव निर्मित भवन में संचालित हुआ। 30 अप्रैल 2020 को इस विश्वविद्यालय को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के रूप में परिवर्तित होने का गौरव प्राप्त हुआ।

वेद व्यास परिसर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के स्वप्न एवं लक्ष्य को वास्तविकता में परिणत करने में सतत प्रगतिशील है। परिसर का लक्ष्य एवं उद्देश्य संस्कृत भाषा एवं उसकी विविध शास्त्रीय परम्पराओं का परिरक्षण एवं संवर्धन करना है। परिसर में वर्ष 1997 से व्याकरण, ज्योतिष, साहित्य विषयों में प्राक्शास्त्री, शास्त्री तथा आचार्य पाठ्यक्रमों को संचालित किया जा रहा है। उपर्युक्त विषयों में विद्यावारिधि (पीएच. डी.) उपाधि के लिए शोध भी प्रगति पर है। इसके अलावा संगणक विज्ञान, पर्यावरण, हिन्दी, अंग्रेजी, इतिहास एवं अर्थशास्त्र आदि आधुनिक विषयों को भी स्नातक स्तर तक पढ़ाया जाता है। यह उल्लेखनीय है कि एक ग्रामीण क्षेत्र में संचालित होने के कारण परिसर के विकास एवं संस्कृत भाषा के प्रचार हेतु यहाँ अधिक सम्भावनाएँ हैं। हिमाचल-प्रदेश के लोग अत्यन्त विनम्र और उदार प्रकृति के होते हैं तथा धार्मिक परम्पराओं एवं भारतीय संस्कृति में अखण्ड श्रद्धा तथा विश्वास रखते हैं। यह परिसर समीपस्थ जन समुदायों को संस्कृत से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। इस दिशा में परिसर के छात्रों एवं अध्यापकों का योगदान उल्लेखनीय है।

2. परिसर की अवस्थिति

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर, हिमाचल-प्रदेश के कांगड़ा जिले में देहरा तहसील के पास बलाहर नामक एक लघु ग्राम में व्यास नदी के तट पर अवस्थित है। इस परिसर के आस-पास के क्षेत्रों में प्रसिद्ध देवी-देवताओं के मन्दिर जैसे- चिन्तपूर्णी, ज्वालाजी, वज्रेश्वरी देवी एवं कालेश्वर महादेव अवस्थित हैं।

3. उपलब्ध पाठ्यक्रम :-

3.1 नियमित पाठ्यक्रम :-

परिसर में निम्नलिखित नियमित पाठ्यक्रम परिचालित हैं।

1. व्याकरण,
2. ज्योतिष,
3. साहित्य
4. अद्वैत वेदान्त दर्शन (01-07-2011)
5. शिक्षाशास्त्री (वर्ष 2011)

परिसर में छात्रों के लिए निम्नलिखित सुविधाएं हैं।

1. बालक छात्रावास
2. बालिका छात्रावास
3. जिम एवं योग-केन्द्र
4. भाषा प्रयोगशाला
5. मनोविज्ञान प्रयोगशाला
6. आई.सी.टी. कम्प्यूटर लैब (इण्टरनेट सुविधा)
7. स्मार्ट कक्ष
8. क्रीड़ा स्थल
9. नाटक आदि हेतु प्रेक्षागृह
10. छात्रों के लिए छात्रवृत्ति
11. परिसर का कार्यक्षेत्र भारत के विभिन्न राज्यों में स्थित विश्वविद्यालयों द्वारा आयोजित होने वाले विभिन्न प्रकार

के राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों में भाग लेकर अपने छात्रों के व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करने हेतु समुचित अवसर उपलब्ध कराना है।

विशिष्ट व्याख्यान

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में दिनांक 01.07.2022 को ब्रह्म वंशीकृष्ण घनपाठी द्वारा वेद विषय पर विशिष्ट व्याख्यान सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर वंशीकृष्ण घनपाठी ने वेदों, उपनिषदों, ब्राह्मण एवं आरण्यक ग्रन्थों के विषय में विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि भगवान् वेदव्यास ने वेदों का अलग-अलग विभाग किया जिससे सभी लोग सरलता पूर्वक वेद अध्ययन कर सकें। उन्होंने बताया कि ज्ञान में बहुत शक्ति होती है किन्तु उस शक्ति का उपयोग ठीक ढंग से करना चाहिए, किसी भी प्रकार का ज्ञान निरर्थक नहीं होता है। ज्ञान का प्रयोग करने वाले व्यक्ति का भाव शुद्ध होना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों को संस्कृत शास्त्र-वेद, पुराण, उपनिषद् आदि के अध्ययन हेतु प्रेरित किया। आचार्य ने वेद पाठ विकृति के अंतर्गत जटा पाठ एवं घन पाठ का अभ्यास कराया। इस अवसर पर परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक ने आचार्य का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि आचार्य विविध शास्त्रों के मर्मज्ञ हैं। आचार्य वंशी कृष्ण घनपाठी द्वारा जो भी निर्देश और सुझाव प्रदान किए गए हैं उनका परिसर में क्रियान्वयन किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन आंतरिक गुणवत्ता प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. पी. वी. बी. सुब्रह्मण्यम् द्वारा किया गया एवं धन्यवाद ज्ञापन ज्योतिष विभाग के सहायक आचार्य डॉ. प्रदीप शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में परिसर के सभी विभागों के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

हिमजाग्रति मञ्च कार्यक्रम

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में दिनांक 13.07.2022 को परिसर के छात्रों के लिए प्रतिभा-प्रोत्साहनपरामर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक जी द्वारा की गई।कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मनीष जुगुरान जी थे। इस कार्यक्रम में परिसर के लगभग 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

व्यास-पूजा कार्यक्रम

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में दिनांक 13.07.2022 को व्यास-पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें श्रीमद्भगवद्गीता का पारायण एवं श्री व्यास जी के जीवन पर चर्चा की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मञ्जूनाथ महोदय जी द्वारा की गई, इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. के. मनोज्ञा थीं, कार्यक्रम में परिसर के वेदान्त विभाग के सभी प्राध्यापक एवं छात्रों ने भाग लिया।

पादप-रोपण कार्यक्रम

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में दिनांक 04.08.2022 को परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक जी की अध्यक्षता में पादप रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें प्रागपुर वन विभाग की वन अधिकारी सुश्री वन्दना देवी की उपस्थिति में 108 फलदायक पौधों का रोपण कार्य किया गया। कार्यक्रम में परिसर के सभी प्राध्यापकों एवं छात्रों ने भाग लिया।

सम्भाषण-शिविर कार्यक्रम

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में दिनांक 01.08.2022 से 15.08.2022 तक परिसर के प्राक्शास्त्री छात्रों के लिए सम्भाषण शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक जी द्वारा की गई, कार्यक्रम के संयोजक डॉ. मनीष जुगुरान जी थे। कार्यक्रम में परिसर के लगभग 100 से अधिक छात्रों ने भाग लिया।

संस्कृतसप्ताह कार्यक्रम

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में दिनांक 08.08.2022 से 14-08-2022तक संस्कृत सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक जी ने की। संस्कृत सप्ताह के उपलक्ष्य में परिसर में छात्रों के लिए भाषण, आशुभाषण, संस्कृतगीत, प्रश्नमञ्च, समस्यापूर्ति, श्लोकोच्चारण, निबन्धलेखन, भाषानुवाद इत्यादि अनेक शैक्षिक प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। समारोह के अन्त में स्पर्धाओं में विजयी रहे छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

त्रिवर्ण शोभायात्रा

12 अगस्त 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक जी द्वारा परिसर के सभी प्राध्यापकों एवं छात्रों के साथ नलेटी नामक ग्राम में त्रिवर्ण शोभायात्रा आयोजित की गई, जिसमें परिसरीय सभी प्राध्यापकों के साथ ग्राम पंचायत नलेटी के प्रधान अंकुश शर्मा के द्वारा तिरंगा लहराते हुए हर घर तिरंगा यात्रा

निकाली गई। परिसर के प्रांगण से निदेशक महोदय के उत्साह वर्धक भाषण के साथ शोभा-यात्रा का प्रारम्भ हुआ।

स्वतन्त्रता दिवस समारोह

15 अगस्त 2022 को स्वतन्त्रता दिवस कार्यक्रम में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर निदेशक जी द्वारा प्रातः 10.00 बजे ध्वजारोहण किया गया, जिसमें निदेशक महोदय द्वारा स्वतन्त्रता के महत्व के विषय में विचार व्यक्त किये गये। ध्वजारोहण के उपरान्त परिसर के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति नाटक, नृत्य-गीत इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. प्रतिज्ञा आर्या ने किया।

स्वच्छता पखवाड़ा

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में दिनांक 26-08-2022 को स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया गया, जिसमें परिसरीय राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत परिसर की सफाई एवं छात्रावास की सफाई इत्यादि कार्यक्रमों को सुचारु रूप से किया गया।

शिक्षक पर्व समारोह

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में दिनांक 05-09-2022 से 09-09-2022तक शिक्षक पर्व समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक जी ने की एवं कार्यक्रम का संयोजन डॉ. श्रीनाथधर द्विवेदी जी ने किया। शिक्षक दिवस के शुभ अवसर पर महिला छात्रावास का शुभारम्भ भी किया गया। दिनांक 05-09-2022 को डॉ. ओ.सी. डोगरा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर डॉ. डोगरा ने सभी को विशेष उद्बोधन से ओत-प्रोत किया। दिनांक 06-09-2022 को भरत मण्डप में चलचित्र प्रदर्शन कार्यक्रय का आयोजन किया गया। दिनांक 07-09-2022 को शिक्षक गुण संकीर्तन का आयोजन भरत मण्डप में किया गया। दिनांक 08-09-2023 को 'छात्र वत्सल गुरु' इस विषय पर निबन्ध-लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। दिनांक 09-09-2022 को शिक्षक सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

राज्य स्तरीय योग स्पर्धा

दिनांक 11-12 सितम्बर 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालयवेदव्यास परिसर के छात्रों द्वारा हिमाचल-प्रदेश के सोलन जिले में आयोजित राज्य स्तरीय योग स्पर्धा में प्रतिभाग किया गया जिसमें परिसर के छात्रों द्वारा निम्नलिखित विवरण के अनुसार पुरस्कार प्राप्त किये गये।

1. मनीष कुमार एवं साहिल-स्वर्ण पदक।
2. चिराग शर्मा, आरती एवं अंशुल-रजत पदक।
3. विशाल गौतम -कांस्य पदक।

मार्ग निर्माण कार्य

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवन से अतिथि भवन, महिला छात्रावास एवं निदेशक आवास तक मार्ग निर्माण का कार्य परिसरीय आउट सोर्स कर्मचारियों द्वारा किया गया। जिसमें मिस्त्री का कार्य श्री रविन्द्र जस्वाल एवं सहयोग श्री प्रवीण कुमार, संजीव कुमार, विनोद शर्मा, मदन लाल, बलदेव, देवराज, कुशल एवं अतुल इत्यादि द्वारा किया गया।

हिन्दी पखवाडा

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में दिनांक 14-09-2022 से 21-09-2022 तक हिन्दी भाषा के विकास एवं प्रचार-प्रसार के लिए हिन्दी पखवाड़े का उल्लास पूर्ण परिपालन किया गया जिसके उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मुम्बई परिसर के निदेशक प्रो. श्री लक्ष्मीनिवास पाण्डेय जी का शुभागमन हुआ जिन्हे परिसर निदेशक द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर स्वागत किया गया एवं इस कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक जी ने की। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. पीयूषकान्त त्रिपाठी जी ने किया। कार्यक्रम में परिसर के सभी विभागाध्यक्षों, प्राध्यापकों एवं कार्यालय कर्मचारियों तथा परिसर छात्रों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। हिन्दी पखवाड़े के उपलक्ष्य में परिसर में निबन्ध लेखन, भाषण, कवितापाठ इत्यादि अनेक स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। स्पर्धाओं में विजयी छात्रों को पुरस्कार प्रदान किए गए।

रजत जयन्ती उत्सव

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर में दिनांक 15-09-2022 से 17-09-2022 तक परिसर के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रजत जयन्ती उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में कार्यक्रम के संरक्षक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी जी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथियों, पूर्व प्राचार्यों, निदेशकों एवं आचार्यों ने

भी भाग लिया। इस कार्यक्रम में परिसर के सभी छात्र एवं पूर्व में अध्ययनरत रहे छात्रों ने भी सोत्साह प्रतिभागिता की। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर शास्त्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें देश भर से संस्कृत के कई विद्वानों ने भाग लिया। दिनांक 17-09-2022 को रजत जयन्ती के उपलक्ष्य में प्रातः 09:00 बजे शोभा-यात्रा प्रारम्भ हुई। सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्रों ने सोत्साह शोभा यात्रा में भाग लिया। रजत जयन्ती कार्यक्रम के समय परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक महोदय द्वारा सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं पूर्व छात्रों को उत्तरीय प्रदान कर सम्मानित किया गया।

स्थापना दिवस

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार वेद व्यास परिसर में दिनांक 13-10-2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय की राष्ट्रिय संस्कृत संस्थान के रूप में स्थापना दिनांक 15-10-1970 के उपलक्ष्य पर आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत स्थापना दिवस का आयोजन ऑनलाईन माध्यम से किया गया।

स्वच्छता सप्ताह अभियान

दिनांक 26-09-2022से 02-10-2022तक वेदव्यास परिसर द्वारा स्वच्छता सप्ताह अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विभाग-प्रमुखों द्वारा अपने-अपने विभाग की सफाई की गई तथा अनावश्यक सामग्री के निस्तारण हेतु यथोचित कदम उठाए गए। विगत 25 वर्षों में प्रथम वार राईट ऑफ की प्रक्रिया के माध्यम से परिसर में सड़े गले समाग्री को राईट ऑफ किया गया।

राष्ट्रीय एकता सप्ताह

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा दिनांक 26-10-2022 से 31-10-2022 तक राष्ट्रीय एकता सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें परिसरीय छात्रों के लिए निबन्ध-लेखन प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता, स्वच्छ भारत अभियान, फिट इण्डिया दौड़, व्याख्यान, मूल कर्त्तव्यों की प्रतिज्ञा एवं एकता-शपथ इत्यादि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विजयी रहे छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

दीक्षा आरम्भ कार्यक्रम

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार वेदव्यास परिसर में दिनांक 07-11-2022 को दीक्षा आरम्भ कार्यक्रम का आयोजन मुख्यालय सहित सभी परिसरों में ऑनलाईन माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. वनमाली विश्वाल, अधिष्ठाता शैक्षणिकवृत्त ने सभी का स्वागत किया। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति ने सभी को अपने आशीर्वचन प्रदान किये तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रो. पवन कुमार, परीक्षा नियन्त्रक ने किया 55 इस कार्यक्रम का संयोजन प्रो. कुलदीप शर्मा, कुलपति के विशेषाधिकारी ने किया।

कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श प्रकोष्ठ

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालयवेदव्यास परिसर में दिनांक 20-10-2022 को निदेशक महोदय की अध्यक्षता में कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श प्रकोष्ठ की बैठक की गयी, जिसमें प्रकोष्ठ से सम्बन्धित नियमों की रूप रेखा तैयार की गयी, जिसमें सभी समिति सदस्यों की सहमति बनी तत्पश्चात् इस प्रकोष्ठ के अन्तर्गत छात्रों को विभिन्न प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए आवेदन आमन्त्रित किये गये, जिसमें कुल 80 छात्रों द्वारा भाग लिया गया जिसमें नियमानुसार 53 छात्र उत्तीर्ण हुए अतः दिनांक 01.12.2022 कैरियर मार्गदर्शन और परामर्श प्रकोष्ठ की कक्षाओं को शुरू करने के लिए कार्यक्रम का उद्घाटन परिसर के निदेशक महोदय प्रो. मदन मोहन पाठक जी के द्वारा किया गया। इसमें मुख्यतिथि के रूप में शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शीशराम जी, इस प्रकोष्ठ के संयोजक डॉ. महीपाल सिंह जी, प्रकोष्ठ सचिव श्री विक्रमजीत सिंह जी एवं परिसरीय सभी प्राध्यापक तथा छात्र छात्रायें उपस्थित रहे। अब तक इस कार्यक्रम की सफलता को देखते हुए छात्रों के अनुरोध पर यू. जी.सी. नेट सी. टेट तथा शास्त्रीय कमीशन की तैयारी के लिए अलग से कक्षाओं का प्रारम्भ किया गया। अब तक इस प्रकोष्ठ द्वारा 53+43 कुल 96 छात्र सफलता पूर्वक लाभान्वित हुए हैं।

संगणक साक्षरता दिवस

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 02-12-2022 को अपराह्न 03.00 बजे विश्व संगणक साक्षरता दिवस कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के तत्वावधान में प्रागपुर के बलाहर स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालयवेदव्यासपरिसर में वर्ल्ड कम्प्यूटर लिट्रेसी-डे (विश्व संगणक साक्षरता दिवस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ऑनलाइन माध्यम से संस्कृत विश्वविद्यालय के दिल्ली स्थित मुख्यालय से

कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी जी ने वेदव्यास परिसर सहित देश भर के समस्त छात्र एवं छात्राओं को कम्प्यूटर के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। वहीं, मुख्यालय के विभिन्न अधिकारियों ने भी ऑनलाइन माध्यम से विश्व कम्प्यूटर साक्षरता दिवस पर छात्र-छात्राओं को कम्प्यूटर व कम्प्यूटर के विभिन्न कोर्सों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम के समय वेदव्यास परिसर के निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक जी एवं परिसर के सभी अध्यापकों सहित समस्त छात्र एवं छात्राएँ भी उपस्थित रहे।

गीताजयन्ती कार्यक्रम

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार वेदव्यास परिसर में दिनांक 03-12-2022 से 09-12-2022 तक प्रात: 6:30 से 7:30 तक श्रीमद्भगवद्गीता का पारायण परिसरीय यज्ञशाला में निदेशक महोदय की अध्यक्षता में सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं छात्रों द्वारा किया गया।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार वेदव्यास परिसर द्वारा दिनांक 17 एवं 18 दिसम्बर 2022 को राज्यस्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें हिमाचल प्रदेश के 05 संस्कृत महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय ने भाग लिया जिसमें लगभग 60 छात्रों ने प्रतिभागिता की।

राष्ट्रीय बालिका दिवस

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार वेदव्यास परिसर में दिनांक 24-01-2023 को राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया।

गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिनांक 26-01-2023 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सभी परिसरों ने एक साथ गणतन्त्र दिवस का परिपालन किया। परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक जी द्वारा प्रात: 8:30 पर ध्वजारोहण कर सम्बोधित किया गया। तत्पश्चात् 9:00 बजे गणतन्त्र दिवस कार्यक्रम में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी जी द्वारा ऑनलाईन माध्यम से सभी को उद्बोधित किया गया।

सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर बलाहर में माघ शुक्ल पंचमी (वसंत पंचमी) 25-26 जनवरी 2023 के शुभ अवसर पर पूर्व छात्र संघ वेदव्यास परिसर के सौजन्य से परिसर निदेशक आचार्य मदनमोहन पाठक के मार्गदर्शन में सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन किया गया। पूर्व छात्र संघ के सचिव डॉ. दीप कुमार ने बताया कि उक्त आयोजन में 31 बटुकों का पूर्ण शास्त्रीय विधान से विशेषज्ञ विद्वानों ने यज्ञोपवीत संस्कार सम्पन्न करवाया। यह सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार पूर्व छात्रसंघ वेदव्यास परिसर तथा वेदानन्द आश्रम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। द्विदिवसीय यज्ञोपवीत संस्कार कार्यक्रम में परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। माघ शुक्ल चतुर्थी (25 जनवरी) को अपराह्न में बटुक अपने अभिभावकों के साथ पहुंचें। आचार्यों में आचार्य वनीश शर्मा, आचार्य गिरिराज गौतम, आचार्य भूपेन्द्र ओझा, आचार्य महात्मा वीणापाणी त्रिपाठी, तथा आचार्य सर्वानन्द महाराज ने पूर्ण शास्त्रीय विधि-विधान से पूर्व दिन 25 जनवरी को बटुकों का मुण्डन करवा कर मातृकापूजनादि पूर्व शास्त्र क्रिया सम्पन्न करवाई। माघ शुक्लपंचमी (26 जनवरी) को प्रात: काल ब्रह्म मुहूर्त में यज्ञोपवीत संस्कार विधि प्रारम्भ हुई जो शाम तक सम्पन्न हुई। परिसरीय भगवती त्रिपुर सुंदरी मन्दिर प्रांगण तथा यज्ञशाला में यह संस्कार सम्पन्न हुआ। परिसर के IQAC के बाह्य सदस्य गरली के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. हरि कृष्ण शर्मा तथा बलाहर के प्रसिद्ध समाजसेवी श्री देवराज शर्मा समारोह में विशेष रूप से शामिल हुए। बटुकों, अभिभावकों, स्थानीय निवासियों, स्वेच्छा से उपस्थित हुए परिसरीय अध्यापकों तथा पत्रकारों सहित लगभग 200 लोग समारोह में शामिल हुए। परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक ने विस्तार से यज्ञोपवीत की आवश्यकता, प्रयोजन तथा महत्व पर आधुनिक व प्राचीन सन्दर्भ में प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी के लिए भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे के आयोजन में पूर्व छात्र संघ के उपाध्यक्ष तथा प्रसिद्ध शक्तिपीठ बगुलामुखी मन्दिर के प्रधान आचार्य श्री दिनेश शर्मा जी ने विशेष सहयोग दिया।

अखिल भारतीय रूपक महोत्सव

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 2 से 4 फरवरी 2023 को अखिल भारतीय रूपक महोत्सव का आयोजन सदाशिवपरिसर, ओडिशा में

आयोजित हुआ, जिसमें वेदव्यास परिसर के छात्रों ने श्री कृष्णभक्तिचन्द्रिका नाटक की प्रस्तुति की एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त कर परिसर को गौरवान्वित किया। इस उपलब्धि पर समस्त परिसरीय छात्रों, शिक्षकों तथा निदेशक महोदय ने हार्दिक प्रसन्नता प्रकट करते हुए पुरस्कार प्राप्त छात्रों का अभिनन्दन किया।

क्रियात्मक योग कार्यक्रम

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर द्वारा राष्ट्रीय योजना प्रकोष्ठ वेदव्यास परिसर एवं योग विज्ञान विभाग के तत्वावधान में महर्षि दयानन्द सरस्वती जयन्ती के उपलक्ष्य पर क्रियात्मक योग कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 15-02-2023 को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. मदन महोन पाठक जी ने की तथा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. कृष्णानन्द दन्नाना ने किया।

राष्ट्रीय एकता शिविर

दिनांक 16-02-2023 से 22-02-2023 तक राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत पंजाब राज्य में राष्ट्रीय एकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें परिसरीय छात्रों भूमा एवं मुकेश ने प्रतिभागिता की एवं परिसर को गौरवान्वित किया। इस उपलक्ष्य पर परिसर के निदेशक ने प्रसन्नता प्रकट की।

उत्तरक्षेत्रीय युव महोत्सव

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 20 से 22 फरवरी 2023 तक उत्तरक्षेत्रीययुवमहोत्सव का आयोजन श्री रणवीर परिसर, जम्मू में हुआ, जिसमें वेदव्यास परिसर के छात्रों ने प्रतिभागिता करके 14 स्वर्ण पदक, 07 रजत पदक तथा 03 कांस्य पदक प्राप्त कर उत्तरक्षेत्रीययुवमहोत्सव में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा विजय वैजयन्ती वेदव्यास परिसर के नाम की। इस उपलब्धि पर समस्त परिसरीय छात्रों, शिक्षकों तथा निदेशक महोदय ने हार्दिक प्रसन्नता प्रकट करते हुए पुरस्कार प्राप्त छात्रों का अभिनन्दन किया।

कला-कौशल कार्यशाला

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, वेदव्यास परिसर एवं विज्यूअल आर्ट्स विभाग हिमाचल-प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 07-03-2023 से 11-03-2023 तक कला-कौशल कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. मदन मोहन पाठक जी ने की तथा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. कृष्णानन्द दन्नाना ने किया तथा सह- संयोजन डॉ. मुकेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम का आयोजन IQAC के अन्तर्गत किया गया।

राज्य स्तरीय स्पर्धा

हिमाचल संस्कृत अकादमी द्वारा दिनांक 10-03-2023 एवं 11-03-2023को संस्कृत महाविद्यालयीय राज्य स्तरीय स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय वेदव्यास परिसर के 06 छात्रों ने भाग लेकर 04 पुरस्कार प्राप्त किये तथा प्रदेश भर में वेदव्यास परिसर को गौरवान्वित किया।

अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय मुख्यालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार दिनांक 17.03.2023 से 23.03.2023 तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समयअन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर नारी शक्ति पुरस्कार कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमें परिसरीय शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक महिला कर्मचारियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त बालिका छात्राओं की श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता, निबन्ध-लेखन प्रतियोगिता, भाषण-प्रतियोगिता एवं प्रश्नमञ्च प्रतियोगिता इत्यादि विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन भी किये गये।

आवास आवन्टन

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालयवेदव्यास परिसर, बलाहर में बहु प्रतीक्षित महिला छात्रावासादि आवासों का निर्माण एवं प्रत्यर्पण केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा करने के उपरान्त शारदीय नवरात्र पर्व (2022) के पुनीत अवसर पर आवेदनों के आधार पर परिसरीय अध्यापकों, कर्मचारियों हेतु निर्धारित आवासों तथा छात्राओं हेतु महिला छात्रावास का आवन्टन किया गया।

‘सूचना का अधिकार’ अधिनियम 2005 के अन्तर्गत प्राप्त/उत्तरित पत्रों की संख्या:

प्रार्थना-पत्र प्राप्त	-	00
उत्तर प्रेषित	-	00

4.2.9 भोपाल परिसर, भोपाल (मध्य प्रदेश)

1. परिसर परिचय

भोपाल प्राचीनकाल से प्राकृतिक, बौद्धिक, साहित्यिक, सांस्कृतिक, ऐतिहासिक एवं राजनैतिक आदि विभिन्न सम्पदा से सम्पन्न रहा है। अत: यहाँ भोपाल परिसर को स्थापित करने के लिए तत्कालीन केन्द्रीय मन्त्री डॉ. मुरली मनोहर जोशी, मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार ने पत्र क्रमांक संस्कृत-1- सैक्शन दिनांक 31 मार्च 2002 के द्वारा स्थापना आदेशपत्र निर्गत किया था। उक्त शासनादेश को क्रियान्वित करने के लिए रा.सं.सं. नई दिल्ली ने पत्र क्रमांक-37021/2002-admin/1108 कार्यालय आदेश संख्या 107/दिनांक 05.06.2002 के द्वारा एतदर्थ प्राचार्य आदि विभाग उपलब्ध कराकर 1 जुलाई 2002 से भोपाल परिसर को क्रियाशील किया था। यद्यपि इस तिथि से प्राय: दस वर्ष पूर्व ही 1991-92 में तत्कालीन मानव संसाधन विकास मन्त्री माननीय अर्जुन सिंह की घोषणा से भोपाल परिसर के स्थापना की योजना प्रकल्पित हुई थी और उसी समय मध्यप्रदेश शासन ने पत्र क्रमांक-एफ 6730/शास./सा.-2बी/93 दिनांक 27.05.1993/20.07.1993 के शासनादेश के द्वारा इस परिसर के विकास के लिए 10 एकड़ भूमि नि:शुल्क आवंटित की थी। इस प्रकार भोपाल में 6 जुलाई 2002 से बरकत-उल्ला विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के कक्ष में भोपाल परिसर की गतिविधि प्रारम्भ होने पर 02 अगस्त 2002 को अरेरा कॉलोनी में भाटक भवन प्राप्त करके उसमें छात्रों के प्रवेश एवं शिक्षण की गतिविधि प्रारम्भ हुई।

तत्पश्चात् मध्यप्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल महामहिम भाई महावीर ने संस्थान के तत्कालीन कुलपति प्रो. वेम्पटि कुटुम्ब शास्त्री और परिसर संस्थापक प्राचार्य प्रो. आजाद मिश्र जी के साथ संस्कृत जगत् के मूर्धन्य विद्ब्जनों की उपस्थिति में दिनांक 16 सितम्बर 2002 को भोपाल परिसर के औपचारिक उद्घाटन की उद्घोषणा की थी। तदनन्तर मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमन्त्री माननीय श्री दिग्विजय सिंह ने अपने करकमलों से दिनांक 27.02.2003 को आवंटित भूखण्ड पर परिसर का शिलान्यास किया था। यह परिसर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के रूप में जाना जाता है। भोपाल परिसर के सम्बन्ध में निम्न बिन्दु महत्त्वपूर्ण हैं-

- इसके अतिरिक्त आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 333 छात्रों का पुरुष छात्रावास, 108 छात्राओं का महिला छात्रावास, अतिथि निवास, प्राचार्य एवं कर्मचारी आवासों के निर्माण का कार्य 2014 में ही पूर्ण हो गया है।
- परिसर में वर्तमान में साहित्य, व्याकरण, ज्योतिष, शिक्षा, जैनदर्शन, नाट्यशास्त्र, दर्शन तथा आधुनिक विभाग में हिन्दी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य, इतिहास, राजनीति विज्ञान तथा कम्प्यूटर इत्यादि विषय सञ्चालित हैं। साथ ही वेद, पुराण इतिहास, सांख्य योग इत्यादि विभागों की स्वीकृति उपलब्ध है। प्राकशास्त्री, शास्त्री, आचार्य, शिक्षाशास्त्री (B.Ed.) शिक्षाचार्य (M.Ed.) तथा विद्यावारिधि पाठ्यक्रम परिसर में गुणवत्तापूर्ण पद्धति से सञ्चालित किए जा रहे हैं।
- साथ ही अनौपचारिक संस्कृत शिक्षण, वास्तु, ज्योतिष तथा पौरोहित्य के प्रमाणपत्रीय पाठ्यक्रमों के साथ मुक्त स्वाध्याय पीठ में दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से भी पाठ्यक्रम सञ्चालित हो रहे हैं। हाल ही में परिसर में इग्नू का स्वाध्याय केन्द्र भी खोला गया है। इस प्रकार यह परिसर संस्कृत शिक्षा के विकास हेतु निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में अग्रसर है।
- परिसर में अनौपचारिक रूप से 'मुक्तस्वाध्यायपीठ' सञ्चालित होता है जहाँ दूरस्थ माध्यम से संस्कृत शिक्षा का प्रसार-प्रचार किया जाता है।
- परिसर में AC आदि सुविधाओं से युक्त 'वररुचि ग्रंथागार' एक केन्द्रीय पुस्तकालय हैं, जिसमें सभी सञ्चालित विभागों के लिए उपयोगी पुस्तकें उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त शिक्षाशास्त्र, व्याकरण, साहित्य, ज्योतिष, आधुनिक विभाग और नाट्य अनुसन्धान केंद्र के अपने स्वतन्त्र विभागीय पुस्तकालय भी हैं।

- परिसर में संगणक, ज्योतिष, भाषा, पाठ्यचर्या और मनोविज्ञान की प्रयोगशालाएँ भी हैं, जहाँ विद्यार्थी प्रायोगिक ज्ञान प्राप्त करते हैं।
- परिसर में 'भरत रंगमण्डप' एक मुक्त सभागार और 'भवभूति प्रेक्षागार' एक AC आदि सुविधाओं से युक्त सभागार है, जहाँ 300 दर्शकों के बैठने के लिए स्थान उपलब्ध होता है।
- 'नाट्य अनुसन्धान केन्द्र' भोपाल परिसर में सञ्चालित एक विशिष्ट उपक्रम है, संस्कृत नाटकों के मंचन और संस्कृत गीत एवं श्लोकों के प्रस्तुतीकरण पर कार्य किया जाता है।
- परिसर प्रकाशन के क्षेत्र में भी सक्रिय है। शास्त्रमीमांसा (ISSN- 2231-2129) के द्वारा गुणवत्तापूर्ण शोधपत्रों का और राष्ट्री (ISSN- 2321-6948) के द्वारा आलेखों, गीतरचना आदि प्रकाशन किया जाता है।

2. उपलब्ध पाठ्यक्रम

प्राक् शास्त्री (+2), शास्त्री (बी.ए.), आचार्य (एम.ए.), शिक्षाशास्त्री (बी.एड.), शिक्षा आचार्य (एम. एड.), विद्यावारिधि (पी.एच.डी.) पाठ्यक्रम संचालित किए जाते हैं।

3. मुख्य गतिविधियाँ

1. पतंजलि योगशास्त्र पर विशेष व्याख्यान 30.05.2022

30 मई 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल में पतंजलि योगशास्त्र पर डॉ. निलिंप त्रिपाठी का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि प्रो. हंसधर झा थे। इस समारोह की अध्यक्षता प्रो. सुबोध शर्मा, निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल ने की।

2. रक्तदान कार्यक्रम 14.06.2022

विश्व रक्तदान दिवस पर एनएसएस केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर भोपाल के स्वयंसेवकों ने एम्स भोपाल में रक्तदान किया। इस अवसर पर सोमू भार्गव, सौरभ शर्मा, नंद कुमार शर्मा, रोहित कुमार पाराशर और महेश आर्य ने स्वयं सेवक के रूप में कार्य किया। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री राकेश कुमार वर्मा थे।

3. विश्व योग दिवस 21.06.2022

21 जून 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल में विश्व योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सभी स्टाफ सदस्य और छात्र सुबह 6.40 बजे माननीय प्रधान मंत्री के संबोधन के ऑनलाइन प्रसारण में शामिल हुए। फिर योग प्रोटोकॉल के अनुसार परिसर के सभी लोगों ने योगाभ्यास किया। सुबह 11 बजे मुख्यालय केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से योग पर विशेष व्याख्यान के प्रसारण में परिसर के सभी लोग शामिल हुए। इस दिन परिसर के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में योग प्रशिक्षक श्री सूर्यकांत चौबे को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दाताराम पाठक थे।

4. गुरु पूर्णिमा - व्यास पूजा 13.07.2022

गुरु पूर्णिमा, 13 जुलाई 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल में गुरु पर्व - व्यास पूजा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि प्रो. बालकृष्ण शर्मा एवं श्री प्रमोद पंडित थे। समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने की। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. नीलाभ तिवारी थे।

5. महर्षि व्यास एवं भारतीय संस्कृति पर विशेष व्याख्यान 25.07.2022

25 जुलाई 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल में महर्षि व्यास एवं भारतीय संस्कृति पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. उमाशंकर पचौरी थे। उन्होंने भारतीय परंपरा और संस्कृति के मुख्य सिद्धांतों और आदर्शों पर विस्तार से प्रकाश डाला। यह कार्यक्रम केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल और भारतीय शिक्षण मंडल द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने की। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रमण मिश्र थे।

6. संस्कृत सप्ताह महोत्सव 8 से 14 अगस्त 2022

आजादी के 75वें वर्ष को अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत मनाया गया। इस वर्ष का संस्कृत सप्ताह महोत्सव 08/08/2022 को शुरू हुआ तथा 14/08/2022 को समाप्त हुआ। इस सप्ताह में संस्कृत भाषा के गीत, तिरंगा ध्वज

प्रचार, शोभा यात्रा और वीथी नाटक जैसी कई गतिविधियाँ आयोजित की गई। संस्कृत भाषण, निबंध लेखन, वाद-विवाद, संस्कृत गीत और मोनोएक्टिंग जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं भी हुई। 13 अगस्त 2022 को संस्कृत संगीत संध्या का आयोजन किया गया। समापन सत्र में पुरस्कार वितरण और संस्कृत भूषण पुरस्कार समारोह आयोजित किया गया। इस वर्ष संस्कृत भूषण पुरस्कार डॉ. गणेश त्रिपाठी, प्रो. अशोक कछवाहा, डॉ. सुज्ञान कुमार माहान्ति, डॉ. कालिका प्रसाद शुक्ल और डॉ. अर्चना चौहान को दिया गया। इस समारोह में मानद अतिथि श्री भरत बैरागी थे। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने उद्घाटन और समापन समारोह की अध्यक्षता की। संस्कृत महोत्सव के संरक्षक प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली और अध्यक्ष प्रो. रमाकांत पाण्डेय थे। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. हंसधर झा और सचिव प्रो. नागेंद्र नाथ झा थे।

7. स्वतंत्रता दिवस समारोह 15/08/2022

इस वर्ष केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में स्वतंत्रता दिवस को भव्य तरीके से मनाया गया क्योंकि आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के तहत उत्सव चल रहा था। 15 अगस्त 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और सभी छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि हमें अपनी स्वतंत्रता का सम्मान करते हुए नियमों का पालन करना चाहिए, राष्ट्र की प्रगति में मदद करनी चाहिए और उन सभी गतिविधियों से बचना चाहिए जो हानिकारक हैं। परिसर परिवार के सभी सदस्यों ने हर घर तिरंगा अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

8. विदिशा में नाटक भारत विजयम की प्रस्तुति - 15.08.2022

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर ने 15 अगस्त 2022 को विदिशा में कालिदास संस्कृत अकादमी के साथ संयुक्त रूप से नाटक भारत विजयम की प्रस्तुति का आयोजन किया। यह कार्यक्रम संस्कृत गौरव दिवस और आजादी का अमृत महोत्सव का जश्न मनाते हुए आयोजित किया गया था। इस नाटक के निर्देशक प्रो. सनन्दन कुमार त्रिपाठी एवं डॉ. मोहिनी अरोरा थे। इस प्रेजेंटेशन की परिकल्पना और तैयारी केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसरके निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय द्वारा की गई थी।

9. केन्द्रीय मूल्यांकन 22.08.2022 से 31.08.2022 तक

एम.एड., आचार्य और शास्त्री परीक्षाओं के लिए केन्द्रीय मूल्यांकन 22 अगस्त 2022 से 31 अगस्त 2022 तक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में हुआ। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के विभिन्न परिसरों के साथ-साथ अन्य शिक्षण संस्थानों के शिक्षक मूल्यांकनकर्ताओं ने यह कार्य किया। दिल्ली मुख्यालय के कर्मचारियों ने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर की सहायता से इस कार्य का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के लिए केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर की समिति में प्रो. नीलाभ तिवारी, प्रो. अशोक कुमार कछवाहा, डॉ. योगेश कुमार जैन, डॉ. नरेश कुमार पाण्डेय और श्री संजय मिश्रा शामिल थे।

10. गणेश स्थापना 31.08.2022 से 09.08.2022

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के छात्रों ने गणेश चतुर्थी 31 अगस्त 2022 को गणपति पूजन का आयोजन किया। अनंत चतुर्दशी 9 सितंबर 2022 को यह समारोह गणेश विसर्जन के साथ संपन्न हुआ।

11. हिन्दी पखवाड़ा 01 सितम्बर 2022 से 14 सितम्बर 2022 तक

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में 1 से 14 सितम्बर 2022 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि प्रो. नंद किशोर पाण्डेय, डॉ. रजनी शुक्ला और प्रो. विजय बहादुर सिंह थे। इसी श्रृंखला में विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन, हिंदी साहित्यिक गीत एवं भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। विजेताओं को 14 सितंबर 2022 को समापन समारोह में पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम की संयोजक प्रो. अर्चना दुबे थीं और सह-संयोजक डॉ. सुभाष चन्द्र रहे।

12. शिक्षक पर्व-5 सितंबर 2022- 9 सितंबर 2022

मुख्यालय के निर्देशानुसार केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में 5 सितम्बर 2022 से 9 सितम्बर 2022 तक शिक्षक पर्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये जिनमें राधा कृष्ण स्मृति व्याख्यान, वयोवृद्ध शिक्षक सम्मान, फिल्म 'सुपर-30' का प्रदर्शन शिक्षक गुण संकीर्तन एवं सम्मान शामिल था। प्रो. प्रभादेवी चौधरी को शिक्षा के क्षेत्र में उनके बहुमूल्य योगदान

के लिए सम्मानित किया गया। समापन सत्र में प्रो. लक्ष्मी नारायण पाण्डेय मुख्य अतिथि थे, राधा कृष्ण स्मृति व्याख्यान माला के तहत उनका विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो.सुबोध शर्मा एवं प्रो.श्री गोविंद पाण्डेय थे।

13. एन.एस.एस. दिवस समारोह 24 सितंबर 2022

24 सितंबर 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर भोपाल में एनएसएस दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अतिथि श्री एच.आर. प्रभाकर (सहायक संचालक कृषि विभाग म.प्र.) थे। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री राकेश वर्मा थे।

14. स्वच्छता सप्ताहः- 26 सितम्बर 2022 से 2 अक्टूबर 2022 तक

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में 26 सितंबर 2022 से 2 अक्टूबर 2022 तक स्वच्छता सप्ताह मनाया गया। सभी शिक्षकों, आधिकारिक कर्मचारियों और छात्रों ने परिसर और अन्य स्थानों को साफ रखने का संकल्प लिया। स्वच्छता शपथ का संचालन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने किया और परिसर के सभी लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। प्रो. पाण्डेय ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान देश को स्वच्छ रखने और सभी नागरिकों को स्वस्थ और फिट बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। हम सभी को अपने आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना चाहिए।

15. इग्नू के साथ एमओयू पर हस्ताक्षरः- 29 सितंबर 2022

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में एक अध्ययन केंद्र स्थापित करने के लिए इग्नू के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस प्रयोजन के लिए बैठक 29 सितंबर 2022 को आयोजित की गई थी। एमओयू पर इग्नू नई दिल्ली की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. विनी थॉमस और केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने हस्ताक्षर किए।

16. नाट्यशास्त्रम् तत्प्रयोगश्च विषय पर नाट्यशास्त्र कार्यशाला 30/09/2022 से 09/10/2022

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में 30 सितंबर 2022 से 9 अक्टूबर 2022 तक 'नाट्यशास्त्रं तत् प्रयोगश्च' विषय पर दस दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में अतिथि प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी, डॉ. एम.के. सुरेश बाबू और डॉ. राघवेंद्र भट्ट थे। इस कार्यशाला के संयोजक डॉ. सुज्ञान कुमार माहंती और संयोजिका डॉ. मोहिनी अरोड़ा थीं।

17. पाठ्यक्रम निर्माण कार्यशाला 21 सितंबर 2022 से 23 सितंबर 2022

नाट्यशास्त्र विभाग के आचार्य पाठ्यक्रम के लिए पाठ्यक्रम निर्माण कार्यशाला का आयोजन 21 सितंबर 2022 से 23 सितंबर 2022 तक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में किया गया। इस कार्यशाला में शामिल होने वाले विद्वान् प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी, प्रो. सर्वनारायण झा, प्रो. भारत रत्न भार्गव, प्रो. क्षेत्रवासी पंडा, प्रो. बनमाली बिश्वाल, प्रो.ई. एम. राजन, प्रो. सनंदन कुमार त्रिपाठी, डॉ. राघवेंद्र भट्ट, डॉ. सुज्ञान कुमार माहांती, और डॉ. संगीता गुंदेचा थे। इस कार्यशाला के अध्यक्ष प्रो. रमाकांत पाण्डेय, निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर और संयोजक डॉ. मोहिनी अरोड़ा थीं।

18. अभिविन्यास कार्यक्रम में भागीदारी 10 एवं 11 अक्टूबर 2022

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के सभी शैक्षणिक सदस्यों ने 10 से 11 अक्टूबर 2022 तक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, प्रयागराज गंगनाथ झा परिसर द्वारा आयोजित अभिविन्यास कार्यक्रम में भाग लिया। इस कार्यक्रम के ऑनलाइन प्रसारण की व्यवस्था केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के भवभूति सभागार में की गई थी।

19. स्थापना सप्ताह समारोह का उद्घाटन भगवदज्जुकम् नाटक की प्रस्तुतिः

10 अक्टूबर 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के स्थापना सप्ताह का समारोह केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में शुरू किया गया। उद्घाटन समारोह में अतिथि डॉ. हेमचंद्र पाण्डेय, प्रो. वेद नारायण चौधरी और प्रो. रमाकांत पाण्डेय थे। इस सत्र के अध्यक्ष प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली थे। इस दिन भोपाल परिसर में भगवदज्जुकम् नाटक की भी प्रस्तुति हुई।

20. प्राक्शास्त्री शिक्षकों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम 12 और 13 अक्टूबर 2022

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल प्रक्षाशास्त्री शिक्षकों ने 12 और 13 अक्टूबर 2022 को मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में भाग लिया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में नए पाठ्यक्रम से संबंधित निर्देश और दिशानिर्देश प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. ललित मोहन पंतोला रहे।

21. स्थापना सप्ताह कार्यक्रम प्रो.राधावल्लभ त्रिपाठी द्वारा 14/10/2022 व्याख्यान

फाउंडेशन एक्शन सप्ताह कार्यक्रम 10 से 15 अक्टूबर 2022 तक आयोजित किए गए। इसी श्रृंखला में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल कैम्पस में 14 अक्टूबर 2022 को संस्कृतात्मान: स्वरूपम् विषय पर प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी का व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सनन्दन कुमार त्रिपाठी थे।

22. राष्ट्रीय एकता सप्ताह-स्वच्छ भारत अभियान 2.0

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में राष्ट्रीय एकता सप्ताह मनाया गया। इस कार्यक्रम में परिसर की एनएसएस इकाई ने 28 अक्टूबर 2022 को फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0 का आयोजन किया। एनएसएस इकाई ने इस दिन स्वच्छता कार्यक्रम भी चलाया. छात्रों और शिक्षकों ने परिसर की सफाई की और एकल उपयोग प्लास्टिक और अन्य अपशिष्ट सामग्री के कई बैग एकत्र किए। एकता दौड़ का आयोजन 31 अक्टूबर 2022 को सुबह 7:00 बजे किया गया और उसी दिन सुबह 11:30 बजे राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय द्वारा छात्रों और स्टाफ सदस्यों को राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के संयोजक श्री राकेश वर्मा थे।

23. मध्य प्रदेश स्थापना दिवस समारोह 1 नवंबर 2022

1 नवंबर 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय भोपाल परिसर में मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर "संस्कृत साहित्य में मध्य प्रदेश का योगदान" विषय पर प्रो. सनन्दन कुमार त्रिपाठी का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसरके निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने की। इस कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. संगीता गुंदेचा थीं।

24. प्रो. सुद्युम्न आचार्य का विशेष व्याख्यान 3.11.2022

3 नवंबर 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में 'व्याकरण दर्शन में ध्वनि एवं शब्द नित्य सिद्धांत' विषय पर वेदवाणी वितान प्राच्य विद्या शोध संस्थान के निदेशक प्रो. सुद्युम्न आचार्य का विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने की। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुबोध शर्मा थे।

25. विशेष व्याख्यान सतर्कता जागरुकता सप्ताह - 4/11/2022

4 नवंबर 2022 सतर्कता जागरुकता सप्ताह समारोह के अंतर्गत एडीजी म.प्र. मानव अधिकार आयोग श्री बृज भूषण शर्मा का 'व्यक्तिगत जीवन में सतर्कता' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया। इस समारोह की अध्यक्षता प्रो. रमाकांत पाण्डेय, निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर ने की। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. श्री गोविंद पाण्डेय थे।

26. दीक्षारम्भ समारोह-07 से 18 नवम्बर 2022 तक

शास्त्री/आचार्य प्रथम सेमेस्टर के लिए 10 दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम 7 नवंबर 2022 को माननीय कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेडी के उद्घाटन भाषण के साथ शुरू हुआ। शास्त्री-आचार्य प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार पाण्डेय एवं डॉ. कृपाशंकर शर्मा थे।

27. जनजातीय गौरव दिवस- 15 नवंबर 2022

15 नवंबर 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस दिन डॉ. लोनू सिंह सोलंकी का 'भारतीय परम्परा में जनसंख्या संस्कृति का योगदान' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने की। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. श्री गोविंद पाण्डेय थे।

28. शैक्षिक प्रतियोगितायें:- 17/11/2022

17 नवंबर 2022 को शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें व्याकरण, साहित्य, ज्योतिषभाषण, शलाका, कंठपाठ, समस्यापूर्ति, अक्षर श्लोकी आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सुबोध शर्मा एवं डॉ. प्रदीप कुमार पाण्डेय थे।

29. नये विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन प्रोग्राम 23.11.2022

नए विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम 23 नवंबर 2022 को आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि श्री जितेंद्र शुक्ला और श्री देवकी नंदन चौरसिया थे। इस समारोह की अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल के निदेशक प्रो. रमाकांत पाण्डेय ने की। कार्यक्रम के संयोजक प्रो. नीलाभ तिवारी थे।

30. संविधान दिवस 26.11.2022

26 नवंबर 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रो. शालिनी चतुर्वेदी, लोक प्रशासन, राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा 'भारत लोकतंत्र की जननी' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। परिसर के सभी अध्यापकों, कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों ने भारत के संविधान की प्रस्तावना पढ़ी। इस समारोह की अध्यक्षता प्रो. रमाकांत पाण्डेय, निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल ने की। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कृपाशंकर शर्मा थे।

31. मानवाधिकार पर एक दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 दिसंबर 2022

मानव अधिकारों पर एक दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 दिसंबर 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल में आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रो. विश्वास चौहान, श्री प्रभु दयाल मिश्रा, डॉ. शैलेन्द्र श्रीवास्तव, सुश्री श्रद्धा तिवारी और डॉ. विनीत कपूर थे। इस कार्यक्रम के संरक्षक प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली थे तथा अध्यक्ष प्रो. रमाकांत पाण्डेय, निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर भोपाल थे। इस कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. अर्चना दुबे तथा समन्वयक डॉ. दाताराम पाठक एवं डॉ. अर्चना चौहान थीं।

32. विश्व एड्स दिवस 1.12.2022 पर प्रतियोगिताएं

1 दिसंबर 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर में एन.एस.एस. इकाई द्वारा पोस्टर मेकिंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। छात्रों ने एड्स जागरूकता विषयों पर पोस्टर और नारे बनाए। कार्यक्रम के संयोजक श्री राकेश वर्मा थे।

33. विश्व संगणक साक्षरता दिवस 2.12.2022

2 दिसंबर 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल में विश्व संगणक साक्षरता दिवस मनाया गया। यह एक ऑनलाइन कार्यक्रम था, जिसमें आईआईटी मुंबई की सुश्री आकांक्षा सैनी ने स्पोकन ट्यूटोरियल प्रस्तुत किया। प्रो.श्रीनिवास वरखेड़ी, कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने इस दिन डिजिटल शास्त्री कार्यक्रम का ई-लॉन्च किया। इस कार्यक्रम में अतिथि सुश्री आकांक्षा सैनी, श्री समकित जैन एवं डॉ. दिनेश त्यागी थे। कार्यक्रम के संयोजक श्री सुमित सक्सेना थे।

34. श्रीमद्भगवद्गीता जयन्त्युत्सव: 03-09 दिसम्बर 2022

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल में 3 दिसंबर 2022 से 9 दिसंबर 2022 तक श्रीमद्भगवद्गीता जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर पवित्र ग्रंथ का नियमित पाठ का आयोजन किया गया। इसमें सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कार्यालयीन स्टाफ सदस्यों ने सक्रिय भाग लिया। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सनंदन कुमार त्रिपाठी थे।

35. अंतरराज्यीय शास्त्र स्पर्धा 10-11 दिसंबर 2022

अंतरराज्यीय शास्त्री स्पर्धा मध्य प्रदेश - छत्तीसगढ़ का आयोजन 10-11 दिसंबर 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल में किया गया था। इन प्रतियोगिताओं में मध्य प्रदेश के 12 जिलों और छत्तीसगढ़ के 2 जिलों के छात्रों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक के रूप में प्रो. राधावल्लभ त्रिपाठी, प्रो. रमाकांत पाण्डेय, प्रो. नंदा पुरी, प्रो. रमेश कुमार पाण्डेय, श्री भरत बैरागी, डॉ. सत्यजीत पाण्डेय, प्रो. बृजभूषण ओझा, डॉ. नौनिहाल गौतम थे। डॉ. मधुकेश्वर भट्ट, डॉ. विश्वबंधु, डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय, डॉ. मीनाक्षी जोशी, डॉ. ईश्वर भट्ट, प्रो. क्षेत्रवासी पंडा, प्रो. अशोक थपलियाल और डॉ.

स्वर्णलता तिवारी भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संरक्षक प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली थे, इस कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. रमाकांत पाण्डेय, संयोजक प्रो. हंसधर झा और सह संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार पाण्डेय थे।

36. भारतीय भाषा दिवस

12 दिसंबर 2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल में भारतीय भाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने अपनी स्वरचित कविताओं का पाठ किया। अखंड भारत की गौरवशाली संस्कृति का जश्न मनाने के लिए इस कार्यक्रम में छात्रों के साथ-साथ शिक्षकों ने भी सक्रिय भाग लिया। इस कार्यक्रम की संचालिका डॉ. संगीता गुंदेचा थीं। इस कार्यक्रम की संयोजक प्रो.अर्चना दुबे थीं।

37. वीर बाल दिवस 26.12.2022

वीर बाल दिवस के अवसर पर केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल में बाबा फतेह सिंह और बाबा जोरावर सिंह द्वारा किये गये महान साहसी कार्यों की डिजिटल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस समारोह में विद्यार्थी एवं शिक्षक उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित निबंध लेखन, ड्राइंग एवं क्विज प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम की संयोजक समिति में प्रो. श्रीगोविंद पाण्डेय, डॉ. कृपाशंकर शर्मा एवं श्री राकेश वर्मा शामिल थे।

38. क्षेत्रीय स्तरीय नाटक प्रतियोगिता में प्रतिभाग 27.12.2022

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल के छात्रों ने जयपुर में क्षेत्रीय स्तर की नाटक प्रतियोगिता में भाग लिया और वृषभानुजा नाटक की प्रस्तुति के लिए दूसरा पुरस्कार जीता। प्रो. सनंदन कुमार त्रिपाठी, डॉ. मोहिनी अरोड़ा और डॉ. रजनी समूह के साथ जयपुर गए। इस कार्यक्रम के संयोजक प्रो. सनंदन कुमार त्रिपाठी थे।

39. 'रिप्रोग्राम योर ब्रेन' प्रशिक्षण 03.01.2023

03 जनवरी 2023 को लायंस क्लब भोपाल एम.पी. द्वारा केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल में एक प्रशिक्षण कार्यक्रम 'रिप्रोग्राम योर ब्रेन' का आयोजन किया गया। यह एक प्रेरक कार्यक्रम था, जिसमें छात्रों और शिक्षकों को आत्मविश्वास और बुद्धिमत्ता विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री राकेश वर्मा थे।

40. राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम 10-12 जनवरी 2023

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल में स्वामी विवेकानन्द का जन्मदिवस राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। 10 जनवरी 2023 को सभी विद्यार्थियों के लिए एक भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। 12 जनवरी 2023 को डॉ. उमाशंकर पचौरी, अखिल भारतीय महामन्त्री, भारतीय शिक्षा मंडल द्वारा 'परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन' विषय पर एक विशेष व्याख्यान भी आयोजित किया गया। इन समारोहों की अध्यक्षता प्रो. रमाकांत पाण्डेय, निदेशक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल ने की। इस कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दाताराम पाठक एवं श्री राकेश वर्मा थे।

41. वार्षिक प्रतियोगिताएँ 12-15 जनवरी 2023

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल में 12 जनवरी 2023 से 15 जनवरी 2023 तक वार्षिक प्रतियोगिताएं हुईं। इन गतिविधियों में रंगवल्ली, संघ नृत्य, एकल संस्कृत गायन, संस्कृत अनुवाद, वार्तालेखन, संगणक, कबड्डी, कुश्ती, दौड़, वॉलीबॉल आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं के संयोजक डॉ. प्रदीप कुमार पाण्डेय, डॉ. संगीता गुंदेचा, डॉ. विवेक कुमार सिंह और डॉ. अनुप कुमार मिश्रा थे।

42. नाट्यशास्त्र पी.जी. कोर्स का सत्रारंभ कार्यक्रम 16.01.2023

नाट्यशास्त्र पीजी कोर्स का सत्रारंभ कार्यक्रम 16 जनवरी 2023 को हुआ। इस आभासी कार्यक्रम में अतिथि प्रो. अभिराज राजेंद्र मिश्र, प्रो. आजाद मिश्र और प्रो. सुदेश शर्मा थे। इस कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी, कुलपति, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली थे। प्रो. रमाकांत पाण्डेय, निदेशक, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल ने समारोह को संबोधित किया और सभी प्रतिष्ठित व्यक्तियों को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सुज्ञान कुमार माहान्ति थे।

43. पराक्रम दिवस 23.01.23

23/01/2023 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर, भोपाल, मध्य प्रदेश में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जन्मदिन पराक्रम दिवस मनाया गया। इस दिन विद्यार्थियों ने

देशभक्ति विषय पर स्वरचित कविता प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम के संयोजक श्री राकेश वर्मा थे।

44. एनएसएस ओरिएंटेशन प्रोग्राम 24.01.2023

दिनांक-13.06.2022 को कवि कुलगुरु कालिदास संस्कृत विश्वविद्यालय के आधुनिक संस्कृत विभागाध्यक्ष आचार्य परागजोशी महोदय ने "प्रज्ञा भारती श्रीधरभास्करवर्णेकर महोदय का स्वातन्त्र्य वीर काव्य" इस विषय पर अपना व्याख्यान दिया। उन्होंने साहित्य समाज का दर्पण होता है, इस उक्ति का अनुसरण करते हुए कहा कि साहित्य का अध्ययन कर स्वयं को सुसज्जित किया जाता है। लेखनी तलवार की अपेक्षा प्रभाव उत्पन्न करने में अत्यधिक समर्थ होती है। काव्य में रुद्र भवानी का भी स्तवन है तथा महाराष्ट्र के सह्याद्रि प्रान्त में समुत्पन्न वीरों का भी वर्णन है इन सभी के विषय में चर्चा की। अन्त में उन्होने श्रीधरभास्कर वर्णेकर महोदय के काव्य में वर्णित अनेक वीरों के विषय में भी अवगत कराया। कार्यक्रम का सञ्चालन साहित्य विभाग की प्राध्यापिका डॉ. मञ्जुठेमदेव महोदया ने किया। अतिथि स्वागत व्याकरण विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. गणेश्वरनाथ झा महोदय तथा धन्यवाद समर्पण ज्योतिषविभाग के प्राध्यापक श्रीरजतगौतम महोदय ने किया।

दिनांक-14-06-2022 को मुख्यवक्ता के रूप में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग के आचार्य प्रो. सदाशिवकुमार द्विवेदी महोदय ने "महामहोपाध्याय नारायण शास्त्री ख्रिस्ते

महोदय का व्यक्तित्व एवं कृतित्व" विषय पर उद्बोधन दिया।अपने स्वकीय उद्बोधन में नारायण शास्त्री का जीवन परिचय, विद्याभ्यासकाल तथा उनकी स्वतन्त्रता से सम्बन्धित रचनाओं ने समाज को कैसे प्रेरित किया इत्यादि विषयों का वर्णन किया। तथा उनके द्वारा विरचित उपन्यास, कथा, काव्यों का वर्णन उदाहरण पूर्वक प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सञ्चालन वेदान्त विभाग के प्राध्यापक डॉ. श्रीकर.जी.एन् महोदय, अतिथियों का स्वागत वेदान्त विभाग के प्राध्यापक डॉ. जि. नरसिंहलु महोदय, धन्यवाद समर्पण शिक्षाशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. चक्रधरमेहर महोदय ने किया।

दिनांक-15-06-2022 को मुख्यवक्ता के रूप में आन्ध्रप्रदेश के विजयवाटिका स्थित एस. आर. आर. एवं सी. वी. आर. कलाशाला के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. उद्रष्टा वेंकटरमणमूर्ती जी ने उपस्थित होकर "राष्ट्रभक्त वीर सावरकर" इस विषय पर व्याख्यान दिया। यह व्याख्यान बहुत ओजपूर्ण रहा। अपने व्याख्यान में उन्होने स्वतन्त्रता के लिए विनयदामोदर वीरसावरकर के सम्पूर्ण परिवार का योगदान, बाल्यावस्था में स्वतन्त्रता के लिए विभिन्न क्रिया-कलाप का व्यवहार तथा कविता के द्वारा नवयुवको को प्रेरणा एवं दो बार आजीवन कारावास इत्यादि बहुत से विषयों पर प्रेरणात्मक व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम का सञ्चालन शिक्षाशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. बी.वि. लक्ष्मीनारायण ने, स्वागत भाषण वेदान्तविभाग के प्राध्यापक डॉ. जि. नरसिंहलु महोदय तथा धन्यवाद समर्पण वेदान्तविभाग के प्राध्यापक डॉ. श्रीकर जी. एन. महोदय के द्वारा किया गया।

इस प्रकार अष्टदिनात्मक संस्कृतज्ञस्वातन्त्र्य वीर स्मृति व्याख्यान माला का समापन एकलव्य परिसर के निदेशक आचार्य प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति महोदय के अध्यक्षीय उद्बोधन से हुआ, उन्होने प्रत्येक व्याख्यान में अध्यक्षपद को सुशोभित किया तथा अपने अध्यक्षीय भाषण के द्वारा सभी को प्रोत्साहित किया।

ज्योतिष व्याख्यानमाला

चतुर्थव्याख्यान

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर के ज्योतिष विभाग के द्वारा अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में छात्रों के उपकारार्थ के ज्योतिष व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अमृत महोत्सव ज्योतिष व्याख्यानमाला के संरक्षक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सम्माननीय कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी महोदय तथा मार्गदर्शक केन्द्रीयसंस्कृत विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. रणजितकुमार वर्मन महोदय थे।

इस व्याख्यानमाला के चतुर्थव्याख्यान का आयोजन दिनांक-15.06.2022 को अपरान् 4:00 बजे "खगोलशास्त्र का वैज्ञानिक चिन्तन" इस विषय पर अन्तर्जालमाध्यम से हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में कविकुलगुरु कालिदास संस्कृतविश्वविद्यालय तथा अभिनवभारती अन्ताराष्ट्रियपरिसर के निदेशक प्रो. कृष्ण कुमार पाण्डेय महोदय थे। सत्राध्यक्ष एकलव्य परिसर के कुशल निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति महोदय थे। इस कार्यक्रम के संयोजक ज्योतिष विभागध्यक्ष डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्रा महोदय तथा सह-संयोजक ज्योतिषविभाग के प्राध्यापक डॉ. मनोज श्रीमाल महोदय थे। कार्यक्रम की निर्विघ्नता सिद्धि के लिए मंगलाचरण ज्योतिष विभाग के प्राध्यापक श्रीरजत गौतम महोदय ने किया। स्वागत भाषण डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्र महोदय तथा सत्रसञ्चालन डॉ. यज्ञदत्त महोदय ने किया। इस कार्यक्रम में एकलव्य परिसर के सभी प्राध्यापक तथा देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से शताधिक छात्र उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन ज्योतिष विभाग के प्राध्यापक श्रीरजत महोदय ने किया तथा अन्त में शान्तिमन्त्रपाठ के द्वारा व्याख्यान का समापन हुआ।

अन्तर्राष्ट्रिय योग प्रशिक्षण कार्यशाला

(17.05.2022 से 21.06.2022)

भारत सरकार आयुष्मन्त्रालय के निर्देश से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर द्वारा दिनांक-17.05.2022 से 21.06.2022 तक चौतीस दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका प्रारम्भ दिनांक-17.05.2022 को सायं 04:00 बजे "योगेन चित्तस्य पदेन वाचा" इस श्लोक से किया गया। इस कार्यशाला के उद्घाटन समारोह में वेदान्त शास्त्र के निष्णात विद्वान केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. सुकान्तसेनापति महोदय अध्यक्ष पद को सुशोभित किया। इन्होंने अपने समुद्बोधन में कहा कि आत्मा मुक्ति तथा शरीर के लिए योगसाधना परम आवश्यक है। उद्घाटन समारोह में मुख्यातिथि बौद्धदर्शन विभागाध्यक्ष प्रो.अवधेश कुमार चौबे महोदय विराजमान रहे। इन्होंने अपने समुद्बोधन में गीतादि विविधशास्त्रों में योगवृत्तान्त के विषय में कहा तथा बौद्धदर्शन में योग का क्या स्थान है इस विषय पर भी विशदरूप से चर्चा की। उद्घाटन सत्र में स्वागत भाषण शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायकाचार्य डॉ. अनूपविश्वास

तथा प्रास्ताविक भाषण अन्ताराष्ट्रिययोगदिवस कार्यशाला के संयोजक शारीरिक शिक्षाविभाग के प्राध्यापक डॉ. राजीवघोष महोदय ने दिया। धन्यवादज्ञापन वेदान्त विभाग के प्राध्यापक डॉ.पलाश सान्तरा महोदय ने किया। इस कार्यशाला में परिसर के सभी प्राध्यापक, छात्र-छात्राओं ने सोत्साहपूर्व भाग लिया। उद्घाटन सत्र में प्राय:175 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने योगाभ्यास भी किया। उद्घाटन सत्र में मञ्चसञ्चालन परिसर के शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायकाचार्य श्रीनन्ददुलालमहोदय ने किया। अन्त में अध्यक्ष महोदय के अनुमति से आयुषमन्त्रालय के द्वारा निर्धारित शान्तिमन्त्र से कार्यक्रम सम्पूरित किया गया। योग का प्रायोगिक कार्य दिनांक-17.05.2022 से 21.06.2022 पर्यन्त परिसर के शैक्षिकभवन में प्रतिदिन सांय 4.00 बजे से 5.00 बजे तक किया गया। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में परिसर के शरीरिकशिक्षा विभाग के प्राध्यापक डॉ. राजीव घोष थे। तथा सहायक के रूप में परिसर के शिक्षाशास्त्र विभाग के प्राध्यापक श्रीनन्ददुलालमण्डल महोदय, शिक्षाशास्त्र विभाग के ही प्राध्यापक डॉ. अनूपविश्वास महोदय एवं परिसर के वेदान्तविभाग के प्राध्यापक डॉ. पलाशसाँतरा महोदय थे। आन्ताराष्ट्रिय योग दिवस को अभिलक्ष्य करके विश्वविद्यालय में एकदिवसीय विशिष्ट व्याख्यान कार्यक्रम भी किया गया। यह कार्यक्रम दिनांक-14.06.2022 के मध्याह्न में 12:30 बजे से 1:30 बजे तक किया गया। व्याख्यान का विषय था "स्वास्थ्य संरक्षण के लिए योग का महत्व" इस व्याख्यान कार्यक्रम में योगसमिति के प्रार्थना को स्वीकार करके एकलव्य परिसर के निदेशक महोदय ने अध्यक्ष पद का निर्वहन किया। अध्यक्ष महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण में छात्र तथा प्राध्यापकों को योग की आवश्यकता के विषय में प्रेरित किया। मार्गदर्शक बौद्धदर्शनविभागाध्यक्ष छात्रवत्सल प्रो. अवधेश चौबे महोदय थे। इन महोदय ने विविधयोगक्रिया के विषय में छात्रों को बताया तथा प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि त्रिपुरा केन्द्रीयविश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षाविभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुदीपदासमहोदय थे। इन्होंने अपने व्याख्यान में शरीरचर्या के ऊपर बल दिया। व्यायामादि आसन के पहले प्राणायामादि क्रिया करनी चाहिए तभी स्नायु सक्रिय होती है, अपने व्याख्यान में निवेदन किये। इस कार्यक्रम का सञ्चालन श्रीनन्दुलालमण्डल महोदय ने किया। योगकार्यशाला में जिन लोगों ने भाग लिया उनके लिए स्पर्धा की व्यवस्था की गई। योगसमिति के द्वारा पाँच स्पर्धाएं की गई। जिसमें सोलह लोगों ने पुरस्कार प्राप्ति के लिए योग्यता अर्जित किये। 21जून 2022 को आन्ताराष्ट्रिय योग दिवस विश्वविद्यालय के एकलव्य परिसर के द्वारा मनाया गया। योगदिवस के समापन कार्यक्रम में बौद्धदर्शन के विभागाध्यक्ष प्रभारी निदेशक प्रो. अवधेश कुमार चौबे महोदय ने अध्यक्ष पद का निर्वहन किया। मुख्यातिथि के रूप में श्री प्रेमदातादास महोदय उपस्थित थे। महोदय अगरतला में स्थित इस्कॉन मन्दिर के अध्यक्ष हैं। आचार्य जी मुख्य रूप से इटली देश के निवासी हैं। इन्होंने अपने उद्‌बोधन में कहा कि गीता का सारतत्व योग के द्वारा प्राप्त किया जा सकता है। तथा निर्देश भी किया कि संस्कृत विश्वविद्यालय के छात्र तथा समाजिक लोग योग के प्रचार-प्रसार के प्रति ध्यान दें। अन्त में मुख्यातिथि के करकमलों द्वारा योगस्पर्धा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार प्रदान किया गया। तदुपरान्त अध्यक्ष महोदय की अनुमति से शान्ति मन्त्र के द्वारा योगदिवस कार्यक्रम की समाप्ति की उद्घोषणा हुई।

वासन्ती व्याख्यानमाला

तृतीय पुष्प (18.06.2022)

भारत की स्वतन्त्रता के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में गतिमान वासन्ती व्याख्यान माला के तृतीय पुष्प का विशिष्ट आभासीय व्याख्यान केन्द्रीय संस्कृतविश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर के साहित्यविभाग के द्वारा दिनांक-18.06.2022 को आयोजित किया गया। व्याख्यान पूर्वनिर्धारित समय 3:30 बजे प्रारम्भ हुआ। इस विशिष्ट व्याख्यान के सत्राध्यक्ष परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति महोदय थे। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, भोपाल परिसर के साहित्य विभाग के आचार्य डॉ. सुज्ञान कुमार माहन्ति जीने मुख्यवक्ता के रूप में "तात्पर्यावृत्ति" विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान का आरम्भ मङ्गलाचरण से हुआ। इस व्याख्यान के संयोजक साहित्य विभागाध्यक्ष डॉ. स्वर्ग कुमार मिश्र थे, महोदय ने सभी अभ्यागतों का स्वागत तथा प्रास्ताविक भाषण दिया। मुख्यवक्ता के व्याख्यान के बाद परिसर के निदेशक महोदय ने अपने अध्यक्षीय भाषण से सभा को समुद्‌बोधित किया। अन्त में साहित्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. जितेन्द्र तिवारी महोदय ने सभी का धन्यवाद समर्पित किया। सभा का समापन शान्तिपाठ के द्वारा किया गया। सम्पूर्ण सत्र का सञ्चालन साहित्य विभाग की प्राध्यापिका डॉ. मञ्जुठेमदेव महोदया के द्वारा किया गया। इस व्याख्यान सत्र में परिसर के सभी छात्र-छात्रायें तथा प्राध्यापकों ने उपस्थित होकर सत्र की शोभा बढाई। जिससे यह व्याख्यान सार्थक तथा सफल रहा।

ज्योतिष व्याख्यानमाला

पञ्चम व्याख्यान (28.06.2022)

भारत सरकार के शिक्षामन्त्रालय के अधीन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के एकलव्य परिसर, अगरतला के ज्योतिष विभाग के द्वारा अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पञ्चम व्याख्यान का आयोजन दिनाङ्क–28.06.2022 को अपराह्ण 4.00 बजे "ग्रहण मुकुर नामक अप्रकाशित ग्रन्थ के कुछ विशेष अंश" विषय पर आभासीय माध्यम से किया गया। इस व्याख्यान में मुख्यवक्ता के रूप में भारतीय परम्परा केन्द्र चाणक्य विश्वविद्यालय के सहायकाचार्य डॉ. रामकृष्ण पेजत्ताय महोदय थे। सत्राध्यक्ष के रूप में एकलव्य परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति महोदय थे। सत्र का सञ्चालन ज्योतिष विभाग के अध्यापक डॉ. यज्ञदत्त महोदय ने किया। अतिथियों का स्वागत ज्योतिष विभाग के प्रमुख डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्र महोदय के द्वारा किया गया। तत्पश्चात मुख्यवक्ता महोदय का वैदुष्यपूर्ण व्याख्यान सम्पन्न हुआ। उनके व्याख्यान से सभी प्राध्यापक, शोधार्थी तथा छात्र–छात्रायें अत्यन्त उपकृत हुए। गूगलमीट के माध्यम से आयोजित इस व्याख्यान में बंगाल–उडीसा–दिल्ली–त्रिपुरा–आन्ध्रादि प्रदेशों से 122 प्रतिभागियों ने पञ्जीकरण किया था। मुख्यवक्ता भाषण के अनन्तर परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति महोदय का अध्यक्षीय भाषण हुआ। अन्त में ज्योतिष विभाग के प्राध्यापक श्री रजत गौतम महोदय ने धन्यवाद समर्पण किया तथा शान्तिपाठ से सभा का समापन किया गया।

कालिदास-दिवस (दिनांक 04.07.2022)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, के साहित्य विभाग द्वारा 'कालिदासदिवस' के अवसर पर 4 जुलाई को 'भारत स्वातंत्र्य अमृत महोत्सव' के अंतर्गत 'मेघदूत पद्यानुवाचनम्' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें कालिदासप्रणीत मेघदूत महाकाव्य के पद्यों का वाचन किया गया।

दीप प्रज्ज्वालन के पश्चात् शास्त्री द्वितीय वर्ष की छात्रा सुश्री पूर्णिमा देवनाथ द्वारा मंगलाचरण किया गया जिसके बाद कार्यक्रम प्रारम्भ किया गया। इस अवसर पर साहित्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ. जीतेन्द्र तिवारी ने अपने कुशल मञ्चसंचालन एवं मेघदूतपद्यानुवाचन से कार्यक्रम की शोभा को बढ़ाया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि एकलव्य परिसर के बौद्ध विभाग के प्रमुख प्रो. अवधेश कुमार चौबे जी थे। उन्होंने कहा कि हमें महान लोगों को याद करने के लिए ऐसे आयोजन जरूर करने चाहिए। सभा की अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृत विद्यालय, एकलव्य परिसर के निदेशक प्रोफेसर सुकान्त कुमार सेनापति महोदय ने की उन्होने अपने आशीर्वाद रूपी उद्बोधन से सभा को सम्बोधित किया।

शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. चक्रधर मेहर महोदय ने सभा में उपस्थित सभी लोगों का अपने वाक्कुसुमों से स्वागत किया। साहित्य विभाग की डॉ. मंजुठेमदेव चन्ने ने 'कालिदास दिवस' मनाने के उद्देश्य को बताते हुए प्रास्ताविक भाषण प्रस्तुत किया तथा 'मेघदूत की कविता को पद्य में ही क्यों पढ़ा जाना चाहिए'! इसे सोदाहरण प्रतिपादित किया। अद्वैत वेदांत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. जि. नरसिम्हुलु जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। अन्त में कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

व्यास पूजा महोत्सव

(दिनांक-13.07.2022 समय प्रातः 11:30 बजे)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी जी के मार्गदर्शन में एकलव्य परिसर में दिनांक-13.07.2022 समय प्रातः 11:30 बजे व्यास पूजा महोत्सव बडे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। भगवान गणपति और व्यास जी की प्रतिमा की पूजा करके दीप प्रज्ज्वालनपूर्वक वैदिक मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी निदेशक डॉ. ओमप्रकाश महोदय ने की, इस कार्यक्रम में मुख्यवक्ता अद्वैत वेदांत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. जि. नरसिंहुलु महोदय थे। इस कार्यक्रम में स्वागत भाषण ज्योतिष विभाग के सहाचार्य आचार्य डॉ. यज्ञदत्त महोदय ने किया।

परिसर के कुछ विद्यार्थियों ने 'गुरु-पर्व का महत्व' इस विषय पर उत्साह पूर्वक अपना वक्तव्य दिया। साथ ही परिसर के सभी विभागाध्यक्षों और कुछ प्राध्यापकों ने 'गुरु-तत्व' के विषय पर अपने विचार अभिव्यक्त किए। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता अद्वैत वेदांत विभाग के सहायक आचार्य डॉ. जि. नरसिम्हुलु ने परिसर के छात्रों को बताया कि व्यास पूजा क्यों की जाती है तथा गुरु पूर्णिमा का महत्व क्या है। कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. ओम प्रकाश महोदय ने परिसर के छात्रों व शिक्षकों को संबोधित किया। आभार ज्ञापन शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य श्री नन्द दुलाल मण्डल ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन साहित्य विभाग के सहायकाचार्य

डॉ. जितेन्द्र तिवारी ने किया। शान्तिमंत्र के साथ कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।

अमृतमहोत्सव-ज्योतिष व्याख्यानमाला-2022

छठा व्याख्यान (दिनांक-22.07.2022)

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के एकलव्य परिसर में 'आजादी के अमृत महोत्सव' के अवसर पर ज्योतिष विभाग ने शुक्रवार दिनांक-22-07-2022 को अपराह्न 03:30 बजे, 'ज्योतिष शास्त्रदृष्ट्या अरिष्टचिंतनम्' इस विषय पर छठा व्याख्यान आयोजित किया। जिसमें मुख्यवक्ता काशी हिंदू विश्वविद्यालय के ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष प्रो. गिरिजा शंकर शास्त्री जी थे। कार्यक्रम संरक्षक केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.श्रीनिवास वरखेड़ी महोदय तथा कार्यक्रम में अध्यक्ष की भूमिका में प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति महोदय उपस्थित थे। एकलव्य परिसर के ज्योतिष विभाग के श्री रजत गौतम छेत्री महोदय द्वारा मञ्च संचालन किया गया और डॉ. मनोज श्रीमाल, सहायक आचार्य ज्योतिष विभाग द्वारा मंगलाचरण किया गया। एकलव्य परिसर के ज्योतिष विभाग के विभागाध्यक्ष आचार्य डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्रा जी के द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रो. गिरिजा शंकर शास्त्री द्वारा अति मनोरम एवं वैदुष्यपूर्ण व्याख्यान दिया गया। जिससे सभी छात्र एवं शोधार्थी अत्यन्त लाभान्वित हुए। Google Meet के माध्यम से आयोजित इस व्याख्यान शृंखला में ओडिशा, दिल्ली, त्रिपुरा और आंध्र प्रदेश आदि राज्यों से लगभग 122 छात्रों ने पंजीकरण कराया। मुख्यवक्ता के पश्चात् परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति द्वारा अध्यक्षीय भाषण दिया गया। उसके बाद ज्योतिष विभाग, एकलव्य परिसर के सहायक आचार्य डॉ. यज्ञदत्त महोदय द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया और अन्त में शान्तिमन्त्र के द्वारा यह सभा पूर्णता को प्राप्त हुई।

श्रीगणपति पूजन कार्यक्रम

(दिनांक-31.08.2022- समय प्रातः 11:00 बजे)

एकदन्ताय विद्महे, वक्रतुण्डाय धीमहि।

तन्नो दन्ती प्रचोदयात्।

हे सनातन धर्म के अनुयायियों और संस्कृत भाषा के प्रेमियों! आपको सूचित करते हुए मुझे अति प्रसन्नता हो रही है, कि केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के एकलव्य परिसर द्वारा श्री गणेश चतुर्थी-2022 के अवसर पर परिसर के शैक्षणिक भवन में माननीय परिसर निदेशक प्रोफेसर सुकान्त कुमार सेनापति महोदय की अध्यक्षता में 31 अगस्त 2022, दिन बुधवार को प्रातः 11:00 बजे गणपति पूजन किया गया। इस पूजन कार्यक्रम में परिसर के निदेशक प्रोफेसर सुकान्त कुमार सेनापति महोदय ने श्री गणेश पूजन करके होमादि कर्म सम्पन्न किया। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि- 'श्री गणपति की आराधना करके ही हमारे समस्त क्रियाकलाप निर्विघ्न हो सकते हैं'। इस कार्यक्रम में परिसरीय अध्यापक और कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग ग्रहण किया। इस कार्यक्रम का संयोजन ज्योतिष विभाग के सहायक आचार्य डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्र महोदय तथा साहित्य विभाग के सहाकाचार्य डॉ. जितेन्द्र तिवारी महोदय ने किया।

संस्कृत-सप्ताह-महोत्सव

(दिनांक-08.08.2022 से 14.08.2022)

त्रिपुरा राज्य में स्थित केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के एकलव्य परिसर, अगरतला द्वारा 'संस्कृत-सप्ताह महोत्सव' का आयोजन दिनांक-08.08.2022 से 14.08.2022 तक किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री तपन कुमार मैती, (प्राचार्य, कृषि महाविद्यालय, अगरतला) ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से समारोह की शोभा को बढ़ाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति महोदय ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बौद्धदर्शन विभाग के अध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार चौबे जी उपस्थित थे। इस संस्कृत सप्ताह महोत्सव कार्यक्रम में छात्रों के लिये चार प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें गीताश्लोक-उच्चारण-प्रतियोगिता, सुभाषित-कण्ठपाठ-प्रतियोगिता, संस्कृत-सम्भाषण प्रतियोगिता और रसप्रश्न प्रतियोगिता। ये प्रतियोगिताएं कनिष्ठ और वरिष्ठ छात्रों को उद्देश्य करके की गईं थीं। छात्रों ने समाज में संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्थानों पर प्रभात-फेरी और वीथी-नाटकों का आयोजन भी किया। इसके अलावा दिनांक-14.08.2022 को 'संस्कृत-सप्ताह' का समापन समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्यातिथि के रूप में महाराजा वीरविक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्री सत्यदेव पोद्दार महोदय तथा कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति महोदय उपस्थित रहे। इस 'संस्कृत-सप्ताह' महोत्सव कार्यक्रम के संयोजक डॉ. गणेश्वर नाथ झा तथा सह-संयोजक डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्रा महोदय थे।

स्वतंत्रता दिवस समारोह

(दिनांक-15.08.2022)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर में दिनांक-15.08.2022 को स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति ने अध्यक्ष पद को सुशोभित किया। महोदय ने सुबह 9:00 बजे ध्वजारोहण कर 76वें स्वतंत्रता दिवस का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने मुख्य भाषण में इस बात पर जोर दिया कि जैसे ईंटें, बालू, सीमेंट, लोहे के रॉड और पानी आपस में मिलकर किसी इमारत का निर्माण करते हैं, वैसे ही परिसर, विश्वविद्यालय और राष्ट्र के निर्माण के लिए हमें एक साथ आगे आना चाहिए। इस प्रकार उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के महत्व को प्रस्तुत किया। इस परिसर के वरिष्ठ आचार्य प्रो. अवधेश कुमार चौबे जी ने मुख्य अतिथि के रूप में सभी का उत्साहवर्धन किया। परिसर में विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। जिसमें परिसर के छात्रों ने देशभक्ति गीत और नृत्य आदि प्रस्तुत किए। शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नन्ददुलाल मण्डल ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन किया। परिसर के विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने मातृभूमि एवं महान विभूतियों की जयजयकार की। साथ ही प्रोजेक्टर के माध्यम से मुख्यालय द्वारा आयोजित कार्यक्रम एवं माननीय कुलपति जी के भाषण का प्रसारण भी सभी ने सभागार में बैठकर देखा। परिसर में सारा कार्यक्रम शारीरिक शिक्षा विभाग के सहायक आचार्य डॉ. राजीव घोष जी के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।

शिक्षक कौशल विकास केन्द्र उद्घाटन समारोह

(दिनांक-18.08.2022)

प्राध्यापकों के कल्याण, विकास एवं कौशल संवर्धन हेतु केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के सर्वशास्त्रनदीष्ण, सतत क्रियाशील, प्रशासन-निपुण एवं दूरद्रष्टा कुलपति माननीय प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी महोदय लगातार प्रयास कर रहे हैं और इसके लिए उन्होंने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर में 'शिक्षक कौशल विकास केन्द्र' की स्थापना की।

इस 'शिक्षक कौशल विकास केन्द्र' का उद्घाटन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी महोदय की उपस्थिति में त्रिपुरा विश्वविद्यालय के कुलपति माननीय प्रोफेसर श्री गंगा प्रसाद प्रसाई के करकमलों से दिनांक-18 अगस्त 2022 को हुआ। इस अवसर पर श्री आचार्य गोपबंधु मिश्र, (वाराणसी), श्री दिनेश कामत, (संस्कृत भारती) एवं एकलव्य परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति जी तथा अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित थे। इस शिक्षक कौशल विकास केन्द्र के संयोजक आधुनिक विभाग के प्राध्यापक डॉ. सुमन आचार्जी तथा सह-संयोजक ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्रा जी हैं।

10. दिवसीय संस्कृत-शिक्षक-प्रशिक्षण-कार्यक्रम

(दिनांक-18 से 29 अगस्त 2022 तक)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर के शिक्षक कौशल विकास केंद्र की ओर से 'दस दिवसीय संस्कृत शिक्षक प्रशिक्षण' कार्यक्रम दिनांक-18 से 29 अगस्त 2022 तक आयोजित किया गया था। यह कार्यक्रम संस्कृत शिक्षकों को प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर और संस्कृत-भारती, त्रिपुरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था।

इस 'संस्कृत-शिक्षक-प्रशिक्षण' कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक-18 अगस्त 2022 को सुबह 10.30 बजे आयोजित किया गया। जिसमें त्रिपुरा विश्वविद्यालय, अगरतला के कुलपति प्रो. गंगा प्रसाद प्रसाई मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे, तथा उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को अपना आशीर्वाद दिया। उन्होंने त्रिपुरा राज्य में संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए ऐसे वर्ग की अनिवार्य आवश्यकता भी सिद्ध की। इसी प्रकार काशी हिंदू विश्वविद्यालय, वाराणसी के संस्कृत-विभाग के प्रो. गोपबंधु मिश्र द्वारा सारस्वत-अतिथि के पद की शोभा बढ़ाई गई। वे यहां दो दिनों तक रुके और प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर श्री दिनेश कामत, जो संस्कृत-भारती के अखिल भारतीय संगठन मंत्री हैं, वे मुख्य अतिथि थे। उन्होंने यह मार्गदर्शन दिया कि एक संस्कृत अध्यापक का कर्तव्य क्या है और उसे किस प्रकार का कार्य करना चाहिए। उद्घाटन समारोह में विशिष्ट-अतिथि के रूप में संस्कृत-भारती, पूर्वोत्तर भारत के प्रांतीय संगठन मंत्री श्री कमल शर्मा ने भी वेदिका को अलंकृत किया। उन्होने इस शिक्षक-प्रशिक्षण-वर्ग में 10 दिन तक रह कर कार्य-सफलता की प्रणाली को प्रदर्शित किया। यह 'शिक्षक- प्रशिक्षण-वर्ग दस दिनों चला। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी महोदय न केवल वेदी के आभूषण थे, बल्कि सभी के लिए प्रेरणा के स्रोत भी थे। इनका मार्गदर्शन सभी को पाथेय-रूप में प्राप्त हुआ। उद्घाटन सत्र का संचालन डॉ. श्रीकर जी.एन. ने किया। अतिथियों का स्वागत एकलव्य

परिसर के निदेशक प्रो.सुकान्त कुमार सेनापति ने किया। इसी प्रकार कार्यक्रम की सह-समन्वयिका, साहित्य विभाग की सहायक आचार्या डॉ. सुश्री मञ्जुठेम देवचन्ने ने प्रस्ताविक भाषण को प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. जी. नरसिम्हुलु जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

इस प्रशिक्षण वर्ग में त्रिपुरा, असम, मणिपुर आदि राज्यों से कुल 90 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों ने यहां 10 दिन तक रह कर प्रशिक्षण प्राप्त तथा सम्भाषणवर्ग के संचालन करने की दक्षता प्राप्त की। प्रशिक्षक के रूप में पश्चिम बंगाल, असम एवं त्रिपुरा के प्रशिक्षकों ने भी प्रतिभागियों को लाभान्वित किया। जिसमें श्री जयशाह दस दिनों तक मुख्यशिक्षक के रूप में रहे और 'आदर्श संस्कृत सम्भाषण कक्षा' का सञ्चालन किया। सुश्री तनुश्री सिन्हा ने भी परिसर में रहकर मार्गदर्शन दिया। इसी प्रकार एकलव्य परिसर के कई प्राध्यापक प्रशिक्षण में सहायता करने हेतु अग्रणी रहे। प्रतिभागियों के बौद्धिक विकास के लिए अनेक उद्बोधनकर्ता यहां आये। इनमें वाराणसी से श्री गोपबंधु मिश्र, दिल्ली से श्री दिनेश कामत, जयपुर से प्रो. वाय्.एस. रमेश, असम से प्रो.रणजीत तिवारी, पश्चिम बंगाल से श्री जयप्रकाश गौतम और जम्मू से श्री प्रताप सिंह ने प्रशिक्षण कक्षाओं के विषयों और प्रत्यक्ष पद्धति के लाभों पर प्रधान रूप से उद्बोधन दिया तथा अपने ज्ञान और मार्गदर्शन से सभी को लाभान्वित किया।

इस कार्यक्रम का समापन समारोह 29 अगस्त को सुबह 11 बजे हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश के उज्जयिनी नगर में स्थित 'महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सी.जी. विजय कुमारमेनन जी मुख्य अतिथि के रूप में विराजमान थे। उन्होंने कहा कि 'संस्कृत शिक्षण में लगे लोगों को सदैव संस्कृत माता की आराधना करनी चाहिए, यहीं हमारा प्रथम कर्तव्य है'। उन्होंने हमें याद दिलाया कि हमें आज संस्कृत को पुनर्जीवित करने के लिये क्या करना चाहिए। सारस्वत अतिथि पद को अलंकृत केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर परिसर के शिक्षाशास्त्र विभाग में वरिष्ठ आचार्य प्रो. वाई.एस. रमेश जी ने किया। उनके प्रेरक भाषण ने सभी को प्रोत्साहित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री जयप्रकाश गौतम उपस्थित थे। वे संस्कृत-भारती के अखिल भारतीय सह-संगठन मंत्री भी हैं। इस अवसर पर रामकृष्ण मठ के सचिव आदरणीय स्वामी शुभंकरा नन्द जी ने समारोह में उपस्थित होकर मंगल वचनों से अपना शुभ आशीर्वाद दिया। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर के निदेशक प्रो. सुकांत कुमार सेनापति महोदय अध्यक्ष के रूप में विराजमान थे। उन्होंने कहा कि 'हमारे विचार संस्कृत में होने चाहिए, हमारा व्यवहार संस्कृत में होना चाहिए, हमारी बातचीत संस्कृत में होनी चाहिए और हमारा आचरण संस्कृत में होना चाहिए' अपने ओजस्वी भाषण से उन्होने सभी को प्रेरित किया।

शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायकाचार्य डॉ. लक्ष्मी नारायण ने सुन्दर ढंग से मंच संचालन किया। वेदांत विभाग के डॉ. जी.एन्. श्रीकर महोदय ने अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात् साहित्य विभाग की सहायकाचार्या डॉ. मंजुठेमदेव चन्ने ने प्रतिवेदन पढा। इस समापन समारोह में सुश्री तनुश्री सिन्हा ने धन्यवाद रूपी पुष्प अर्पित किये। साथ ही कुछ प्रशिक्षुओं ने अपने अनुभव साझा किये। इस प्रकार कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

अमृतमहोत्सव-ज्योतिषव्याख्यानमाला

समापन समारोह (दिनांक-20-08-2022)

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, अगरतला में 'आजादी के अमृत महोत्सव' के शुभावसर पर ज्योतिष विभाग द्वारा 'वर्तमान परिप्रेक्ष्ये वास्तुशास्त्रम्' इस विषय पर शनिवार दिनांक-20.08.2022 को अपराह्न 03:00 बजे अमृतमहोत्सव-ज्योतिषव्याख्यानमाला का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें श्रीलालबहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के वास्तुशास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉ. अशोक थपलियाल जी मुख्यवक्ता के रूप में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि के रूप में उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी उपस्थित थे तथा संरक्षक के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के आदरणीय कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी महोदय एवं कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमारसेनापति महोदय विराजमान थे। एकलव्य परिसर के ज्योतिष-विभाग के सहायक आचार्य श्री रजतगौतम ने मञ्च का संचालन किया। परिसर के छात्र श्री सौरभ जोशी ने मंगलाचरण एवं एकलव्य परिसर के ज्योतिष विभागाध्यक्ष डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। ज्योतिष विभाग के सहायक आचार्य डॉ. यज्ञदत्त शर्मा ने व्याख्यानमाला का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसके बाद डॉ. अशोक थपलियाल महोदय ने अपने वैदुष्यपूर्ण व्याख्यान से सभी को लाभान्वित किया। उनके व्याख्यानों से सभी विद्यार्थी

एवं शोधार्थी प्रभावित हुए। 'गूगल मीट' के माध्यम से आयोजित इस व्याख्यान शृंखला में बंगाल, उड़ीसा, दिल्ली, त्रिपुरा और आंध्र प्रदेश, तथा पूर्वोत्तर राज्यों से लगभग 152 विद्वानों व छात्रों ने पंजीकरण कराया। मुख्यवक्ता के व्याख्यान के बाद प्रो. देवीप्रसाद त्रिपाठी जी के मुख्यातिथि भाषण से सभी लोग उपकृत हुए। उसके बाद परिसर निदेशक प्रो. सुकांत कुमार सेनापति ने अध्यक्षीय भाषण दिया। इसके बाद ज्योतिष विभाग के सहायक आचार्य डॉ. यज्ञदत्त ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अन्त में शान्ति मन्त्र के साथ सभा सम्पन्न हुई।

हिन्दी पखवाड़ा (दिनांक-01.09.2022 से 14.09.2022 तक)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, अगरतला में प्रति वर्ष की भाँति विश्वविद्यालय के वार्षिक पंचांग के अनुसार तथा कार्यालय आदेश संख्या 109 के आदेशानुसार 'हिन्दी पखवाड़ा समिति' का गठन किया गया। जिसमें समन्वयक प्रो. प्रभात कुमार महापात्र, संयोजक डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्र, सह संयोजक डॉ. विचित्र रंजन पण्डा, सदस्य रूप में डॉ. अनूप विश्वास, डॉ. सम्बित महापात्र, डॉ. इतिश्री महापात्रा, डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी, डॉ. बलवीर सिंह, श्रीमती पारवीन देवबर्मा आदि नियुक्त किए गए तथा परिसर निदेशक के निर्देशानुसार दिनांक-01.09.2022 को हिन्दी पखवाड़ा का उद्घाटन समारोह किया गया। जिसमें मंगलाचरण डॉ. विचित्र रंजन पण्डा जी ने किया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में त्रिपुरा विश्वविद्यालय के राजभाषा के सहायक निदेशक, डॉ. मुनीन्द्र मिश्र जी थे। जिन्होंने हिन्दी को जन-सम्पर्क भाषा बताया और कहा कि 'हिन्दी को राष्ट्रभाषा बनना चाहिए'। अध्यक्षीय उद्बोधन परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति जी ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. प्रभात कुमार महापात्र जी ने हिन्दी को जन-जन की भाषा कहा। अतिथियों का स्वागत हिन्दी के सहायक आचार्य डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्र जी, धन्यवाद ज्ञापन डॉ. बलवीर सिंह जी, संचालन डॉ. प्रदीप कुमार द्विवेदी जी ने किया।

दिनांक-06.09.2022 को ऑनलाइन माध्यम से विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें प्रो.दिनेश कुमार चौबे (हिंदी विभाग, पूर्वोत्तर पर्वतीय विश्वविद्यालय शिलांग) ने 'पूर्वोत्तर भारत में राज भाषा की स्थिति एवं चुनौतियाँ' इस विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने हिन्दी को वैज्ञानिक भाषा, जनभाषा, सम्पर्क भाषा और जनता की भाषा कहा। अध्यक्षीय उद्बोधन परिसर निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति जी ने किया।

दिनांक-07.09.2022 को कार्यालयीय कर्मचारियों के लिए पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार एवं विज्ञापन हेतु सम्पादकीय' था। इस विषय पर प्रतिभागियों ने सोत्साह भाग लिया। जिसमें विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार राशि दी गयी। इसमें प्रथम पुरस्कार मणिका दास, द्वितीय पुरस्कार पापड़ी दास, तृतीय पुरस्कार सत्या ग्वाला ने प्राप्त किया।

दिनांक-11.09.2022 को ऑनलाइन माध्यम से समय सुबह 11:00 बजे भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका विषय था- 'जनसम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी की स्थिति एवं महत्व'। इस विषय पर प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार रितिक राज, द्वितीय पुरस्कार दिपाली पौड्याल, तृतीय पुरस्कार दीपंकर देवनाथ, निवेदिता आचार्जी, शाम्भवी बराल को प्रदान किया गया।

दिनांक-11.09.2022 को ऑनलाइन माध्यम से अपराह्न 02:30 बजे निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें निर्धारित विषय 'वर्तमान समय में मित्रता का महत्व' पर प्रतिभागियों ने निबन्ध के रूप में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार निशा देवी, द्वितीय पुरस्कार ॠतिक राज, तृतीय पुरस्कार उदयन सरकार को प्रदान किया गया।

दिनांक-14.09.2022 को सम्पूर्ति समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में हिन्दी हायर सेकेण्डरी स्कूल, अगरतला के प्रधानाचार्य श्री विपिन कुमार जी उपस्थित थे। उन्होंने हिन्दी को जनमानस की भाषा कहा और हिन्दी भाषा में लिखने वाले कई कवियों का नाम लिए। इस कार्यक्रम में मंगलाचरण डॉ. अनूप विश्वास, स्वागत उद्बोधन प्रो. प्रभात कुमार महापात्र और पूरे हिन्दी पखवाडे का प्रतिवेदन डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्र ने, तथा पुरस्कार वितरण मञ्चासीन अतिथियों द्वारा किया गया, अध्यक्षीय उद्बोधन में परिसर निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति जी ने कहा कि 'हिन्दी एक ऐसी भाषा है, जो पूरे भारत वर्ष के विचारों का आदान प्रदान करती है और यह एक वैज्ञानिक भाषा है, जो पूरे भारतवर्ष को एक सूत्र में बाँधने की क्षमता रखती है'। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. सम्बित महापात्र जी ने प्रस्तुत किया और शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

शिक्षकदिवस (दिनांक 05.09.2022 से 09.09.2022)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर द्वारा दिनांक 05.09.2022 से 09.09.2022 तक पञ्चदिनात्मक 'शिक्षकदिवस पर्व' मनाया गया। जिसमें पहले दिन (05.09.2022) को परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति की अध्यक्षता में 'शिक्षक-दिवस' का आचरण किया गया। उन्होने अपने अध्यक्षीय उद्‍बोधन में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन् जी के जीवनचरित्र को सबके सामने प्रस्तुत किया और इस समय समाज में आचार्यों का क्या दायित्व होना चाहिए, इस विषय में भी उन्होंने सभी को मार्गदर्शित किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में साहित्य विभाग के पूर्व-अध्यक्ष प्रो. सचिदानन्द तिवारी जी थे। इन्होंने ऑनलाइन माध्यम से 'मुख्यातिथि' पद को अलंकृत किया। उनके द्वारा अपने भाषण में परिसर के विकासक्रम को सबके सामने प्रस्तुत किया गया और शिक्षक दिवस के महत्व को प्रतिपादित किया गया।

इस कार्यक्रम में ज्योतिष विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो प्रभात, कुमार महापात्र जी सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने भाषण में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जीवनी, व्यक्तिगत जीवन, राजनीतिक जीवन आदि के बारे में बताया। साथ ही बौद्धदर्शन विभाग के अध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार चौबे ने सारस्वत-अतिथि के रूप में सभा की शोभा बढ़ाई। अपने भाषण में उन्होंने शिक्षक दिवस के महत्व का प्रतिपादन किया।

कार्यक्रम की शुरूआत दीपप्रज्वालन, सरस्वती वन्दना एवं मंगलाचरण से हुई। शिक्षाविभाग के सहायक आचार्य डॉ. अनूप विश्वास ने अतिथि-स्वागत-भाषण किया। वेदान्त विभाग के अतिथि व्याख्याता डॉ. पलाश सान्तरा ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस प्रकार सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन शिक्षा विभाग के सहायक-प्राध्यापक एवं शिक्षकपर्व के संयोजक श्री नन्ददुलाल द्वारा किया गया।

दूसरे दिन (06-09-2022) सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने परिसर में प्रोजेक्टर के माध्यम से शैक्षणिक विषय पर फिल्म 'मैडम गीतारानी' को निदेशक की उपस्थिति में देखा। इससे सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को प्रेरणा मिली। इस फिल्म के माध्यम से हमने सीखा कि एक शिक्षक कैसे समाज को बदल सकता है। विद्यार्थियों ने सीखा कि शिक्षकों पर श्रद्धा व विश्वास रखने से ही सर्वविध उन्नति संभव है।

कार्यक्रम के तीसरे दिन (07.09.2022) को 'परस्पर गुणानुकीर्तनम्' कार्यक्रम आयोजित किया गया, इस विशिष्ट कार्यक्रम में परिसर के सभी प्राध्यापक ने एक दूसरे के गुणों की प्रशंसा निदेशक महोदय की अध्यक्षता में की। लॉटरी के माध्यम से किसी एक आचार्य के नाम का चयन करके दूसरे आचार्य ने उनके गुणों की प्रशंसा की। इस प्रकार सभी आचार्यों ने एक दूसरे के गुणों की प्रशंसा की। अंत में अध्यक्षीय भाषण से 'परस्पर गुणकीर्तनम्' नामक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

चौथे दिन दिनांक-08.09.2022 को 'छात्रवत्सलगुरु:' इस विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विषय पर कैम्पस के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों की कुल संख्या (14) चौदह थी। प्रथम पुरस्कार शिक्षाशास्त्र विभाग के द्वितीय वर्ष के छात्र पिंकुकलिता को, द्वितीय पुरस्कार धरणी शर्मा को और तृतीय पुरस्कार देवस्मिता पाडी को मिला।

दिनांक-09.09.2022 को शिक्षकदिवस के समापन कार्यक्रम पर स्थानीय शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थानीय विद्यालय 'बोधजंग हाई स्कूल', अगरतला के पीजीटी संस्कृत शिक्षिका श्रीमती देवी साह मुख्य अतिथि पद को और परिसर के निदेशक प्रोफेसर सुकांत कुमार सेनापति अध्यक्ष पद को सुशोभित किये। परिसर के निदेशक जी ने अतिथियों को उत्तरीय, श्रीफल, पुष्प एवं स्मृति चिह्न से सम्मानित किया। इस प्रकार अध्यक्षीय भाषण में उपनिषद्-प्रसंगों के दृष्टांत के माध्यम से सभी को अतिथियों का आतिथ्य-सत्कार करने के लिए प्रोत्साहित किया।

अपने मुख्य अतिथि भाषण में पीजीटी संस्कृत शिक्षिका श्रीमती देवी साह ने संस्कृत को बढ़ावा देने पर जोर दिया तथा उन्होंने विश्वविद्यालय, परिसर को इस आतिथ्य के लिये धन्यवाद दिया। मुख्य अतिथि भाषण के बाद अध्यक्ष एवं मुख्य अतिथि की उपस्थिति में प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किये गये।

इस कार्यक्रम में साहित्य विभाग के सहायक आचार्य डॉ. जितेन्द्र तिवारी ने अतिथियों का स्वागत किया, 'शिक्षक-दिवस' का प्रतिवेदन शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायक आचार्य डॉ. नंददुलाल मंडल ने प्रस्तुत किया। धर्मशास्त्र विभाग की आचार्या डॉ. इतिश्री महापात्र ने धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षक महोत्सव के समापन सत्र का संचालन ज्योतिष विभाग के सहायक आचार्य डॉ. यज्ञदत्त शर्मा ने किया।

स्वच्छता अभियान (19.10.2022)

भारत सरकार के राष्ट्रीय सेवा योजना शाखा के मुख्यालय के निर्देशानुसार दिनांक-19.10.2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के एकलव्य परिसर के एन्.एस्.एस्. विभाग ने परिसर और स्थानीय ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता पर एक व्यापक अभियान चलाया गया तथा स्वच्छता के महत्व के विषय में एक व्याख्यान भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिपाई पारा गांव की सरपंच श्रीमती सुखिनी देववर्मा जी ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा उन्होंने स्वच्छता की आवश्यकता के बारे में सभी को अवगत कराया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर के निदेशक प्रो. सुकांत कुमार सेनापति जी ने की। उन्होंने छात्रों को स्वच्छता के साथ-साथ प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे से भी अवगत कराया तथा प्लास्टिक का उपयोग ना करने का अनुरोध किया। तथा उन्होंने एन्.एस्.एस्. के कार्य को प्रोत्साहित किया।

उसी दिन सायं चार बजे एकलव्य परिसर के एन्.एस्. एस्. स्वयंसेवकों ने परिसर की सफाई में भाग लिया। तथा एकलव्य परिसर से सिपाई पाड़ा ग्राम तक रास्ते की सफाई की तथा रस्तों में पडा प्लास्टिक एकत्र किया। बौद्ध दर्शन विभाग के सहायक आचार्य डॉ. उत्तम सिंह ने स्वागत भाषण दिया तथा ज्योतिष विभाग के सहायक आचार्य डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्रा ने सभी अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। बैठक का संचालन परिसर के एन्.एस्.एस्. समन्वयक डॉ. नन्ददुलाल मंडल ने किया।

राष्ट्रीय एकता दिवस (27.10.2022-31.10.2022)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के एकलव्य परिसर में राष्ट्रिय सेवा योजना इकाई की ओर से सरदार वल्लभाई पटेल जी के जन्म जयन्ती (राष्ट्रीय एकता दिवस) पर दिनांक-27. 10.2022 से 31.10.2022 तक परिपालित किया गया। इस कार्यक्रम में दिनांक- 27.10.2022 को परिसर के प्राध्यापकों तथा राष्ट्रिय सेवा योजना के कार्यकर्ताओं ने सोत्साह भाग ग्रहणकर परिसर की स्वच्छता की तथा इसमें कुल 47 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

दिनांक-28.10.2022 को प्रातः 11:00 बजे एकता मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने परिसर प्रांगण से पुलिस स्टेशन तक दौड लगायी। जिसमें लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग ग्रहण किया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति जी तथा मुख्यातिथि के रूप में लेम्बुछरा Police Station के मुख्याधिकारी श्री काजल देवनाथ जी थे। मुख्याधिकारी श्री काजल देवनाथ ने सभी प्रातिभागियों को प्रोत्साहित किया।

उसी दिन दिनांक-28.10.2022 को सायं 03:00 बजे राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में छात्रों की प्रतिभा प्रदर्शन हेतु 'राष्ट्रीय एकीकरण में सरदार पटेल जी का योगदान' इस विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में बौद्धदर्शन विभाग के सहायकाचार्य डॉ. उत्तम सिंह जी, धर्मशास्त्र विभाग की सहायकाचार्या डॉ. इतिश्री महापात्र जी एवं साहित्य विभाग के सहायकाचार्य डॉ. जितेन्द्र तिवारी जी थे। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

दिनांक-29.10.2022 को 'आधुनिक भारत में सरदार पटेल जी का योगदान' इति विषय में निबन्धलेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें छात्रों ने सानन्द भाग ग्रहण किया।

राष्ट्रीय एकता समारोह का समापन कार्यक्रम दिनांक-31. 10.2022 आयोजित किया गया जिसमें एक विशिष्ट व्याख्यान रखा गया था। जहां सभाध्यक्ष के रूप में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति जी उपस्थित थे। उन्होने अध्यक्षीय भाषण में राष्ट्र की एकता में सरदार पटेल जी का योगदान विषय पर छात्रों को सम्बोधित किया। मुख्यातिथि के रूप में त्रिपुरा केन्द्रीय विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयोजक डॉ. राजेश चटर्जी जी थे, उन्होने अपने भाषण के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में नवयुवकों का दायित्व विषय के बारे में अभिप्रेरित किया तथा सरदार पटेल जी की सेवा भावना के स्वरूप का प्रतिपादन किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में केन्द्रीय विद्यालय संगठन, एन.आई.टी., अगरतला के प्राचार्य श्री सन्दीप कुमार जी उपस्थित थे। उन्होंने राष्ट्र की एकता के लिये भिन्न-भिन्न स्वतन्त्र राज्यों को भारत में विलय कैसे हुआ इस विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिससे सभी विद्यार्थी अत्यन्त लाभान्वित हुए। इस कार्यक्रम में कुल 170 प्रतिभागियों ने भाग ग्रहण किए।

सम्पूर्ण कार्यक्रम का सञ्चालन एकलव्य परिसर के सहायकाचार्य डॉ. नन्ददुलाल मण्डल जी व समन्वयक ज्योतिषविभाग के सहायकाचार्य व संयोजक डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्रा एवं सह-संयोजक वेदान्त विभाग के सहायकाचार्य डॉ. पलाश सांतरा के निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

सतर्कता-जागरूकता-सप्ताहकार्यक्रम (03.11.2022)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, अगरतला द्वारा दिनांक- 03.11.2022 गुरुवार को परिसर निदेशक प्रो. सुकान्तकुमार सेनापति जी की अध्यक्ष्यता में विशिष्ट व्यख्यान कार्यक्रम अनुष्ठित हुआ। इस कार्यक्रम में त्रिपुरा राज्य के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री सौरभत्रिपाठी जी ने मुख्यतिथि के रूपमें उपस्थित होकर सभा को सम्बोधित किया। प्रो. सुकान्तकुमार सेनापति जी ने आध्यक्षीय भाषण के द्वारा सभी को मार्गदर्शन प्रादान किया। बोद्धदर्शन के विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेशकुमार चौबेजी ने स्वागत भाषण तथा कार्यक्रम के अन्त में शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष तथा कार्यक्रम के संयोजक डॉ. बि. पद्ममित्रश्रीनिवास जी ने आगन्तुक अतिथिओं का धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा का सञ्चालन आधुनिक विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुमन आचार्यजी ने किया। इस कार्यक्रम में परिसर के सभी प्राध्यापक, छात्र एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्ण योगदान दिया।

दिनांक- 07.11.2022 को सतर्कता-जागरुकता-सप्ताह के अन्तर्गत परिसर के सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों तथा छात्रों ने सतर्कता की प्रतिज्ञा ली।

दस दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम
(07.11.2022 से 18.11.2022)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर के विद्यार्थियों के हेतु दिनांक-07-11-2022 से 18-11-2022 तक दस दिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्घाटन दिनांक 07-11-2022 को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, दिल्ली के मुख्यालय में माननीय कुलपति प्रो. श्रीनिवास वरखेड़ी महोदय जी द्वारा किया गया। तदुपरान्त एकलव्य परिसर में छात्रों के लिए प्रतिदिन योगाभ्यास कार्यक्रम सुबह 07:00 बजे डॉ. राजीव घोष और डॉ. पलाश संतरा के मार्गदर्शन में शुरू किया गया। इस कार्यक्रम के संयोजक ज्योतिष शाखा के प्रमुख प्रो प्रभात कुमार महापात्र थे।

दिनांक-10-11-2022 को अपराह्न 03:00 बजे एकलव्य परिसर स्थित बहुउद्देश्यीय सभागार में कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहां परिसर के विद्यार्थियों द्वारा मंगल अनुष्ठान किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण ज्योतिष विद्या शाखा के प्राध्यापक श्री रजत गौतम छेत्री ने किया। प्रास्ताविक भाषण ज्योतिर्विद्याशाखा के प्रमुख प्रो. प्रभात कुमार महापात्रा ने दिया। 'नगर परिचय' डॉ. वीणापाणि चन्दा द्वारा किया गया। 'कैम्पस परिचय' बौद्धदर्शन विद्याशाखा के प्रमुख प्रो. अवधेश कुमार चौबे जी द्वारा किया गया। कुलगीत का परिचय ज्योतिर्विद्याशाखा के संयोजक डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्रा जी द्वारा तथा धन्यवाद श्री बलवीर सिंह द्वारा व्यक्त किया गया। मंच संचालन डॉ. यज्ञदत्त ने किया। अन्त में शांति मंत्र के साथ सभा सम्पन्न हुई।

दिनांक-11.11.2022 को अपराह्न 03:00 बजे परिसर में विद्यमान 'विभागों एवं विधाओं का परिचय' विषय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां परिसर के विद्यार्थियों द्वारा मंगलाचरण किया गया। तथा स्वागत भाषण डॉ. उत्तम सिंह द्वारा किया गया। आधुनिक विभाग का परिचय हिन्दी के प्राध्यापक डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्र ने दिया। डॉ. श्रीकर जी.एन ने अद्वैत वेदांत विभाग का, बौद्ध दर्शन का परिचय प्रो.अवधेश कुमार चौबे ने, डॉ. गणेश्वरनाथ झा ने व्याकरण विभाग का, साहित्य विभाग का डॉ. पवन कुमार ने, धर्मशास्त्र का डॉ. मनोज कुमार साहू ने, डॉ. पद्ममित्र श्रीनिवास ने परिचय दिया। प्रो. प्रभात कुमार महापात्र ने ज्योतिष शास्त्र विभाग का परिचय दिया तथा सभी का कृतज्ञता ज्ञापन डॉ. बलवीर सिंह ने किया। मंच संचालन डॉ. श्री यज्ञदत्त ने किया था। अन्त में शांति मंत्र के साथ सभा का समापन हुआ।

दिनांक-14.11.2022 को सायं 03:00 बजे परिसरीय छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें स्वागत भाषण डॉ. श्री अनूप विश्वास द्वारा किया गया। डॉ. शिवराम कृष्ण सिंह ने परिसर में उपलब्ध विभिन्न संसाधनों का परिचय कराया। 'सम्भाषण संस्कृत-कार्यशाला' इस विषय पर डॉ. श्री बलवीर सिंह ने अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. सुमन आचार्य ने 'सरल अंग्रेजी कार्यशाला' विषय पर व्याख्या दिया। श्रीमती पारवीन देववर्मा ने 'डिजिटल इण्डिया' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कृतज्ञता ज्ञापन डॉ. सौम्य ज्योति साहा जी ने किया तथा मंच संचालन श्री रजत गौतम छेत्री ने किया। अन्त में शांति मंत्र के साथ सभा संपन्न हुई।

दिनांक-15.11.2022 को अपराह्न 03:00 बजे परिसर के छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें स्वागत भाषण डॉ. जितेन्द्र तिवारी द्वारा किया गया। इस दिन परिसर के निदेशक प्रो. सुकांत कुमार सेनापति जी ने Lecture on carrier in Sanskrit इस विषय पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। Information of NSS के विषय में डॉ. नंददुलाल मंडल ने परिचय कराया। Lecture on Importance of Library इस विषय पर श्रीमती पापड़ी दास ने अपने विचार व्यक्त किये। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रकाश चन्द्र यादव ने दिया। मंच का संचालन डॉ. बलवीर सिंह ने किया तथा अन्त में शांति मंत्र के साथ सभा संपन्न हुयी।

दिनांक-16.11.2022 को परिसरीय छात्र-छात्राओं द्वारा अपराह्न 03:00 बजे कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिसमें स्वागत भाषण डॉ. मञ्जु ठेमदेव चन्ने के द्वारा किया गया। 'Special Lecture on Wikipedia' इस विषय पर विशेष व्याख्यान श्री दीपज्योति भौमिक द्वारा दिया गया। 'Lecture on creativeArt and Culture' पर डॉ. पलाश सांतरा ने अपने विचार प्रस्तुत किये। 'स्वच्छता एवं संस्कृति' इस संबंध में डॉ. इतिश्री महापात्रा ने अपना उद्‌बोधन दिया। डॉ. नंददुलाल मंडल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन तथा मंच संचालन डॉ. यज्ञदत्त ने किया था। शांति मंत्र के साथ सभा का समापन हुआ।

दिनांक-17.11.2022 को कार्यक्रम के प्रारम्भ में मंगलाचरण डॉ. प्रकाश चन्द्र यादव ने किया। स्वागत भाषण डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्र जी द्वारा किया गया। डॉ. राजीव घोष ने परिसर में पाठ्येतर गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। योग का परिचय डॉ. पलाश संतरा ने दिया। धन्यवाद भाषण डॉ. बलवीर सिंह एवं मंच संचालन श्री रजत गौतम छेत्री ने किया। अन्त में शांतिमंत्र के साथ सभा संपन्न हुई।

'दसदिवसीय दीक्षारम्भ कार्यक्रम' का समापन दिनांक-18.11.2022 को अपराह्न 03:00 बजे आयोजित किया गया। उसमें डॉ. जितेंद्र तिवारी ने मंगलाचरण किया। डॉ. बलवीर ने स्वागत भाषण दिया। तथा 'अपनी विचारधारा को जानें' इस विषय पर विशेष व्याख्यान डॉ. पद्ममित्र श्रीनिवास द्वारा प्रस्तुत किया गया। डॉ. विचित्ररंजन पण्डा ने नवीन पाठ्यक्रमों/कार्यक्रमों के परिचय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ. पलाश संतारा ने 'ललित कला एवं व्यक्तित्व विकास' पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में मत्स्यकीय महाविद्यालय के सहाचार्य डॉ. अनिल दत्त उपाध्याय जी उपस्थित थे। उन्होने अपने विचार छात्रों के साथ सांझा किये उनके भाषण से सभी अत्यन्त लाभान्वित हुए। अध्यक्षीय भाषण प्रो. प्रभात कुमार महापात्रा जी ने दिया। धन्यवाद ज्ञापन श्री रजत गौतम छेत्री ने तथा मंच संचालन डॉ. श्री यज्ञदत्त शर्मा द्वारा किया गया। सभा का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ।

सप्तदिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला

(14.11.2022 से 20.11.2022)

एकलव्य परिसर में शिक्षक विकास कौशल केंद्र द्वारा Moocs & E-learning विषय पर सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला दिनांक- 14.11.2022 से 20.11.2022 तक आयोजित की गई, इस कार्यशाला में 27 प्राध्यापकों ने भाग लिया। तथा कार्यशाला में विभिन्न संस्थानों के विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रारंभ के दो दिन विषय विशेषज्ञ के रूप में डॉ. गोपीकृष्णन रेघु, सहायक आचार्य, रामकृष्ण मिशन, विवेकानन्द शैक्षिक एवं अनुसंधान संस्थान, वेलूरमठ ने सभी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया। दिनांक-16.11.2022 तथा17.11.2022 को डॉ.मंथा श्रीनिवासु, परियोजना अधिकारी, केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली ने 'पाठ्यक्रम विकास में कंप्यूटर का उपयोग' विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में 18.11.2022 को आई.टी, त्रिपुरा सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विभागाध्यक्ष स्वनिभर मजूमदार ने सभी प्रशिक्षकों को Moocs के सन्दर्भ में प्रशिक्षित किया। दिनांक-19.11.2022 कोश्री अभिजीत देवनाथ तकनीक और अनुसंधान सहायक, नेशनल फोरेंसिक साइंस यूनिवर्सिटी ने बेसिक ऑफ कंप्यूटर, एमएस ऑफिस और बेसिक प्रोग्रामिंग लैंग्वेज पर व्याख्यान दिया। कार्यशाला के अंतिम दिन दिनांक-20.11.2022 को श्री संदीप कुमार, प्राचार्य, के.वी.एस., एन.आई.टी, अगरतला ने सभी को वेव डिजाइनिंग विषय पर प्रायोगिक प्रशिक्षण प्रदान किया। कार्यशाला का समापन दिनांक-20.11.2022 को सायं 4:00 बजे आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता परिसर निदेशक प्रो. एस.के. सेनापति जी ने की। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि परिसर हमेशा शिक्षकों के विकास के लिए ऐसी कार्यशालाओं के आयोजन के लिए समर्पित रहा है और आगे भी रहेगा ऐसी मेरी आशा है। इस सप्त दिवसीय कार्यशाला के समन्वयक प्रो. प्रभात कुमार महापात्र, विभागाध्यक्ष, ज्योतिष शाखा, संयोजक डॉ. सुमन आचार्जी, सहायक आचार्य, अंग्रेजी, तथा सह-संयोजक डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्रा, सहायक आचार्य, ज्योतिष शाखा थे।

जनजातीय गौरव-दिवस (15.11.2022)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के एकलव्य परिसर में दिनांक-15.11.2022 को जनजातीय गौरव दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कमालपुर राजकीय महाविद्यालय की सहायकाचार्या डॉ. अष्टमिका सिन्हा जी थीं। मुख्य वक्ता के रूप में गंडाचारा कॉलेज सहायक आचार्य डॉ. निर्मल्य कर्माकर जी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एकलव्य परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति जी ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. निर्मल्य कर्माकर ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर 'विरसामुंडा' के जीवन का परिचय, तथा आदि से लेकर अंत तक के कष्टमय जीवन पर अपने विचार प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि डॉ. अष्टमिका ने भी आदिवासी दिवस पर विद्यार्थियों से अपने विचार साझा किये। अपने अध्यक्षीय भाषण में परिसर निदेशक प्रो. सुकांत कुमार सेनापति जी ने भी आदिवासी सम्बन्धों पर अपने अमूल्य विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की संयोजिका संगणक विभाग की अध्यापिका श्रीमती पारभिनदेव वर्मा ने भी आदिवासी मुद्दों पर अपने विचार व्यक्त किये। इसी प्रकार परिसर के विद्यार्थियों ने भी जनजातीय गौरव दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किये। उनमें शास्त्री द्वितीय वर्ष के छात्र प्रकाश, उदयन सरकार आदि थे। कार्यक्रम के समन्वयक प्रो. प्रभात कुमार महापात्र भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन साहित्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. बलवीर सिंह ने किया। साहित्य विभाग के प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र तिवारी ने अतिथियों का स्वागत तथा श्री रजत गौतम छेत्री ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

गीताजयन्तीमहोत्सव

(दिनांक- 27 नवम्बर से 03 दिसम्बर तक)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, अगरतला के द्वारा गीताजयन्ती के उपलक्ष्य में दिनांक-27 नवम्बर से 03 दिसम्बर 2022 तक सप्तदिवसात्मिका गीताजयन्ती महोत्सव का आयोजन किया गया। दिनांक-27 नवम्बर 2022 को प्रातः 10:30 बजे परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति जी के कर कमलों से श्रीकृष्णार्चन के द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। तदनन्तर परिसरीय अध्यापकों तथा छात्रों ने मिलकर श्रीमद्भगवद्गीता के प्रथम-द्वितीय व तृतीय अध्यायों का पारायण किया। महोत्सव के द्वितीय दिन परिसरीय अध्यापकों व छात्रों ने मिलकर चतुर्थ से षष्ठ अध्याय तक पारायण किया। इस प्रकार तीसरे दिन भी परिसरीय अध्यापकों और छात्रों ने मिलकर श्रीमद्भगवद्गीता के सप्तम से नवम अध्याय तक पारायण किया। कार्यक्रम के चौथे दिन दशमाध्याय से द्वादशाध्याय तक, पांचवें दिन त्रयोदश से पञ्चदश अध्याय तक एवं छठवें दिन सोलहवें और सत्रहवें अध्याय कापारायण हुआ। कार्यक्रम के समापन दिवस में श्रीमद्भगवद्गीता के अठारहवें अध्याय का पारायण हुआ। तत्पश्चात् कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रो. प्रभात कुमार महापात्र जी ने सभी को उद्बोधित किया उन्होने अपने उद्बोधन में कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता हमें कर्तव्य निर्देश करती है अतः सभी को प्रतिदिन गीतापारायण करना चाहिए। अन्त में ज्योतिषविभाग के प्राध्यापक डॉ. ब्रह्मानन्द मिश्रा जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ. जितेन्द्र तिवारी जी ने किया।

स्थानान्तरण

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर के अनुभाग अधिकारी श्री सुरेंद्र कुमार महापात्रा जी को श्री सदाशिव परिसर, उडीसा में स्थानांतरित कर दिया गया। जिनका सौप्रस्थानिक कार्यक्रम दिनांक-01.12.2022 को परिसर के शैक्षणिक भवन में संपन्न हुआ। इसके बाद डॉ. मनोज श्रीमाल जो ज्योतिष विभाग में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत थे, को हिमाचल प्रदेश स्थित वेदव्यास परिसर में स्थानांतरित कर दिया गया। इसी प्रकार व्याकरण विभाग के अतिथि प्राध्यापक डॉ. प्रकाश चंद यादव को श्रीरणवीर परिसर, जम्मू में स्थानांतरित कर दिया गया।

संस्कृत संभाषण वर्ग (3.12.2022 से 20.01.2023)

केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, एकलव्य परिसर, शिक्षाशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक-13.12.2022 से 20.01.2023 तक अपराह्न 3:00 से 4:30 बजे तक शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए संस्कृत संभाषण वर्ग का आयोजन किया गया। कक्षा का संचालन विभागीय प्राध्यापक डॉ. बी.वी. लक्ष्मीनारायण एवं डॉ. विचित्ररंजन पण्डा ने किया। इस सम्भाषण कक्षा में शिक्षाशास्त्री प्रथम वर्ष के शैक्षणिक (55 छात्रों) ने भाग लिया।

दिनांक-20.01.2023 को इस संस्कृत संभाषण वर्ग का समापन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में एकलव्य परिसर के निदेशक प्रो. सुकान्त कुमार सेनापति थे। शिक्षाशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.बी. पद्ममित्र श्रीनिवास एवं विभाग के अन्य सभी प्राध्यापक उपस्थित थे। इस समापन सामारोह कार्यक्रम में छात्रों ने सरल

संस्कृत भाषा में अपना कक्षा अनुभव, संस्कृत गीत तथा सरल संस्कृत में लघु नाटक आदि का प्रदर्शन किया।

पूर्वोत्तर-राज्यस्तरीय-शास्त्रीय प्रतियोगिता

(8-9 दिसम्बर 2022)

